रांची

मंगलवार

29.11.2022

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 06

विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**

आप अपने को जैसा सोचेंगे, आप वैसे ही बन जायेंगे। यदि आप स्वयं को कमजोर मानते हैं तो आप कमजोर ही होंगे। और यदि आप स्वयं को मजबूत सोचते हैं तो आप मजबूत हो जायेंगे।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-293 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## न्यूज गैलरी

### निर्माणाधीन खेल योजनाओं का निरीक्षण करने पहुंची निदेशक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशक सरोजनी लकड़ा बोकारो के खेल से जुड़ी निर्माणधीन आधारभूत संरचनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चंदनकियारी के आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र और डे बोर्डिंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र को लेकर आवासन स्थल, भोजन व्यवस्था, खेल उपकरण एवं मैदान के बारे में विस्तृत जानकारी ली। चंदनकियारी में निर्माणाधीन एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक एवं फुटबॉल मैदान में तकनीकी खामियों को देखकर उन्होंने फटकार भी लगायी और सुधार के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने तीरंदाज खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से भी मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया की जल्द ही खिलाड़ियों को किट और खेल उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। श्रीमति लकड़ा ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने को लेकर विभाग गंभीर है। राज्य में खेल से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से काम किया जा रहा है।

### युवा दंपत्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र के धुरगडगी गांव में सोमवार को एक युवा दंपत्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक दम्पत्ति का नाम 25 वर्षीय संतोष कुमार और 22 वर्षीय सुरभि है। घटना सोमवार दोपहर की है। वहीं, घटना के बाद से आसपास के क्षेत्रों में तरह-तरह की बातें हो रही है। लोग दबी जुबान से घटना के कारणों की चर्चा करते दिखे।

### बिजली संकट पर बाबूलाल ने सरकार पर बोला हमला

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर फिर तीखा हमला बोला है। उन्होने सोशल मीडिया पर लिखा- ये सरकार है या सर्कस? जहां बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी लोग तरस रहे हैं। जब से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी है, लोग बिजली के लिए तरस रहे हैं, पिछले एक महीने से तो बिजली का हाल ऐसा है कि कल कारखाने बंद होने के कगार पर हैं, रोजगार देने का वादा करनेवाली सरकार अब लोगों की रोटी-रोजी छीनने में लगी है। श्री मरांडी ने कहा कि अब क्या राज्य में बिजली आपूर्ति का जिम्मा भी कोई और उठायेगा या बिजली क्यों नहीं मिल रही इसकी जांच भी जांच एजेंसियां करेगी? मुख्यमंत्री जी बहानेबाजी छोड़ कर अपनी जिम्मेवारी निभाइए, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करिये।

# उत्पाद राजस्व संग्रहण में वृद्धि सुनिश्चित करें : सीएम

## मुख्यमंत्री ने की उत्पाद राजस्व संग्रहण की समीक्षा, दुकान संचालक एजेंसी को कार्यशैली सुधारने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड मंत्रालय में नयी उत्पाद नीति के तहत राजस्व संग्रहण एवं इसकी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य सचिव, उत्पाद सचिव, आयुक्त उत्पाद, विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं खुदरा उत्पाद दुकानों के मानव प्रदाता एजेंसी के निदेशक तथा राज्य अंतर्गत कार्यरत थोक विक्रेता उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्पाद दुकान संचालकों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों का बकाया वेतन भुगतान अविलंब करें। मैन पावर सप्लाई एजेंसी यह सुनिश्चित करे कि खुदरा उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों का वेतन बकाया न रहे। मुख्यमंत्री ने उत्पाद दुकान संचालकों से कहा कि अगले 15 दिनों के भीतर कार्यशैली में सुधार लायें अन्यथा राज्य सरकार की ओर से कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद राजस्व संग्रहण घटने की क्या वजह है, इसके मुख्य बिंदुओं पर जल्द से जल्द सुधार की जाये। उत्पाद राजस्व संग्रहण का जो वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे अगले चार महीनों के भीतर हर हाल में पूरा करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड में नयी शराब नीति बनायी गयी है। नयी नीति का उद्देश्य राजस्व में वृद्धि करना है। राजस्व वृद्धि में कमी के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने मानव प्रदाता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### लक्ष्य के विरुद्ध 68 प्रतिशत जमा हुआ राजस्व

**बैठक** में उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 तक के माह नवम्बर तक के कुल लक्ष्य 1600 करोड़ रुपये के विरुद्ध राज्य कोषागार में 1084 करोड़ रुपये ही जमा हुए हैं, जो कि माह नवम्बर तक के लक्ष्य का लगभग 68 प्रतिशत है। खुदरा उत्पाद दुकानों की सेल फैसिलिटी 73.75 प्रतिशत है। लक्ष्य से कम राजस्व वसूली के संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा पूछे जाने पर विभागीय सचिव ने अवगत कराया कि मानव प्रदाता एजेंसियां निर्धारित बिक्री लक्ष्य के अनुरूप मदिरा की बिक्री नहीं कर पा रही जिस कारण से राजस्व लक्ष्य में कमी परिलक्षित हो रही है।

### राज्य सरकार हरसंभव करेगी सहयोग

**मुख्यमंत्री** ने सभी एजेंसियों को यह भी आश्वस्त किया कि राजस्व संग्रहण से संबंधित किसी भी कार्रवाई में राज्य प्रशासन के द्वारा उन्हें हर प्रकार से सहयोग उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने थोक विक्रेताओं को भी निर्देशित किया कि मांग के अनुरूप सभी वांछित पैक साइज की मदिरा उपलब्ध करायें, ऐसा नहीं करने पर उनके विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मुख्य सचिव ने मानव प्रदाता एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे विक्रेताओं का लंबित वेतन का भुगतान 15 दिसम्बर तक अवश्य कर दें। उन्होंने झारखंड राज्य विबरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को भी निर्देशित किया कि वे तकनीकी आधारभूत संरचना तथा विनिर्माणशालाओं में बूम वैरियर एवं दुकानों में सीसीटीवी अधिष्ठापन की कार्रवाई को शीघ्रता पूर्ण करायें ताकि राजस्व क्षरण का कोई भी बिंदु अणछुआ न रह जाये।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा -

# जबरन मतांतरण है गंभीर मुद्दा सरकार बनायेगी कठोर कानून



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र ने कहा है कि जबरन मतांतरण के खिलाफ कानून बनाने के लिए कदम उठाये जायेंगे। इस मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने जवाब दाखिल किया। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार में निश्चित रूप से किसी व्यक्ति को धोखाधड़ी, धोखे से, जबरदस्ती, प्रलोभन या ऐसे अन्य माध्यमों से परिवर्तित करने का अधिकार शामिल नहीं है। केंद्र सरकार ने जबरन मतांतरण से जुड़ी याचिकाओं पर जवाब दाखिल करते हुए ये जवाब दिया है। केंद्र ने कहा है कि सरकार मुद्दे की गंभीरता से अवगत है। केंद्र ने अपने जवाब में कहा है कि धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार में दूसरे लोगों को मतांतरणरित करने का अधिकार शामिल नहीं है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने भारत के अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि इस अदालत द्वारा निर्धारित सभी तरह के कानून का पालन किया जाये।

### झारखंड समेत कई राज्यों में है धर्मांतरण पर कानून

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि महिलाओं और आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों सहित समाज के कमजोर वर्गों के पोषित अधिकारों की रक्षा के लिए इस तरह के अधिनियम आवश्यक हैं। केंद्र का कहना है कि इस पर अंकुश लगाने के लिए नौ राज्यों ने वर्षों से अधिनियम पारित किये हैं। केंद्र का कहना है कि ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और हरियाणा ऐसे राज्य हैं जहां पहले से ही धर्मांतरण पर कानून है।

कोर्ट की अवमानना का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को सशरीर किया तलब

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में हाई स्कूल के शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित मामले में अवमानना की सुनवाई करते हुए झारखंड के मुख्य सचिव को तलब किया है। कोर्ट ने आगामी दो दिसम्बर को उन्हें सशरीर उपस्थित होकर बताने को कहा है कि झारखंड सरकार ने उसके जजमेंट का उल्लंघन क्यों किया? सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को इस मामले की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया था और इसके साथ ही हाई स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति में यथास्थिति बहाल रखने का आदेश दिया था। बता दें कि झारखंड में शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया वर्ष 2016 से चल रही है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की विज्ञापन संख्या 21/2016 के आलोक में ली गयी परीक्षा के आधार पर जो मेरिट लिस्ट बनी थी, उसे सोनी कुमार और अन्य ने चुनौती दी थी। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने मेरिट लिस्ट रिवाइज करने का फैसला सुनाया था।

# मारपीट के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

**सरायकेला।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हथियाडीह में गैस पाइप लाइन बिछानेवाली सरकारी कंपनी गेल के एजेंसी भवीश इंटरप्राईजेज में काम करनेवाले नवीन गिरी नामक बेल्डर के साथ एजेंसी के मालिक समेत छह लोगों द्वारा मारपीट किये जाने के मामले में पुलिस ने सोमवार को छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि मारपीट मामले के सभी छह आरोपियों मुकेश कुमार, बीरेन्द्र कुमार, सुर्यकांत राजपूत, संतोष कुमार, मो. आसू, सोमनाथ मोहंती को भादवी 323, 324, 341, 307/34 के तहत केस कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# पूजा सिंघल समेत अन्य आरोपियों की संपत्ति कुर्क करेगी ईडी

- पूजा सिंघल, अभिषेक झा और सुमन कुमार सिंह की संपत्ति जब्ती की प्रकिया शुरू
- अगले हफ्ते तक ईडी चल-अचल संपत्ति करेगी जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मनरेगा घोटाले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल, उनके पति अभिषेक झा और सीए सुमन कुमार सिंह की चल व अचल संपत्ति जल्द ही जब्त की जायेगी। ईडी ने संपत्ति जब्ती की प्रकिया तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, अगले हफ्ते ईडी घोटाले से अर्जित राशि से बनायी गयी चल व अचल संपत्ति को जब्त करेगी। एजेंसी ने इसके लिए चल-अचल संपत्ति की सूची तैयार कर ली है। गौरतलब है कि 16 फरवरी 2009 से 19 जुलाई 2010 के बीच खूंटी डीसी के पद पर रहने के दौरान मनरेगा का 18.06 करोड़ का घोटाला हुआ था। बगैर कार्य कराये डीसी रहते हुए पूजा सिंघल ने फंड की निकासी करा ली थी। इसके बाद कमीशन के तौर पर मोटी राशि वसूली थी।

### किस-किस की संपत्ति होगी जब्त

**जानकारी** के मुताबिक, पूजा सिंघल व अभिषेक झा, सुमन कुमार सिंह, रामविनोद सिन्हा, जयकिशोर चौधरी, शशि प्रकाश और राजेंद्र कुमार जैन की संपत्ति की सूची ईडी ने तैयार की है। ईडी इस मामले में पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की पल्स डायग्नोसिस सेंटर व पल्स सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल को भी जब्त कर संचालन अपने हाथ ले सकती है।



### दो करोड़ दिये थे कैश

**ईडी** की जांच में यह बात सामने आयी है कि पल्स हॉस्पीटल के निर्माण के लिए मेसर्स यूनिक कंस्ट्रक्शन के अक्षत कत्याल को पूजा सिंघल ने दो करोड़ कैश दी थी। यह राशि अक्षत को अपने आवास पर बुलाकर साल 2020 में दिया गया था। ईडी ने अबतक की जांच में पाया है कि निर्माण कंपनी को कुल 6.19 करोड़ का भुगतान दिया गया था। वहीं, सुमन कुमार ने भी अपनी स्वीकारोक्ति बयान में बताया था कि पांच बार 10-10 लाख रुपये कैश अस्पताल में जमा कराया था। यह राशि अवैध तरीके से अर्जित की गयी थी, लेकिन अस्पताल में जमा कर इसे वैध किया गया था।

पंकज मिश्रा, आलमगीर आलम केस मामला

# जांच पदाधिकारी समेत चार को ईडी का नोटिस

नवीन मेल संवाददाता

- ईडी ने पांच दिसम्बर को केस के जांच पदाधिकारी सरफुद्दीन खान को बुलाया
- फोन पर बात करानेवाले सूरज पंडित और चंदन को भी नोटिस

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, मंत्री आलमगीर आलम को टॉल प्लाजा केस में क्लीन चिट देनेवाले जांच पदाधिकारी सरफुद्दीन खान को ईडी ने समन किया है। पांच दिसम्बर को ईडी सरफुद्दीन से पूछताछ करेगी। वहीं, पंकज मिश्रा के न्यायिक हिरासत में फोन पर बातचीत के मामले में उनके सहयोगी सूरज पंडित और चंदन से क्रमशः छह व सात दिसम्बर को पूछताछ होगी। अमित अग्रवाल के वकालतनामा में गड़बड़ी के मामले में रांची जेल के सुपरीटेंडेंट हामिद अख्तर से भी पांच दिसम्बर को पूछताछ होगी। ईडी ने चारों लोगों को सोमवार को समन भेज दिया।

**हामिद अख्तर को पूर्व में भी भेजा गया था नोटिस :** ईडी ने अमित अग्रवाल के वकालतनामा मामले में पूर्व में भी रांची जेल के सुपरीटेंडेंट हामिद अख्तर को समन भेजा था। इस बार उन्हें पांच दिसम्बर को ईडी ने दुबारा बुलाया है। जेल सुपरीटेंडेंट से न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान पंकज मिश्रा के द्वारा फोन के इस्तेमाल के विषय में भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### जिस केस में ईडी ने किया था ईसीआईआर उसमें मिली थी क्लीनचिट




**साहिबगंज** के बरहरवा में टोल प्लाजा के टेंडर के मामले में शंभूनाथ भगत के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले में मंत्री आलमगीर आलम, विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत 11 लोगों के खिलाफ जून 2020 में नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी। प्राथमिकी के बाद सरफुद्दीन खान को जांच पदाधिकारी बनाया गया था। वहीं, इसी मामले में आठ मार्च 2022 को ईडी ने पंकज मिश्रा, आलमगीर आलम समेत अन्य के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर किया था। इस मामले में दुमका डीआईजी ने रविवार को प्रेस कांफ्रेस कर बताया था कि पुलिस के केस में पंकज मिश्रा, आलमगीर आलम समेत सभी आरोपियों को क्लीनचिट मिल गयी है।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना युवाओं को बना रहा स्वावलंबी

- सरकार आपके द्वार के तहत 35,131 आवेदन हुए प्राप्त

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सिमडेगा निवासी बिनीत मिंज अब सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बन रहा है। उसे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिये मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 12 लाख रुपये का लोन प्राप्त हुआ है। बिनीत कहते हैं, मेरा व्यवसाय शुरू हो चुका है। सरकार की योजना की मदद से मैं व्यवसाय करने में सफल हुआ। इसी तरह विनय डुंगडुंग को भी योजना से लगभग 16 लाख का लोन मिला और अपना चार पहिया वाहन स्कॉर्पियों गाड़ी क्रय किया। विनय कहते हैं कि पहले मैं दूसरे की टैक्सी चलाता था। महीने का दस से 12 हजार रुपये की कमाई होती थी। अब मेरी अपनी गाड़ी है। आर्थिक स्थिति पहले की अपेक्षा ज्यादा बेहतर होने लगी है। बिनीत और विनय की तरह की गढ़वा स्थित खरसोटा पंचायत की युवती को पॉल्ट्री फार्म के लिए 11 लाख का लोन मिला। ऐसे ही हजारों युवक-युवतियों को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लाभ मिला और वे स्वरोजगार की ओर अग्रसर हुए हैं।

### हजारों की संख्या में मिला लाभ

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत कुल 35,131 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 16,230 आवेदन का निष्पादन हुआ। 14,657 आवेदन पेंडिंग हैं, जबकि 3,581 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में हैं। सबसे अधिक आवेदन 3,706 गढ़वा, पलामू 3,600, गिरिडीह 3,103, दुमका 2,415, देवघर 2,342, पूर्वी सिंहभूम 2,359, कोडरमा 2,200, पश्चिमी सिंहभूम 1,867, खूंटी 1,864, गोड्डा 1,812, लातेहार 1,067 से प्राप्त हुए हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वरोजगार हेतु शुरू की गयी मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ जरूरतमंदों को लगातार मिल रहा है। अबतक हजारों युवक-युवतियों ने आगे बढ़कर योजना का लाभ लिया और स्वरोजगार से खुद को जोड़ा है।

# राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर अपडेट करने के लिए बिल लाने की तैयारी

## संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक ला सकती है केंद्र सरकार

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार सात दिसम्बर से शुरू होनेवाले संसद के शीतकालीन सत्र में जन्म व मृत्यु डेटाबेस के जरिये राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर अपडेशन की इजाजत के लिए विधेयक ला सकती है। यह विधेयक पास हो जाने पर भारत के रजिस्ट्रार जनरल को जन्म व मृत्यु पर एक डेटाबेस बनाये रखने और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को अपडेट करने की अनुमति मिल जायेगी। जन्म व मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में संशोधन करने के लिए विधेयक का ड्राफ्ट सार्वजनिक टिप्पणियों और सुझावों के लिए अक्टूबर 2021 में गृह मंत्रालय द्वारा साझा किया गया था। प्रस्तावित विधेयक के अनुसार, डेटा का उपयोग मतदाता सूची, आधार डेटाबेस, राशन कार्ड, पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस को अपडेट करने के लिए भी किया जायेगा। इस विधेयक के आने से आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट डाटाबेस, ड्राइविंग लाइसेंस और राष्ट्रीय स्तर के कई दस्तावेजों पर असर पड़ेगा।

ड्राफ्ट विधेयक में मुख्य रजिस्ट्रार को राज्य स्तर पर नागरिक पंजीकरण रिकॉर्ड के एकीकृत डेटाबेस को बनाये रखने के लिए कदम उठाने और इसे भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा बनाये गये राष्ट्रीय स्तर पर डेटाबेस के साथ एकीकृत करने की अनुमति देने के लिए धारा-4 में संशोधन का भी प्रस्ताव है। सरकार ने धारा-8 में भी संशोधन प्रस्तावित किया है जो जन्म और मृत्यु के बारे में जानकारी देने के लिए नागरिकों और घर के मुखिया से संबंधित है।



### प्रमाण-पत्रों का उपयोग किसी व्यक्ति के जन्म की तारीख और स्थान को साबित करने के लिए किया जायेगा

**एक** प्रविष्टि के माध्यम से यह कहा गया है कि जिम्मेदार लोगों को जन्म के मामले में माता-पिता का आधार नंबर यदि उपलब्ध हो और मृत्यु के मामले मृतक के माता-पिता, पति या पत्नी को जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी। धारा-17 में एक प्रविष्टि के माध्यम से सरकार ने प्रस्ताव दिया है कि इन प्रमाण-पत्रों का उपयोग किसी व्यक्ति के जन्म की तारीख और स्थान को साबित करने के लिए किया जायेगा। इसके अलावा शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करना, मतदाता सूची तैयार करना, शादी का रजिस्ट्रेशन, केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और वैधानिक निकाय में नियुक्ति, पासपोर्ट जारी करना, नियम द्वारा निर्धारित अन्य मामलों में इन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया जायेगा। धारा-23 में एक संशोधन के माध्यम से सरकार ने सूचना छुपाने या गलत जानकारी देने पर किसी व्यक्ति या संस्था पर जुर्माना बढ़ाकर एक हजार रुपये प्रति जन्म या मृत्यु करने का प्रस्ताव दिया है। पहले यह 50 रुपये ही था। इसके साथ ही इससे संबंधित प्राधिकरण द्वारा सूचना प्राप्त होने के बाद जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए एक सप्ताह का समय तय करते हुए धारा-12 में संशोधन का प्रस्ताव दिया है।

# एक दिन में कितना पानी पीयें यह कई बातों पर करता है निर्भर



- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** सबके लिये प्रतिदिन लगभग दो लीटर या आठ गिलास पानी पीना जरूरी नहीं है। वे लोग जो ज्यादा शारीरिक काम, मेहनत, मजदूरी, किसानी, पहलवानी जैसे काम करते हैं, गर्म जगह पर रहते हैं, उनको 24 घंटे में 8 गिलास पानी पीना चाहिए। लेकिन जो लोग एसी वाले कार्यालय में बैठकर काम करते हैं तथा दिन में कई कप चाय, काफी या दारू या कोल्ड ड्रिंक जैसे पेय गटकते रहते हैं, उनको तो ज्यादा पानी पीने से परहेज करना चाहिए। उनका काम तो लगभग डेढ़ लीटर पानी पीने से ही चल सकता है। इस बारे में 8 से 96 साल तक के 5 हजार से ज्यादा लोगों पर 23 देशों में हुए एक शोध में आया है कि सबको रोज आठ गिलास के लगभग पानी पीने की सलाह देना वैज्ञानिक आधार पर सही नहीं है। कुछ को तो रोज 2 लीटर की जगह 1.5 से 1.8 लीटर पानी पीने की आवश्यकता होती है। शरीर की पानी से जुड़ी आधी से ज्यादा जरूरत खाने की चीजों, चाय और कॉफी आदि से पूरी हो जाती है। ऐसे में सबको रोज 8 ग्लास पानी पीने पर जोर नहीं देना चाहिए। इसमें ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर


## न्यूज गैलरी

### श्री राम दरबार मंदिर में सीता राम विवाह का आयोजन



रांची। सोमवार मार्गशीर्ष पंचमी को श्री राम दरबार मंदिर, अयोध्या नगरी, बस स्टैंड, धुर्वा के प्रांगण में सीताराम विवाह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा वैवाहिक गीत, भजन एवं झांकियां निकाली गई। उपस्थित भक्तों को दर्शन के पश्चात महाभोग वितरण किया गया साथ ही मंदिर के महंत अनिल कुमार सिंह द्वारा सभी आए हुए भक्तों को धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर एचएन सिंह, अमरनाथ सिंह, परशुराम सिंह,अवधेश सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद थे।

### रामराज्य दिग्विजय रथ यात्रा का ओरमांझी में भव्य स्वागत किया गया



ओरमांझी। अयोध्या से भारत भ्रमण पर निकला रामराज्य रथ यात्रा का ओरमांझी पहुंचे पर जोरदार स्वागत किया गया। वर्षों के कठिन संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। लंका विजय के बाद अयोध्या पहुंचने पर भगवान राम ने अश्वमेध यज्ञ किया था, उसी तरह मंदिर बनने की खुशी में श्री रामराज्य रथ यात्रा निकाला गया है। रामराज्य रथ यात्रा 5 अक्तूबर 2022 विजयादशमी के दिन अयोध्या से चलकर यह रथ यात्रा सोमवार को ओरमांझी पहुंचा। रामराज्य रथ यात्रा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, पुजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्यामकिशोर महतो, अशोक नारायण तिवारी, मुखिया दिपक बडाईक, महामंत्री अलखनाथ महतो, राजकिशोर साहु, विक्रांत तिवारी, सत्यमराज कुशवाहा, संतोष कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार, नीरज पांडे, कुलदीप तिवारी सहित रामभक्त उपस्थित थे।

### अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है : पुलिस इंस्पेक्टर श्यामकिशोर महतो



ओरमांझी। फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग मे फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजित किया गया। फेयरवेल कार्यक्रम मे बीएससी नर्सिंग के 5वें बैच के छात्र छात्राओं का 4 बर्षीय कोर्स पूरा होने पर विदाई दिया गया। फेयरवेल कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर फेयरवेल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर सह सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने छात्र-छात्राए को संबोधित करते हुए कहा कि जहां भी रहे अपना व्यवहार से लोगों का दिल जीतने की कोशिश करें। नर्सिंग की सेवा से बडा कोई सेवा नही है। शिक्षा ग्रहण करके विधार्थी देश के कोने कोने में चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाएं दे। छात्र छात्राएं अपने कार्य कुशल से अपने मां-बाप और कालेज का नाम रोशन करें । मौके पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर सह सदर थाना प्रभारी श्यामकिशोर महतो, कालेज के उप-प्राचार्या विनिसा टी बंसरियार, विशिष्ट समाज सेवी- सत्तार अंसारी, अबू नसर, बिनीता खलखो, वर्षा कुमारी, माधुरी लिली दांग, सुधीर कुमार, शोएब अख्तर, जूली किस्कू, शिवानी तिर्की, सादिक अंसारी, सकील परवेज, हाजी मंसूर अंसारी, सुप्रिया कुमारी, शशि कुमार, अजहरुद्दीन, शाहनवाज सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# वारंटी को गिरफ्तार करने पहुंची सिवान की पुलिस स्थानीय लोगों ने अपहरणकर्ता समझकर कर दी धुनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के कांके मिल्लत कॉलोनी में वारंटी को दबोचने सादे लिबास में पहुंची सिवान की पुलिस पर मुहल्लेवासियों ने हमला कर दिया। स्थानीय लोग पुलिसकर्मियों को अपहरणकर्ता समझकर उन पर टूट पड़े। उनकी जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद मुहल्लेवासियों ने दोनों पुलिसकर्मियों को रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद कांके थाने की पुलिस पहुंची। आईडी देखने के बाद कांके पुलिस ने भीड़ से छुड़ाकर थाने लायी। घटना सोमवार सुबह की है। घटना में दोनों पुलिसकर्मियों को चोटें भी आयी है। बताया जा रहा है कि कांके मिल्लत कॉलोनी निवासी गुलाम अशरफ उर्फ रौनक का दहेज प्रताड़ना मामले में वारंट जारी था। इसी वारंट का तामिला करने के लिए सिवान महिला थाना के दो पुलिसकर्मियों कांके सोमवार की सुबह मिल्लत कॉलोनी पहुंची थी। हालांकि वारंटी को गिरफ्तार करने की सूचना कांके पुलिस को नहीं दी गई थी। जैसे ही पुलिस टीम आरोपी रौनक को पकड़ने के लिए गयी तो उसने बचाव-बचाव कहते हुए शोर मचाया। आसपास में मौजूद लोगों जमा हो गए और पुलिसकर्मियों की धुनाई कर दी।

**20 मिनट बाद पहुंची महिला थानेदार**

सिवान महिला थाने के दोनों पुलिसकर्मियों की पिटाई कर रहे थे। घटना के करीब 20 मिनट के बाद सिवान महिला थाने की प्रभारी अनुराधा कुमारी मौके पर पहुंची। पुलिस की वर्दी में अनुराध ने स्थानीय लोगों को बताया कि दोनों अपहरणकर्ता नहीं है। बिहार पुलिस के हैं। रौनक पर सीमाव में दहेज मामले में केस दर्ज है। उसी मामले में उसकी गिरफ्तारी के लिए ये लोग यहां आये हैं। तब कांके पुलिस के हस्तक्षेप से बिहार के दोनों पुलिसकर्मी मुक्त हुए।

**हरियाणा नंबर की गाड़ी में पहुंचे थे पुलिसकर्मी :** महिला थाने की पुलिस सोमवार की सुबह आठ बजे हरियाणा नंबर (एचआर51एएन-4086) की गाड़ी से मिल्लत कॉलोनी पहुंचे थे। गाड़ी में पीड़िता का भाई भी मौजूद थे। उस वक्त आरोपी रौनक अपने साथी के साथ बाल व दाढ़ी बनाने के लिए सैलून जा रहा था। इसी दौरान पीड़िता के भाई इंतखाब आलम की नजर आरोपी रौनक पर पड़ी। उसकी निशानदेही पर पुलिस की टीम रौनक को पकड़कर गाड़ी में बैठाने लगी। तभी रौनक ने शोर मचाने लगा। कहा बचाओ-बचाओ ये लोग मुझे किडनैप करने आये हैं। उसकी आवाज सुनकर बड़ी संख्या में मिल्लत कॉलोनी के लोग जमा हो गए। इसके बाद स्थानीय लोग दोनों पुलिसकर्मियों पर टूट पड़े। धुनाई करने लगे। इस बीच दोनों ने कई बार स्थानीय लोगों को पुलिस वाला होने की सफाई भी दी।

**दो साल पहले हुआ था निकाह :** बताया जा रहा है कि कांके निवासी गुलाम अशरफ उर्फ रौनक का दो साल पहले बिहार के सिवान जिला में निकाह हुआ था। निकाह के एक सप्ताह के बाद पता चला कि उसकी पत्नी को कोई बीमारी है। इसके बाद उसने ससुराल वाले को बुलाकर पत्नी को उनके हवाले कर दिया। यह कहना है आरोपी के परिजन का।

## समारोहपूर्वक मना निरंजन प्रसाद का 80 वां जन्मदिन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** वरिष्ठ साहित्यकार और साहित्य संस्कृति मंच के उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवस्तव का 80 वां जन्मदिन शांति इन्क्लेव, कुसुम विहार, मोराबादी में समारोहपूर्वक मनाया गया। मौके पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं उनके दीघार्यु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काट कर किया गया। इसके बाद गीत-गजलों का दौर शुरू हुआ जो देर तक चलता रहा। सूरज श्रीवास्तव ने निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा लिखित भोजपुरी गीत 'भोर पहर के झिलमिल चादर बीनत रैन विहान' सुना कर भाव-विभोर कर दिया। अंजू वर्मा ने रजनीगंधा फूल तुम्हारे महके यूँ ही जीवन में की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। राजीव शर्मा ने 'तेरे प्यार का आसरा चाहता हूं ' मेरे महबूब तुझे मेरी मोहब्बत की कसम..', जैसे सदाबहार गीतों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश भी डाला। राजश्री जयंती ने अपनी कविता 'सब की दुआएं मिले आपको अपार... ' के बाद 'दमादम मस्त कलन्दर.., 'आज जाने की जिद न करो...' की मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। विनोद सिंह गहरवाल के मुक्तकों को लोगों ने बहुत सराहा। हिमकर श्याम ने 'दुश्वारियाँ हैं थोड़ी मगर ठीक ठाक है' गजल सुना कर खूब वाहवाही लूटी। इसके बाद निरंजन प्रसाद और सरोज श्रीवास्तव ने 'ओ मेरी जोहरा जबीं...' की खूबसूरत प्रस्तुत दी। गीत गजलों के साथ लोग लिट्टी-चोखा का स्वाद भी लेते रहे। मौके पर शम्भु शरण प्रसाद, डॉ विजय कुमार वर्मा, रमेश चौधरी अनुष्का, शिवानी, अदिति, विवेक, विभा, शिवांगी आदि मौजूद थे।

## 30 नवम्बर तक मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का प्रज्ञा केंद्र में ऑनलाईन करें : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**ओरमांझी।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा ओरमांझी प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय कृषि कर्यशाला का आयोजन। कृषि कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों सहित उपस्थित लोगों को मुख्यमंत्री सुखाड राहत योजना के बारे में बताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को 30 नवंबर तक प्रज्ञा केंद्र में निबंधन कराना है । इसके लिए किसानों को राशनकार्ड, आधार कार्ड और जमीन का रसीद लेकर प्रज्ञा केंद्र जाना है। 30 नवम्बर के बाद निबंधन नही होगा। इसलिए इसका प्रचार प्रसार सभी लोग अपने स्तर से करें। जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान इसका लाभ ले सकेंगे।कार्यशाला में प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों, कृषक मित्र, जनसेवक को आपस में समन्वय स्थापित कर सभी किसानों का मुख्यमंत्री सुखाड राहत योजना का प्रज्ञा केंद्र मे निबंधन काराए। एक भी किसान छुटे नहीं। प्रखंड में किसानों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कर्मी सजग रहे। किसानों के हित में चलाए जा रहे योजनाओं का हर लाभुकों को योजना के लाभ मिले।

## एक निजी स्कूल के गार्ड ने नाबालिग के साथ की छेड़खानी, गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के पुंदाग इलाके में 11 साल की बच्ची से छेड़खानी की घटना सामने आयी है। इस वारदात को पुंदाग ओपी क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूल के गार्ड ने अंजाम दिया है। हालांकि पुंदाग पुलिस ने आरोपी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम विनोद गुरुंग है और वह पुंदाग इलाके का ही रहने वाला है। जानकारी के अनुसार नाबालिग बच्ची स्कूल के समीप अपने माता-पिता के साथ रहती है। बीते रविवार को वह घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान आरोपी ने बच्ची को अपने पास बुलाया। आरोपी ने बच्ची को दस रुपए का नोट दिया। कहा कि इस पैसे से वह चॉकलेट खाए। जब बच्ची ने उससे रुपए ले लिया, तब उसने उसे और पैसे देने का लालच देकर अपने पास बैठा लिया। इसके बाद उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। जब बच्ची उसे मना करती तब आरोपी उसे ज्यादा पैसे देने की बात कहता। हालांकि बच्ची लगातार उसे मना करती रही। लेकिन आरोपी उसके साथ अश्लील हरकत करता रहा। कुछ देर बाद बच्ची आरोपी से खुद को छुड़ाकर वहां से भाग निकली। इसके बाद उसने अपनी मां को घटना की पूरी जानकारी दी। तब बच्ची के साथ उसकी मां पुंदाग ओपी पहुंची और घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा, ओपी प्रभारी विवेक कुमार पुलिस बल के साथ देर रात आरोपी के पुंदाग स्थित घर पहुंचे और उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया।

## राष्ट्र का सांस्कृतिक नाम इंडिया नहीं, भारत है : श्रीशक्ति शांतानंद महर्षि

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर के नेतृत्व में दिव्य दिग्विजय रामराज्य रथ यात्रा का महादेव मंडा चुटिया से आज प्रातः 5:00 श्री रामलला के महाआरती के बाद नगर भ्रमण पुष्प वर्षा के साथ प्रारंभ हुआ जो चुटिया थाना, सुजाता चौक, राजेंद्र चौक, श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर डोरंडा,शिव मंदिर कडरू, सहजानंद चौक, श्री श्याम मंदिर रातु रोड चौक, कचहरी चौक, करम टोली चौक, मेडिकल चौक, शिव मंदिर, हाऊसिंग कॉलोनी चौक, बड़ागाई चौक, शिवाजी चौक, बूटी बस्ती, विकास, ओरमांझी, पटेल चौक रामगढ़, सुभाष चौक दुर्गा मंडप रामगढ़, चरही, हजारीबाग, इचाक, पदमा, बरही, चौपारण होते हुए गया, बिहार के लिए प्रस्थान हो गया। चुटिया से निकलने के बाद श्रीराम राज्य दिग्विजय रथ का डोरंडा शिव मंदिर, श्याम मंदिर, मेडिकल चौक, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बड़ागाई चौक, बूटी, विकास, ओरमांझी, पटेल चौक रामगढ़ इत्यादि स्थानों पर गणेश शंख, पांचजन्य, पोंड्र, देवदत्त, महालक्ष्मी, कामधेनु, गरुड़ इत्यादि शंख ध्वनि एवं वेद मंत्रों अन्य वाद्य यंत्र के गगनभेदी गुंजों के बीच पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत अभिनंदन किया गया। मार्ग में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए रामराज्य दिग्विजय यात्रा के पूज्य संत श्रीशक्ति शांतनंदा महर्षि, (राष्ट्रीय सचिव श्री रामदास मिशन) ने कहा रामराज्य स्थापित करने के लिए त्रेतायुग में भगवान श्री राम ने अश्वमेध यज्ञ किया था इसी प्रकार श्री राम जन्मभूमि पर बनने वाली भव्य राम मंदिर पूर्ण होने के पूर्व पूरे भारत में दिग्विजय रथ यात्रा कर रामराज की स्थापना का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा यह यात्रा 5 अक्टूबर से अयोध्या से प्रारंभ होकर नेपाल काठमांडू सहित भारत के 27 राज्यों का लगभग 15000 किलोमीटर भ्रमण कर 2 दिसंबर को पुनः अयोध्या पहुंचेगी तथा गीता जयंती के पावन अवसर पर यज्ञ अनुष्ठान करके रामराज स्थापना की संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने कहा इस यात्रा का तीन मुख्य उद्देश्य है प्रथम केंद्र सरकार से मांग की गई है भारत इंडिया नहीं है, क्योंकि इंडिया माता नहीं कहां जाता है जब भी कहा जाता है तो भारत माता की जय ही कहा जाता है अतः इस देश का नाम भारत हो। दूसरी बात उन्होंने कहा सरकार देश के जिहादी आक्रांताओं एवं लूटेरा ईसाई मिशनरियों का इतिहास हमारा भारतीय इतिहास नहीं है।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने महारैली की सफलता के लिए केन्द्रीय पदाधिकारियों का जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह के अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश से हजारों हजार फाउंडेशन के कार्यकर्ता सड़क मार्ग बस एवं रेल मार्ग से दिल्ली पहचें थे। इस महारैली मे पुरे देश के फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सम्मिलित होकर रैली को सफल बनाया।संजय सेठ जी ने भी समर्थको के साथ अपनी जोरदार उपस्थित दर्ज.कराई थी। दिल्ली महारैली का नेतृत्व फाऊंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने किया।रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने यथाशीघ्र इस बिल की आने की बात कही,संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य माननीय इंद्रेश कुमार जी ने सरकार से आग्रह किया की यथाशीघ्र सरकार इसकी गंभीरता को समझते हुए इस बिल को लाए वरना इसके गंभीर परिणाम समस्त देशवासियों को भुगतने होंगे।रैली में उपस्थित रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ जी ने भी इस कानून के जल्द ना आने से इसके गंभीर परिणाम भुगतने की बात कही। झारखंड प्रदेश ने महारैली की सफलता एवं रैली मे उपस्थित के लिए केंद्रीय नेतृत्वकर्ता टीम एवं सांसद रांची संजय सेठ प्रति आभार जताई।इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से फाउंडेशन के महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष संपति देवी,महासचिव छोटू वर्मा, प्रदेश मिडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, मौसमी सिंह, बबीता देवी, सीमा गुप्ता, मधु देवी, मीना सिंह, निभा देवी, उषा देवी, संतोष राम, आशीष कुमार गुप्ता आदि पदाधिकारियों की भी उपस्थित रहीं। मीडिया प्रभारी किशोर शर्मा जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

## रातू काठी टांड में कम्प्यूटर एंड प्रिंटर पॉइंट दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख



**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के काठी टांड में एक कंप्यूटर एन्ड प्रिंटर पॉइंट नामक दुकान में आग लग गयी। घटना रविवार की रात की है। दुकान ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के बनापीडी निवासी मुजीबुल्लाह अंसारी का बातया जा रहा है।।आग लगने की सूचना किसी ने रात दो बजे भुक्तभोगी मुजीबुल्लाह को दी।इसके उपरांत पानी से आग को बुझाया गया।परन्तु तबतक दुकान में रखे कंप्यूटर ,प्रिंटर मशीन के अलाया अन्य सामान जलकर राख हो गई। जिसकी कीमत लाखो रुपया बताया जा रहा है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।


**प्राचार्य का कार्यालय**
**राजकीय पोलिटेकनिक, रॉची।**

पत्रांकः– रॉची/दिनांकः– / /2022

**पुस्तक आपूर्ति हेतु निविदा-आमंत्रण सूचना**

राजकीय पोलिटेकनिक, रॉची के पुस्तकालय में असैनिक अभियंत्रण, विद्युत अभियंत्रण, यांत्रिक अभियंत्रण, इलेक्ट्रोनिक्स – कम्यूनिकेशन एवं कम्प्यूटर अभियंत्रण के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अनुसार अभियंत्रण एवं गैर अभियंत्रण पुस्तकों का क्रय वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए प्राप्त आवंटन से, किया जाना है। संस्थानीय पुस्तकालय में छात्रोपयोगी पुस्तकों के क्रय हेतु सुप्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 19.12.2022 (सोमवार) के संध्या 5:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

परिमाण–विपत्र संस्थान के कार्यालय अवधि में 500=00 रू का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, रॉची के पदनाम से रॉची में भुगतेय हो जमाकर कार्यालय से दिनांक 17.12.2022 (शनिवार) तक प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा समर्पित करनेवाले आपूर्तिकर्त्ता को दिनांक 20.12.2022 (मंगलवार) के पूर्वाह्न 11:30 बजे संस्थान परिसर में आहुत पुस्तक क्रय–समिति की बैठक में उपस्थित होना अपेक्षित है। निविदा के साथ PAN No, Aadhar No, Mob no, email address GST Registration विगत तीन वर्षों का Income Tax return की स्वःअभिप्रमाणित जमा करना अनिवार्य है।

प्राचार्य,
PR 283593 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 22-23 (D) राजकीय पोलिटेकनिक, रॉची।


## बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली की मधुमिता ने कांस्य पदक जीता



**सिल्ली।** महिला राष्टीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली की मधुमिता ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता यूपी के मथुरा में 27-28 नवंबर को आयोजित हुआ जिसमे देश भर से कुल 330 महिला तीरंदजो ने भाग लिया ।कांस्य पदक जीतने पर एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो एवं अध्यक्षा नेहा महतो ने बधाई दी साथ ही कंपाउंड जूनियर वर्ग में बबीता कुमारी पांचवा स्थान अनिता कुमारी को 16 स्थान एवं रिकप सब जूनियर तमन्ना वर्मा को 16 स्थान प्राप्त हुआ।

## अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने संयुक्त रूप से झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग को सौंपा ज्ञापन

# हम सभी पहलुओं पर विचार कर जल्द नोटिफिकेशन निकालेंगे : राज्य निर्वाचन आयोग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सोमवार को अनुसूचित जाति समन्वय समिति एवं अखिल भारतीय अंनु. जाति महासभा संयुक्त रूप से झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग को ज्ञापन देकर नगर निकाय चुनाव के लिए यथाशीघ्र नोटिफिकेशन निकालने के लिए गुहार लगाई। निर्वाचन आयोग के सचिव ने कहां की हम सभी पहलुओं पर विचार कर रहे हैं हम बहुत जल्द नोटिफिकेशन निकालेंगे। हम सविधान और रोटेशन प्रक्रिया के अनुरूप नगर निकाय चुनाव में रांची नगर निगम को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया है। मौके पर उपस्थित महासभा के अध्यक्ष आरपी रंजन समन्वय समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक, रविदास महासभा के पूर्व अध्यक्ष सोरेन राम, उपाध्यक्ष कमलेश राम, महासचिव रंजन पासवान, प्रदीप मिर्धा, महेश कुमार मनीष, राजू राम, जीवन राम, बुंदेला लाल, अनिल राम, मुकेश नायक ने कहा कि रांची नगर निगम महापौर पद अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित करने के कारण नगर निकाय चुनाव को राजनीतिक कारणों से स्थगित किया गया है, जो अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि टीएसी एवं सरकार जिस पेशा कानून का हवाला देकर नगर निकाय चुनाव टालने का षड्यंत्र किया है वह असंविधानिक है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 243 सी सभी को प्रतिनिधित्व देने का प्रावधान है उन्होंने कहा कि जिस पांचवी अनुसूची का हवाला दिया जा रहा है वाह केंद्र से पारित नहीं है साथी ही किसी भी जिला में उनकी जनसंख्या 50% नहीं है पेशा कानून 56% से अधिक संख्या वाले जिलों में ही लागू करने का प्रावधान है। संतोष कुमार रवि, जगदीश दास, सत्येन्द्र रजक, विनोद राजन ने कहा कि सरकार नहीं चाहती है कि रांची नगर निगम में दलित का बेटा महापौर बने इसलिए चुनाव टालने का षड्यंत्र रचा है हम लोग चुप बैठे वाले नहीं है राज्य के 50 लाख में अनुसूचित जाति के लोग इस मुद्दे पर जागरूक एवं संगठित होने लगे हैं, इसका व्यापक असर देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम आदिवासी दलित भाई-भाई हैं लेकिन कुछ लोग राजनीतिक षड्यंत्र के तहत हम सभी में आपसी मतभेद एवं झगड़ा कराने पर तुले हुए हैं। मिलने वाले में शामिल थे- जगदीश दास, राजू पासवान, जीवन राम, बुंदे लाल राम, संतोष कुमार रवि, नवल कुमार, अधिवक्ता प्रभात कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची**

**अति अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना**

1. कारा का नाम :– **बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची।**
2. विषय :– कारा में Pest Control के वार्षिक A.M.C. के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण। (वार्षिक A.M.C. की अवधि दिनांक–01.01.2023 से 31.12.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्यः–(Non Refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है :–
   (i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) रू0 10.00 लाख से 50 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 5,000.00 (पाँचहजार रूपये) मात्र।
   (iii) रू0 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. **Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि**–30-11-2022 को पूर्वाह्न **10:00** बजे से 05-12-2022 के अपराह्न **5:00** बजे तक।
5. **Online निविदा जमा करने की तिथि**–30-11-2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 05-12-2022 के अपराह्न 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy आदि दिनांक–06-12-2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यवधि में कारा कार्यालय में जमा करना होगा।
7. **निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान–07-12-2022** को पूर्वाह्न **11:00** बजे, अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची के कार्यालय में, अपर समाहर्ता (विधि–व्यवस्था) की उपस्थिति में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा Website-jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9546188599 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अधीक्षक
बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची

PR 283590 Prison(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### हॉकी झारखंड के महासचिव ने घायल खिलाड़ियों का पूछा हाल-चाल

रांची। सिमडेगा के सड़क दुर्घटना में घायल होकर रिम्स में इलाजरत हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह सुबह शाम हॉस्पिटल पहुंचकर कुशल क्षेम ले रहे हैं। सोमवार सुबह जब वे रिम्स पहुंचे तो खिलाड़ियों के परिजनों के पास दवाई वैगरह खरीदने में कुछ दिक्कत थी तब उन्होंने परिजनों को कुछ आर्थिक मदद की। तीनों की स्थिति ठीक है, बितुवन डुंगडुंग के पैर में चोट है पर टूटे नहीं है जब कि इनोसेंट मिंज के फीमर टूटा है जिसका कच्चा प्लास्टर हुआ है, वन्हीं गोविंद के सिर में चोट है आज उसका फिर से सिटी स्कैन हुआ है। रिपोर्ट आने के बाद चोट की स्थिति का पता चलेगा पर अभी पहले से ठीक है। विजय शंकर सिंह भी उनसे मिलने जाएंगे।

### एनसीसी दिवस के मौके पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन



रांची। 19 झारखंड बटालियन एनसीसी रांची के सौजन्य से एनसीसी दिवस के मौके पर विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के एनसीसी इकाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय एवं साईनाथ विश्वविद्यालय ओरमांझी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपरोक्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के 150 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। शिविर में 60 कैडेटों ने रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में विश्वविद्यालयों के अधिकारीगण एवं 19 झारखंड बटालियन एनसीसी रांची के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर कर्नल सुकान्त ने अहम् भूमिका निभाई।

### भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में भाग लेने प्रदेश कांग्रेस का जत्था इन्दौर पहुंचा

रांची । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में 50 कांग्रेसजनों का जत्था भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में भाग लेने सोमवार को मध्यप्रदेश के इन्दौर पहुंचा । जहां 29 एवं 30 नवम्बर को सभी लोग पदयात्रा में शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में यह भारत जोड़ो यात्रा कन्या कुमारी से प्रारंभ हुई थी जो तमिलनाडू, करेल, कर्नाटक, अंध्रप्रदेश, तेलगाना, महाराष्ट्र होते हुए मध्यप्रदेश पहुंची है।

### डीएसपीएमयू में शुरू होंगे रोजगारपरक चार नये पाठ्यक्रम

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए चार नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू होंगे। सोमवार को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में हुई अकादमिक काउंसिल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। बैठक विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन में आयोजित हुई थी। बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ अनिल कुमार, रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह, सभी संकाय के डीन, विभागाध्यक्ष, निदेशक और समन्वयक मौजूद थे। जो चार नए पाठ्यक्रम शुरू होने हैं उसमें पहला एडवांस्ड सवेईंग एंड मैपिंग टेक्निक्स है। यह 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स होगा। कोर्स भूगोल विभाग के अंतर्गत प्रो नलिन कांत महतो के निर्देशन में संचालित होगा। इसमें 30 विद्यार्थियों का नामांकन होगा। इसके अलावा एलएलएम पाठ्यक्रम के अंतर्गत सर्टिफिकेट कोर्स इन लीगल ड्राफ्टिंग को शुरू करने पर अकादमिक काउंसिल में सहमति बनी। इसके अलावा एमबीए विभाग के अंतर्गत एक नया पाठ्यक्रम एग्जीक्यूटिव एमबीए ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जाना है। यह 3 वर्षीय पाठ्यक्रम होगा। साथ ही, योग विभाग के समन्वयक डॉ अशोक नाग के निर्देशन में 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स भी अगले सत्र से प्रारंभ होगा। बैठक में कई विषयों के सिलेबस को मंजूरी और उसके अपग्रेडेशन पर चर्चा की गई। इनमें परफार्मिंग व विजुअल आर्ट के सत्र 2022–23 से संबंधित प्रस्ताव को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। इन्हें 4 वर्ष का करने का निर्णय लिया गया। वहीं, स्वपोषित और व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत बीबीए और इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर (ईएलएल) में सीटों की संख्या बढ़ाने संबंधि प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इसके तहत ईएलएल की सीटें 150 से बढ़ाकर 250 करने व बीबीए की सीटें 220 से बढ़ाकर 525 करने पर सहमति बनी।

---

### वन्दना डाडेल ने सीसीएल मुख्यालय में दो-दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट औद्योगिक प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# उद्यमी इस प्रकार के औद्योगिक प्रदर्शनी का पूरी तरह से उठायें लाभ

नवीन मेल संवाददाता



रांची। सोमवार को सीसीएल मुख्यालय में दो-दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम, 2022 एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रांची एवं एमएसएमई--विकास कार्यालय, कोकर, रांची द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन वन्दना डाडेल, प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार के कर-कमलों द्वारा सीसीएल परिसर, दरभंगा हाऊस, रांची में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि सीसीएल के सीएमडी पीएम. प्रसाद के साथ-साथ निदेशक (तकनिकी/ संचालन) आरबी प्रसाद, निदेशक (तकनिकी/ यो. एवं परि.) बी. साईराम, निदेशक (वित्त) पीके. मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी एसके. सिन्हा, एमएसएमई--विकास कार्यालय, रांची के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख इन्द्रजीत यादव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि वन्दना डाडेल, प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार ने ऐसे कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सीसीएल तथा एमएसएमई-डीएफओ, रांची की प्रशंशा की और दोनों को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीसीएल, सीएमपीडीआई, मेकॉन, गेल, सेल, पीवीयूएन, रेलवे, सीपेट इत्यादि का झारखण्ड के औद्योगिक विकास में बहुत बड़ा योगदान है इसके लिए उन्होंने इन उपक्रमों को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि उद्यमी इस प्रकार के कार्यक्रम से लाभ उठायें। उन्होंने आश्वासन दिया कि एमएसएमई से संबंधित विभिन्न विषयों पर झारखंड सरकार के उद्योग विभाग द्वारा औद्योगिक संगठनों के साथ हर महीने के प्रथम कार्यदिवस को मूल्यांकन परिचर्चा होनी चाहिए। उन्होंने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को उद्योग विभाग की ओर से हर संभव सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम के अन्त में उन्होंने औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया। सीएमडी, सीसीएल पी. एम. प्रसाद ने अपने सम्बोधन में कहा कि सीसीएल द्वारा पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है और ज्यादा से ज्यादा प्रोक्योरमेंट सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से क्रेता एवं विक्रेता दोनों को फायदा होगा।

> उद्योग विभाग द्वारा औद्योगिक संगठनों के साथ हर महीने के प्रथम कार्यदिवस को मूल्यांकन परिचर्चा होनी चाहिए। उन्होंने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को उद्योग विभाग की ओर से हर संभव सहयोग देने की बात कही।

---

## मानसू मेडिकल में एक दिवसीय हेल्थ कैंप का किया गया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



रांची। टाटीसिलवे मानसू मेडिकल में देबू नर्सिंग होम के बैनर तले एक दिवसीय हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ इंग्लैंड से आए डॉ एकांश देबूका ने सैकड़ों की संख्या में आए लोगों का कमजोर हड्डी की जांच और इलाज जोड़ों का दर्द का समाधान बीएमडी मशीन के द्वारा किया गया डॉ नित्यानंद मिश्रा ने कैंप के उद्देश्य से अवगत करवाते हुए बताया कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आर्थिक कमजोर लोगों के लिए यह कैम्प रखा गया है, ताकि इसका लाभ ले सके गरीब लोग आर्थिक तंगी के कारण महंगे इलाज से वंचित रह जाते हैं और दर्द का दंश झेलते हुए जिंदगी बिताने को मजबूर हो जाते हैं। डॉ एकांश देबूका ने उम्र के बढ़ते पड़ाव पर लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि शरीर की एक अवस्था ऐसी आती है कि धीरे-धीरे घुटने का ग्रीस कमजोर पड़ जाती है हड्डियां कमजोर होने लगती है तो उम्र के पड़ाव में हमेशा सतर्क रहने की आवश्यकता है और पूरा अपना खान-पान में कैल्शियम विटामिन सी इत्यादि संतुलित आहार का ध्यान रखने के साथ-साथ प्रत्येक दिन कम से कम 15 मिनट व्यायाम योग करके शरीर की ऊर्जा को फिट रखा जा सकता है बाहरी खाना जैसे फास्ट फूड वगैरह से परहेज रखने की आवश्यकता है।

---

## आरयू: शोध निदेशक नहीं मिलने से नाराज शोधार्थियों ने किया प्रदर्शन

रांची। रांची विश्वविद्यालय के 80 शोध विद्यार्थी सोमवार को पीएचडी रजिस्ट्रेशन कराने के लिए विश्वविद्यालय मुख्यालय पहुंचे। बताया कि वे पिछले 9 माह से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग और रांची विश्वविद्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। शोध निदेशक नहीं मिलने के कारण उनका पीएचडी रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। वे अपनी शिकायत लेकर कुलपति कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन कुलपति वहां नहीं थे। इसपर उन्होंने विरोध-प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व भी उन्होंने कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मिलकर अपनी समस्या बताई थी, लेकिन कुलपति ने उनकी बातों को सिरे से नकार दिया था। शोध छात्रों ने कहा कि अगर अगले 2-3 दिनों के अंदर उनके मामले पर संज्ञान नहीं लिया गया तो वे विश्वविद्यालय में तालाबंदी करेंगे। साथ ही जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग को भी अनिश्चितकाल के लिए बंद कर देंगे। वीसी से मुलाकात नहीं होने के बाद नाराज शोध छात्र रजिस्टार कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्याएं बताई। उन्होंने मांग की कि विश्वविद्यालय में जितने भी शोध निदेशक हैं, उनके पास कितनी सीटें खाली हैं, उसकी सूची जारी की जाए। साथ ही, जेपीएससी से नियुक्त हुए नियमित शिक्षकों के अंतर्गत शोध करने की अनुमति दी जाए।

## एचईसी के अधिकारियों ने मुख्यालय के सामने हवन कर अपने भविष्य की कामना की

रांची। एचईसी के अधिकारियों का आंदोलन सोमवार को भी जारी रहा। अधिकारियों ने मुख्यालय के समक्ष हवन कर अपना विरोध जताया और एचईसी के उज्वल भविष्य की कामना की। अधिकारी 12 माह से वेतन नहीं मिलने और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। 23 दिनों से उनका आंदोलन जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक सीएमडी से उनकी वार्ता नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि एचईसी जैसे प्रतिष्ठान के इंजीनियर पकौड़े तल रहे हैं और चाय बेच रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार इंजीनियरों को आगे बढ़ाने और इस मातृ उद्योग को बचाने के लिए प्रयास नहीं कर रही है। इससे मेक इन इंडिया का सपना साकार नहीं होगा। अफसरों का कहना है कि केंद्र सरकार जब तक सीएमडी को वार्ता के लिए नहीं भेजेगी।

---

### महास्नान के बाद खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक का श्रृंगार अनुष्ठान विधिवत रूप से हुआ संपन्न

# पट खुलते ही भक्तजनों की जय-जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को गत अमावस्या महास्नान के बाद खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार अनुष्ठान विधिवत संपन्न हुआ। सोमवार को प्रातः 5:00 बजे मंदिर खुलने के बाद 5:30 बजे मंगला आरती 8:30 बजे श्रृंगार आरती व 12:15 बजे विश्राम संघ आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिए गए। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि दोपहर 2:00 बजे से केसर चंदन तिलक श्रृंगार अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। खाटू नरेश का प्रातः का श्रृंगार व वस्त्र (बागा) को बदलकर नवीन बागा वस्त्र धारण करवाकर गुलाब के इत्र से मसाज किया गया। केसर चंदन का श्रृंगार किया गया। सफेद, ऑरेंज, ब्लू, पीला, बैंगनी, गुलाबी, कथा, कलर की स्टार फूल की माला, रजनीगंधा, मुर्गन, गेंदा लाल, गेंदा पीला, वह तुलसीदल की मोटी मोटी



फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, श्री हनुमान जी, श्री शिव परिवार श्री रिद्धि सिद्धि प्राचीन फोटो व गुरुजनों के चित्रों का भी विशेष श्रृंगार किया गया। सभी को केसर चंदन का तिलक भी लगाया गया। मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा मंदिर के सहयोगी आचार्य अनूप दाधीच व मंदिर के आचार्यों ने विधिवत परंपरागत ढंग से श्रृंगार अनुष्ठान संपन्न कराया। पंचमेवा का भोग भी लगाया गया। श्री बालाजी महाराज राजेश सिंघानिया द्वारा श्रृंगार सेवा निवेदित की गई। वस्त्र (बागा) इत्र व पंचमेवा सेवा राजेश सिंघानिया के द्वारा अर्पित की गई। संध्याकाल श्रृंगार सभी पट खोल दिए गए भक्तजनों की जय जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। देर रात तक भारी संख्या में मंदिर पहुंचकर श्री श्याम दरबार में अपना मत्था टेका 7:00 बजे ग्वाल आरती व 8:30 बजे सयान आरती व रात्रि 9:30 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए गए।

### आज होगा सुंदरकांड का पाठ

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती के वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 29 नवंबर मंगलवार को साय 4:30 बजे से 26 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होगा। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री श्री अग्रवाल मोनू ने दी।

---

### एनएसयूआइ की कॉलेज इकाई का किया गया गठन

## प्राचार्या डॉ. बंदना राय का घेराव कर 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सोमवार को झारखंड एनएसयूआइ के प्रदेशाध्यक्ष आमिर हाशमी जी के आदेश अनुसार रांची विश्वविध्यालय छात्र संघ पूर्व उपाध्यक्ष हुसैन अंसारी एवं एनएसयूआइ जिला सचिव आशिक अंसारी के नेतृत्व में एनएसयूआइ की कॉलेज इकाई का गठन किया गया एवं तत्काल प्राचार्या डा. बंदना राय का घेराओ कर 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमन अहमद मुख्य रूप से उपस्थित हुए। एनएसयूआइ के प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज प्राचार्य से कहा की हमलोगों की छात्रहित की सभी मांग जायज है इसपर विचार कर इन्हे 1 महिने के भीतर पूर्ण करने का कार्य करें कॉलेज प्रशासन। अतः भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

छात्रहित में हमारी मांगे निम्नलिखित है

- कॉलेज परिसर में महिला एवं पुरुष के सौचालय की साफ-सफाई कराई जाए ॥
- कॉलेज परिसर में पुलिस पिकेट की ववेस्था कराई जाए।
- इंटर्मीडियेट, यू.जी एवं पी.जी के छात्र-छात्रओं को जल्द से जल्द आइडेंटिटी कार्ड उपलब्ध कराई जाए।
- कई विभागों में शिक्षकों की कमी है, उसको दूर किया जाए।
- अनुबंध स्टाफकमीयों का एक जगह से दूसरी जगह स्थानकन किया जाए।
- कॉलेज का साइट और चांसलर पोर्टेल परमानेंट स्टाफ को दिया जाए।

लायब्रेरी में यू. जी एवं पी.जी के किताबों को उपलब्ध कराया जाए।

एनएसयूआइ की नई कमिटि कुछ इस प्रकार है : कॉलेज इकाई अध्यक्ष मेहरबान अंसारी,

कार्यकारी अध्यक्ष अमन ठाकुर, वरीय उपाध्यक्ष शाबान अंसारी, उपाध्यक्ष विकास कुमार, रेहान अंसारी, कोषाध्यक्ष प्रिंस राज, महासचिव इमरान, मालिक, इबरार, सचिव सौहेल, इरशाद, वसीम, सह-सचिव आंसूमन सोनी, सनाउल्लाह, आफताब, इमरोज, सदस्य मनीष, रोहित, रकीब, अबू तालिब, जूल्फन, सौएब, आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में संविधान के मूल्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया

रांची। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को सेंट जेवियर्स कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भारतीय संविधान के मूल्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराना और संविधान निमार्ताओं के योगदान को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व पर जागरूक किया और संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। वहीं, राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो बीके सिन्हा ने संविधान निमार्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए हर वर्ष संविधान दिवस मनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। डीएसडब्ल्यू डॉ मारकुस बारला, आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ अजय श्रीवास्तव और डॉ वेंकट अप्पा राव ने भी अपने विचार साझा किए।

---

### झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित

## 30 लाभार्थी प्रशिक्षण कार्यक्रम में हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। दिनांक 28.11.2022 दिन सोमवार को प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया। जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के



आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। मुख्य प्रशिक्षको ने अपने अनुभव को उन्होंने लाभुको से साझा साझा किया। मुख्य प्रशिक्षकों ने लाभुकों को मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न उपकरणों, मुख्यतः मधु पेटी के विभिन्न हिस्सों के के बारे में तथा मधु व विभिन्न फूलों में उपस्थित पराग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया। मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया तथा प्रशिक्षणार्थी के सवालों का जवाब बारीकी व व्यवहारिक उदाहरण देकर समझाया गया।

---

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परीक्षा केन्द्र चयन समिति की हुई बैठक

# वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2023 के लिए प्रस्तावित 102 परीक्षा केन्द्रों को समिति ने किया अनुमोदित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सोमवार को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परीक्षा केन्द्र चयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागर में आयोजित बैठक में विभिन्न शिक्षक संगठनों के सदस्य एवं सांसद/विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में सबसे पहले जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची सह सदस्य सचिव द्वारा सभी को अध्यक्ष, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)



परीक्षा-2023 से संबंधित परीक्षा केन्द्र एवं मूल्यांकन केन्द्रों के निर्धारण के संबंध में दिये गये निदेशों से अवगत कराया गया। बैठक में जिला स्तरीय परीक्षा केन्द्र चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2023 के लिए 39995 परीक्षार्थियों के लिए 102 प्रस्तावित परीक्षा केन्द्र को अनुमोदित किया गया। इसके अंतर्गत 319 उच्च विद्यालय सम्बद्ध है। समिति द्वारा इंटरमीडिएट माध्यमिक परीक्षा-2023 हेतु 43354 परीक्षार्थियों के लिए 57 प्रस्तावित परीक्षा केन्द्र जिसके अंतर्गत 110 प्लस टू विद्यालय एवं इंटर महाविद्यालय सम्बद्ध है, सर्वसम्मति से समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2023 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जिला मुख्यालय में ही 07 मूल्यांकन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है जिसे आशिक संसोधन के प्रस्ताव के साथ समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। जबकि वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा- 2023 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जिला मुख्यालय में ही 07 मूल्यांकन केन्द्रो का निर्धारण किया गया है जिसे आंशिक संसोधन के प्रस्ताव के साथ समिति ने अनुमोदित किया। मध्य विद्यालयों एवं स्थापना अनुमति/प्रस्वीकृति माध्यमिक एवं इंटर महाविद्यालयों के परीक्षा केन्द्र निर्धारण की स्थिति में सरकारी उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ वरीय शिक्षक को परीक्षा केन्द्राधीक्षक बनाये जाने के प्रस्ताव को भी समिति ने अनुमोदित किया।

> वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2023 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जिला मुख्यालय में ही 07 मूल्यांकन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है।

---

# ठंड में 'नर सेवा नारायण सेवा' की मिसाल पेश कर रहे ट्रस्ट के सदस्य

नवीन मेल संवाददाता

रांची। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए सोमवार को 150 निर्धन लाचार असहाय विकलांग एव वृद्ध ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों के बीच इस ठण्ड में भी निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के सदस्य। आज ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल की उपस्थिति में श्री राम विवाह पंचमी दिवस के शुभअवसर पर कटहल मोड़ रोड पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में पड़ रही ठंड के मौसम को देखते हुए आज पुंदाग बस्ती, साहु चौक,



मेरोंग सोरेंग, लोहरा टोली एवं विभिन्न बस्तियों से आये हुए लगभग 150 जरूरतमंद, निर्धन, लाचार, विकलांग, दिव्यांग ग्रामीणों के बीच संस्था के सदस्यों ने लगभग 150 कम्बल,150 मफलर और 150 ऊनी मोजा का निःशुल्क वितरण किया। निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे का भी आयोजन किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सदस्यों ने किया। आज की सेवा के महान कार्य में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, सुरेश चौधरी, बिष्णु सोनी, शिवभगवान अग्रवाल, परमेश्वर साहु, चरणजीत साहु, रमेन्द्र पाण्डेय, आलोक सिंह, धीरज कुमार गुप्ता एव इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### 10 एकड़ में लगे पेड़ की कटाई करने के मामले में तीन हिरासत में



गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र कुबरी गांव में 10 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से लकड़ी काटे जाने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया। अवैध रूप से लकड़ी काटे जाने की खबर पूरे प्रखंड में आग की तरह फैल गई। खबर की सूचना पाते ही अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, डीएफओ दक्षिण वन मंडल वनरक्षी ने लकड़ी काटे गए स्थल जांच किया। जहां पर लकड़ी काटे जाने का मामला सही पाया गया। इधर अंचल अधिकारी ने दो ट्रैक्टर अवैध रूप से काटे गए लकड़ी को जब्त कर थाना को सौंप दिया। जबकि इस कार्य में सम्मिलित तीन लोगों को थाना को सौप दिया है। बताया जाता है कि कुबरी गांव में कुछ लोगों द्वारा लकड़ी को काटकर जमीन बनाने का कार्य किया जा रहा था। जिसकी सूचना वन विभाग के साथ अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी को दिया गया। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच करने लगे। हालांकि प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त जमीन वन क्षेत्र से बाहर है। बरहाल हरे पेड़ को काटना वन अधिनियम के तहत अपराध माना जाता है। हरे व सूखे पेड़ की कटाई करने से पहले वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक माना जाता है।

### दो दिवसीय जतरा महोत्सव आज से शुरू झामुमो नेता शफीक खान करेंगे उद्घाटन

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक दो दिवसीय जतरा महोत्सव की आज से शुरूआत होगी पहले दिन भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है जहां पर दूर-दूर से खेल तमाशे एवं खिलौने मिठाइयों की दुकान आएगी मेले की विधिवत उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडल सदस्य शफीक खान के द्वारा 2 बजे रिबन काटकर किया जाएगा। जिसके बाद मेला सुचारु रुप से चलेगी। इधर समिति के संयोजक सह मीडिया प्रभारी विकास साहू ने बताया है कि मेले को लेकर समिति की ओर से सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। वही दूसरे दिन बुधवार को सुबह 11:00 बजे से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें झारखंड के मशहूर कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे।

### डायनामाइट की चपेट में आने से युवक की मौत

**लातेहार।** सरयू टिओपी क्षेत अंतर्गत घासी टोला पंचायत के कोरवाटोली गांव में एक दर्दनाक घटना हुई है। यहां डायनामाइट की चपेट में आने से एक 25 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई है। घटना शनिवार की शाम की बताई जा रही है। मृतक युवक की शिनाख्त मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु गांव निवासी चलितर सिंह पिता कामेश्वर सिंह के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतक के सास रामकली देवी ने बताया कि चलितर उरांव 15-20 दिनों से यहीं रह रहा था। इसी बीच शनिवार को वह डायनामाइट और मोबाइल के बैटरी के साथ कुछ कर रहा था। तड़्री विस्फोट हो गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना स्थल से एक और डायनामाइट बरामद किया है। जिसे पुलिस अपने साथ लेकर गई है। इधर घटना की जानकारी के बाद कोरवाटोली पहुँच पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भ्रेज दिया है।

### आदिम जनजाति परिवार के घर पर पहुंचाया गया राशन

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत के राजगुरु में रह रहे आदिम जनजाति परिवारों के बीच डाकिया योजना तहत घर जा जाकर सोमवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार व स्थानीय मुखिया सुरेश उरांव ने राशन पहुंचाया।प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुमार ने बताया कि 3 आदिम जनजाति परिवार के बीच माह अक्टूबर का राशन दिया गया।

### आशीष नाथ शाहदेव भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए उज्जैन रवाना

**बारियातु।** प्रखंड के फुलसु ग्राम निवासीय सह युथ कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष लाल आशीष नाथ शहादेव ने सोमवार को राहुल गांधी द्वारा चल रहे भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में शामील होने के लिए उज्जैन रवाना हुए।रवाना से पुर्व युवा नेता शहादेव ने बारियातु स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में माथा टेका। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राजयसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष मो मुमताज ने कांग्रेसी शॉल ओढाकर रवाना किया। मौके पर अमर साव, संजीत प्रजापति, मंदीप राम, निखिल सिंह सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

भाजपा सिमडेगा किसान मोर्चा जिला कार्य समिति की बैठक में बोले प्रदेश अध्यक्ष

# बूथ स्तर पर किसान मोर्चा को मजबूत करें

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सिमडेगा जिला अरे समिति की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू उपाध्यक्ष राजेश सिंह कार्यालय मंत्री अजय दुबे प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष हीराराम द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए किया और साथ ही कहा कि किसान मोर्चा को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और जिला समिति प्रखंड समिति के अलावा पंचायत एवं बूथ तक इसे मजबूत की जाएगी ताकि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। मौके पर उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष पवन सिंह ने




कहा कि आज वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राज्य में जो स्थिति उत्पन्न हुई है वह आज तक कभी नहीं हुई थी आज हर तरफ लूट हत्या बलात्कार एवं किसानों के साथ यह सरकार ठगने का काम किया है आज सूखाग्रस्त पूरे राज्य को करना था लेकिन महज कहीं-कहीं पर किया गया और कई जगहों को छोड़ दिया सिमडेगा को भी छोड़ दिया गया है जिससे कि किसान काफी ठगा महसूस कर रहे हैं इस क्षेत्र में भी बारिश कम हुई जिसके कारण फसलों को नुकसान हुआ लेकिन यह सरकार को आम जनमानस से किसी प्रकार का स्वर्णकार नहीं है। यही हाल रहा तो भाजपा किसान मोर्चा जल्द ही सिमडेगा में सिमडेगा जिला को सूखा घोषित करवाने को लेकर धरना देगी। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि आज जो स्थिति उत्पन्न हुई है यह किसी से छुपा हुआ नहीं है इसीलिए सरकार के दमनकारी नीतियों को जनमानस को बताएं ताकि आने वाले चुनाव में यह सरकार को लोग सत्ता से बाहर करें और भाजपा की सरकार बनाकर सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। मौके पर जिला महामंत्री दीपक पूरी, मंत्री तुलसी कुमार साहू,कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद,किसान मोर्चा महामंत्री जगदीश साहू, बल्केश्वर सिंह, मंत्री अंजू देवी, कोषाध्यक्ष रामजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष रामबिलास राणा, रामलाल नायक, परमेश्वर सिंह, जनेश्वर बिल्हौर, विजय कुमार सिंह आईटी सेल प्रभारी घनश्याम सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी अनूप कुमार राणा के अलावा कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही

# लंबित आवासों को अविलंब पूर्ण करने का डीडीसी ने दिया निर्देश

- दिसम्बर माह के अंत तक 03 हजार आवासों को पूर्ण करने का निर्देश
- बीडीओ को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की दी गयी सलाह

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो ।** बियाडा स्थित सभागार सोमवार को उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी. ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) के साथ मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का समीक्षा बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने दिसम्बर माह के अंत तक 03 हजार आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इसको लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को कहा। प्रतिदिन कार्य प्रगति की मानीटरिंग करने को कहा। वहीं, बाबा साहेब अम्बेदकर योजना अंतर्गत सभी आवासों को दिसम्बर 2022 तक पूर्ण करने एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 के लक्ष्य का शत प्रतिशत स्वीकृति, प्रथम किस्त भुगतान एवं नियमानुसार आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया। मनरेगा योजना अंतर्गत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मानव दिवस सृजन, वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान, ऑगनबाड़ी केन्द्र, मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत प्रगति लाने को कहा। मनरेगा अंतर्गत बायोगैस प्लांट अंतर्गत सभी प्रखंडो को लक्ष्य निर्धारित करते हुए लक्ष्य का 50 फीसद लाभुकों का चयन छह दिसम्बर 2022 तक करने का निर्देश दिया। मौके पर सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# खेल भावना से ही खिलाड़ी भविष्य में बड़े मुकाम हासिल कर सकते है : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत तेलंगा खड़िया स्टेडियम में सोमवार को झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर दो दिवसीय खेलो झारखंड 2022- 23 प्रतियोगिता का शुभारंभ । मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपायुक्त सुशांत गौरव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उप विकास आयुक्त हेमंत सती द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में प्रखंड स्तर पर चयनित बच्चों ने जिला स्तर के प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में जूनियर 6 से 8 कक्षा तक के बच्चे तथा सीनियर वर्ग में 9 से 12 कक्षा तक के बच्चों ने हिस्सा लिया । प्रतियोगिता में कक्षा 6 -8 बालक/बालिका वर्ग के खेल में 100 मी, 200 मी, 400 मी, 600 मी रेस, 4. 100 रिले रेस, लॉन्ग जम्प, हाई जम्प, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, कराटे, हॉकी और फुटबॉल शामिल है। तेलंगा खड़िया स्टेडियम में कबड्डी ,संत इग्नेसियूस कॉलेज में फुटबॉल/हॉकी/वॉलीबॉल प्रतियोगिता तथा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 1350 बच्चों ने विभिन्न प्रखंडों /वर्गों/ कक्षा से भाग लिया है। उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता में भाग केवल जीतने के उद्देश्य से लिया जाता है परंतु यदि हार का सामना करना पड़े तो भी उसे शालीनता से स्वीकार करने वाले खिलाड़ी ही भविष्य में मुकाम हासिल करते है।

राम विवाह महोत्सव के साथ 24 घंटा अखंड हरिकीर्तन का शुरू

# कीर्तन मंडलियों ने हरे नाम के जय घोष से पूरे क्षेत्र में घोला भक्ति का रस

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो के करंजी में अघन मांस के पंचमी तिथि पर श्री राम विवाह महोत्सव के शुभ अवसर पर 24 घंटा का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके पूर्व सोमवार की अगले सुबह कार्यक्रम स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाला गयी। जो कलश यात्रा पूरे करांजी गांव का परिक्रमा करते हुए ऐतिहासिक करांजी डैम बांध पहुंचा। जहां पुजारी के वैदिक मंत्रोचार के साथ पवित्र गंगाजल की पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं के कलश में पवित्र गंगाजल उठाया। वही करांजी डैम बांध से कलश यात्रा पुनः वापस कार्यक्रम स्थल पहुंच कलश का स्थापना किया



गया। कलश स्थापना के साथ ही श्री राम विवाह महोत्सव का विशेष पूजा अर्चना पुरोहित के रूप में राजा पाठक यजमान धनक देव तिवारी सह पत्नी सीता देवी द्वारा गौरी गणेश पूजन के साथ राम विवाह महोत्सव अनुष्ठान संपन्न कराया। वही पूजा अर्चना के बाद 24 घंटा अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया। अखंड हरिकीर्तन में सिलागाई, गणेशपुर के महिला कीर्तन मंडली टीम के साथ बीजूपाड़ा, गढ़ाटोली, तुको, केशा, बेड़ो समेत कई गांव के कीर्तन मंडली ने अखंड हरी कीर्तन में भाग लिया। इस दौरान अखंड हरिकीर्तन में हरे नाम के गुजमान से कीर्तन मंडलियों ने पूरे क्षेत्र में भक्ति का रस घोल दिया। मौके पर राम विवाह महोत्सव सह अखंड हरिकीर्तन के आयोजक विष्णु देव राम तिवारी ने कहा कि आज के लोग अपने स्वार्थ के कारण अपने रीति संस्कृति व धर्म को भूलते जा रहे हैं। मौके पर धनंजय देवराम तिवारी, शिव शंकर तिवारी, पारस गोप समेत कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

### साइबर क्राइम का शिकार हुआ बेलाबार गांव का युवक

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बेलाबार गांव निवासी युवक एकरामुल हक अंसारी सोमवार को साईबर क्राइम का शिकार हो गया। युवक से साइबर क्राइम अपराधियों ने 90 हजार रुपए में बोलेरों वाहन देने का झांसा देकर 58 हजार 420 रू का ठगी कर लिया। साईबर क्राइम अपराधियों ने युवक से बोलेरों का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए तीन हजार रुपए खाता में डलवाने के बाद युवक से लगातार पैसे की मांग करते हुये पांच किस्त में 58 हजार 4 सौ 20 रू खाता में डलवा लिया। उसके बाद युवक से फोन कर तीन हजार रुपए और मांग की और पुनः झांसा दिया की 50 मिनट में बोलेरों वाहन घर तक पहुंच जायेगा। उसके बाद युवक ने पैसा देने से इन्कार कर दिया और इसकी सूचना घर वालों को दी।खबर लिखे जाने तक मामला केतार थाना में नहीं पहुंचा है।

### फर्जी तरीके से भूमि हड़पने का आरोप

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र में एक पुत्र ने अपनी मां को धोखा देकर व झांसे में लेकर केवाला पर अंगूठे का निशान लगाकर 29.25 डिसमिल जमीन अपनी पत्नी के नाम करवा लिया। इस बाबत थाना क्षेत्र के द्वारी गांव निवासी दोदी साव के पत्नी डमरी देवी ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर दाखिल खारिज पर रोक लगाने व न्याय दिलाने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि छोटा पुत्र राजू कुमार गुप्ता ने मुझे झांसे में लेकर अपनी पत्नी अर्चना कुमारी के नाम खाता संख्या 29 प्लोट नंबर 3094 के रकबा 29.25 डिसमिल केवाला करवा लिया है, जो फर्जी है। हमने कोई भी जमीन व संपत्ति हस्तांतरण नहीं किया है। उक्त संपत्ति पर एक मात्र मेरा ही दखल है। इधर अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बडीयाताड़ में जय श्री राम समिति की बैठक, बोले

# सनातन समाज अपनी ताकत को समझे

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के एकागुड़ी पंचायत के अंतर्गत बडीयाताड़ में जय श्री राम समिति की बैठक जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जय श्री राम समिति संगठन से जुड़कर सेवा की भावना रखने वाले लोगो ने कमेटी बनाने की इच्छा जिला पदाधिकारियों के समक्ष रखी। जिनकी भावनाओं को देखते हुए जिला पदाधिकारी एवं ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। मौके पर संरक्षक बालेश्वर साहू, आनंद साहू, अध्यक्ष श्याम किशोर साहू, उपाध्यक्ष संजय साहू, सुरेंद्र साहू, अंकित साहू, महामंत्री प्रदीप कुमार साहू, कोषाध्यक्ष गौतम कुमार, संगठन मंत्री मनोज साहू, प्रमोद साहू, मीडिया प्रभारी रोहित कुमार को बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा सनातन समाज अपनी ताकत को



समझें। समय की मांग है संगठन ही अंतिम विकल्प। संगठन में ही शक्ति है संगठन के बिना सब कुछ अधूरा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा जय श्री राम समिति के कार्यों की जितनी सराहना की जाए कम है हमारे ग्राम वासी समिति के कार्यों से प्रभावित होकर समिति से जुड़ अपनी सेवा देने के लिए आतुर है। बैठक के पश्चात सदस्यता अभियान को बढ़ाते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सदस्यता ग्रहण कर शुरूआत की। इस अभियान से लोगों में काफी हर्ष का माहौल है। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, जिला महामंत्री अजय साहू, जिला सह-कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, नंदलाल साहू, विनोद साहू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अज्ञात स्कूटी चालक ने बच्चें को धक्का मारकर किया घायल

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़/लातेहार।** मुख्य बाजार स्थित रामपुर चौक पर तेज रफ्तार से चल रही अज्ञात स्कूटी चालक द्वारा एक स्कूली बच्चे को धक्का मार दिया



गया। घायल स्कूली बच्चा आशित कुजूर (7) पिता सुबोध कुजूर ग्राम विश्रामपुर का रहने वाला है, जो कि संत जोसेफ मध्य विद्यालय में पहली क्लास का छात्र है। बच्चा स्कूल छुट्टी होकर घर विश्रामपुर वापस जा रहा था, तभी रामपुर चौक के समीप स्कूटी चालक द्वारा उस बच्चे को जोर से धक्का मार दिया गया जिसे बच्चा घायल हो गया, जिसे देख मानवता का परिचय देते हुए समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा तुरंत अपने मोटरसाइकिल में बैठाकर इलाज कराने हेतु स्वास्थ्य अस्पताल लिया गया, जहाँ बच्चे को प्राथमिक उपचार कराकर समाजसेवी द्वारा अपने ही मोटरसाइकिल से सुरक्षित बच्चे को उसके घर विश्रामपुर में परिजनों को सुपुर्द किया गया। समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार सिंह के इस मानवता भरी पहल देखकर बच्चे के माता पिता के द्वारा उन्हें काफी सराहना की गयी।

विधायक ने श्रमदान कर ग्रामीणों संग सैलपुट्टी गांव की खराब सड़क का किया मरम्मत, बोले-

# सड़क निर्माण से लोगों को आवागमन में होगी सुविधा

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के घुटबहार पंचायत अंतर्गत सैलपुट्टी जाने वाले सड़क पर सोमवार को कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी एवं कांग्रेस पदाधिकारी तथा ग्रामीणों संग मिल कर श्रमदान करते हुए मरम्मत किया गया। बताया गया यह सड़क पहले से पंचायत समिति फंड से बनाया गया।परंतु बीच-बीच में अधूरा था जिससे आने जाने मे बहुत ही असुविधा हो रहा था ।विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी को जैसे पता चला उसने खुद इस गांव में आकर श्रमदान से और खुद भी कुदाल चला कर आने जाने लायक बनाया ताकि इस गांव के लोगों को समस्या ना हो। उन्होंने कहा इस क्षेत्र के लोगों को सड़क के चलते आए दिन बहुत ही गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस सड़क में कोई भी गाड़ी का आवागमन



प्रभावित था यहा के लोगों को गर्भवती महिला हो या बीमार रोगियों को अस्पताल तक पहुंचना घर बनाने के समग्री हो या शादी विवाह का कार्यकर्म ,बच्चो को स्कूल जाने हो ऐसे अनेक समस्या से जूझना पड़ता था। बारिश के दौरान यह गांव पुरी तरह से टापू में तब्दिल हो जाता है. किचड़ की वजह से रास्ते पर साइकिल तो क्या पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता है। पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी एव कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने श्रमदान कर इस सड़क को आने जाने के लिए बनाया गया अब इस क्षेत्र के लोगों को सड़क की समस्या नहीं होगी। सड़क को मरम्मती से बनवाने के लिए सैलपुट्टी गांव के ग्रामीणों ने विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ,कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया गांव वालो ने कहा की आज तक बहुत विधायक हम लोगों ने बनाया पर विधायक बनने के बाद भूल जाते थे यह पहला विधायक है जो हम लोगों का दुख दर्द को समझा और खुद ही इस गांव पहुंच श्रमदान कर कुदाल चला कर हम लोगों का समस्या का निदान किया। मौके पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि समी आलम, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रखंड बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, जॉनसन डांग, कोषाध्यक्ष कय्यूम आलम, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, जमीर हासन, प्रिंस कुमार, अप्पू आलम, मोजेश समद, सुनील जोजो, समिती अनिमा जोजवार, दिलीप डुंगडुंग, सैलपुट्टी गांव के सभी ग्रामीण मौजुद थे।

### संविधान सप्ताह के तहत मंडल कारा में जागरूकता शिविर का आयोजन

**लातेहार।** नालसा दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के अखिल कुमार के आदेशानुसार सोमवार को संविधान सप्ताह के अवसर पर स्थानीय मंडलकारा लातेहार में विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्रीमति स्वाती विजय उपाध्याय एवं विद्वान अधिवक्ता श्री अनिल कुमार ठाकुर ने उपस्थित कैदियों को संविधान के बारे में जानकारी दी। उक्त अवसर पर मंडल कारा, लातेहार के प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा, मंडल कारा लातेहार के कर्मचारीगण पी.एल.वी. एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# बिजली की समस्याओं से विभाग के पदाधिकारी को कराया अवगत



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के टैसेरा पंचायत के चियारीकानि गांव मे बिजली के समस्या को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने झामुमो संजोयक मंडली सदस्य सफीक खान के पास पहुंचे एवं ग्रामीणों ने कहा बिजली का पोल तो है और तार भी है और सभी घर मे मीटर भी है लेकिन बिजली नहीं रहता है बिजली बिल भी आता है। आज तक कभी भी मीटर को देखने के लिए विभाग के लोग कभी भी नहीं आता है बिजली बिल आ रहा है जिस पर गांव वाले बहुत परेशान है। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के पश्चात संयोजक मंडल सदस्य सफीक खान ने सभी गांव वाले को लेकर बिजली विभाग के पदाधिकारी के पास जाकर सभी समस्या को रखे विभाग के पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि आप लोगों की सभी प्रकार की समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान कर दिया जाएगा। मौके पर. अनिल कान्डुलना, नवास केरकेट्टा एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# न्यूज गैलरी

## अलग-अलग मामले के दो आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जेल




**बरही।** लंबित मामलों को लेकर इंस्पेक्टर सह प्रभारी ललित कुमार के निर्देशन में लगातार छापेमारी अभियान जारी है इसी क्रम में सोमवार को दो विभिन्न मामलों के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। प्रेस बयान जारी कर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि कांड संख्या 31/15 के प्राथमिक अभियुक्त बिहार के जहानाबाद जिला के ढोढारी थाना अंतर्गत घोषी गांव निवाई 65 वर्षीय रामाश्रेय सिंह पिता सरयु सिंह को सब इंस्पेक्टर विकास कुमार, ओम प्रकाश शाह एवं बरही थाना के रिजर्व पुलिस की संयुक्त छापामारी में गिरफ्तार किया गया। इनके विरुद्ध तत्कालीन थाना प्रभारी अकील अहमद के आवेदन पर बरही थाना में आईपीसी की धारा 3/4/4(ए)/5/12/13 के तहत मामला दर्ज है। जिसे गोवंशीय पशु की तस्करी करते रंगे हाथ पकड़े गया था। वही सब इंस्पेक्टर आदित्य कुमार एवं थाना के रिजर्व पुलिस बल ने अवैध रूप से कोयला उत्खनन कर एक राज्य से दूसरे राज्य में अधिक मुनाफा कमाने के लिए बेचने के आरोप में धनबाद जिला की धनसार थाना अंतर्गत गांधीनगर शिव मंदिर के बगल में रहने वाले ट्रक संख्या जेएच10एम 2621 के डीओ होल्डर 42 वर्षीय सुधीर सिंह पेशरान शिवजी सिंह को गिरफ्तार किया गया। इनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 420/ 467/ 468/ 469/ 471 के तहत बरही थाना में कांड संख्या159/14 दर्ज है।

## उप मुखिया की दादी का सौ वर्ष में निधन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के शिलाडीह पंचायत के उप मुखिया सहदेव पासवान की दादी मसो0 टहली का निधन रविवार को संध्या 5 बजे के आसपास हो गई। इनका अग्नि संस्कार सोमवार को निवास स्थान लगनवां नदी में किया गया जिसमें दर्जनों की संख्या में गांव के महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। वही पीड़ित परिवार शोक मग्न है मौके पर सहदेव पासवान ने कहा कि दादी हम लोगों का गार्जियन स्वरूप थी और घर का सबसे बुजुर्ग थी। हमारे परिवार ने एक अभिभावकों को खो दिया। अग्नि संस्कार कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, समीम अंसारी समेत गांव के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## श्रीनगर में आज बैठेगी विस निवेदन समिति

**बरही।** 56 मौजा के विस्थापितों की समस्याओं को लेकर आज मंगलवार को बरसोत पंचायत के श्रीनगर में विधानसभा निवेदन समिति की बैठक बुलाई गई है । बैठक में जिले के उपायुक्त, डीडीसी, डीवीसी के अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी सहित सभी स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक विधानसभा निवेदन समिति के सभापति सह स्थानीय विधायक के उमाशंकर अकेला यादव की अध्यक्षता में संपन्न होगी। इसमें विस्थापितों को भूमिका मालिकाना हक या पट्टा दिए जाने की संभावना है। इस बैठक में सभी विसथापितो से पूरे दस्तावेज के साथ उपस्थित रहने का अपील किया गया है।

## सफेद पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वन विभाग की टीम रेंजर रामबाबू कुमार के नेतृत्व में मिली गुप्त सूचना के आधार पर लोहासीकर के पास सफेद पत्थर लदा ट्रैक्टर जप्त किया गया। रेंजर ने बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर ट्रैक्टर में सफेद पत्थर धोबियाडीह जंगल से लोड करके तिलैया की तरफ जाने के क्रम में लोहासीकर के समीप वन विभाग की टीम ने रुक कर जांच किया तब सफेद पत्थर लोड था। चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। जिसके बाद जब्त करके वन परिसर लाया गया। ट्रैक्टर में 1 टन सफेद पत्थर लोड बताई जा रही है, इसकी कीमत लगभग दो लाख बताई जा रही है। इस अभियान में वनरक्षी पंकज कुमार, सुजीत कुमार सोनी, हिरामन उराव मौजूद थे।

## कुष्ठ रोग से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**बरही।** अनुमंडल अस्पताल बरही में कुष्ठ रोग को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से प्रखंड के सभी सहिया उपस्थित थे। प्रशिक्षण डी एस डॉ प्रकाश ज्ञानी के द्वारा दिया गया। जिसमें कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार इत्यादि संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि कुष्ठ लाईलाज नहीं है। इसके लिए सरकार के द्वारा एमडीटी जैसे निशुल्क दवाइयां सभी स्वास्थ्य केंद्र पर दिए जाते हैं। कुष्ठ एक बैक्टीरिया जनित रोग है। जो पीड़ित व्यक्ति के खांसने या हंसने से उनके श्वसन से निकलने वाली पानी की बूंदों से लेप्रे बैक्टीरिया निकलते है। जो दूसरे व्यक्ति ने प्रवेश करता है। जिसके 4 से 5 साल में लक्षण दिखने लगते हैं। कार्यक्रम में डॉ एके रंजन, सुधांशु शेखर आदि सहित प्रखंड के कई सहिया मौजूद थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक

# अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों व माफियाओं पर विभाग को सख्त कार्रवाई करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को ज़िला खनन टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक हुई । बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए खनन माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभागों को सघन चेकिंग अभियान चलाने एवं पुलिस व सामान्य प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा एकल विभागीय कारवाई से अवैध खनन पर अंकुश लगाना संभव नहीं है अतः अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफियाओं पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करें। इसके लिए हर विभाग अपने स्तर से की गई कारवाइयों एवं सूचना का आदान प्रदान करने में समन्वय बना कर कार्य करें। सितंबर अक्टूबर माह में प्रखंड - अंचल- थाना क्षेत्र में की गई कारवाई की समीक्षा करते हुए अवैध बालू, चिप्स आदि लघु खनिज पदार्थ के रोकथाम के लिए किए गए प्रयासों को नकाफी बताते हुए थाना व अंचल अधिकारियों को संयुक्त कारवाई करने और सघनता बढ़ाने का निर्देश दिया साथ ही सभी अंचलों से कारवाई में जब्त वाहनों पर कारवाई में समरूपता लाने, राजस्व की चोरी रोकने, दबावों से मुक्त प्रावधानों के तहत कारवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा थाना प्रभारी व अंचल अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेवारी होगी कि लघु खनिजों के अवैध खनन,परिवहन पर अंकुश रहे। उपायुक्त ने अब तक अवैध खनन और वाहनों पर हुई कारवाई को संतोषजनक नहीं बताया। उन्होनें कहा की राज्य सरकार अवैध उत्खनन एवं अवैध परिचालन पर गंभीरता से समीक्षा कर रही है। उन्होंने सभी विभागों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए कार्यों को अंजाम देने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी बरही व सदर अपने मॉनिटरिंग मेकेनिज्म को दुरुस्त करें तथा कारवाई स्थल पर भी मौजूद रहें। उपायुक्त ने सख्त लफ्जों में कहा कि इको सेंसेटिव जोन में कोई भी क्रशर संचालित न हो यह डीएमओ सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जीएम लैंड में अवैध माइनिंग की सूचना प्राप्त हों रही है,ऐसे मामलों पर संबंधितों पर माइंस एंड मिनिरल एक्ट के तहत कड़ी कारवाई करने का निर्देश दिया।

जिला परिवहन पदाधिकारी व जिला खनन पदाधिकारी को संयुक्त रुप से टीम बनाते हुए चोरदाहा व अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन वाहन जांच करने का निर्देश दिया ताकि अवैध परिचालन पर अंकुश लगाया जा सके। इस बैठक में उपायुक्त के अलावे एसपी चोथे मनोज रतन,डीएफओ पूर्वी, पश्चिमी, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ गर्ग, एसडीओ सदर/बरही विद्या भूषण कुमार/पूनम कुजूर, डीएमओ अजीत कुमार, संबन्धित अंचलाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित थे।

### सुखाड़ प्रभावित कृषक परिवारों को राहत भुगतान को लेकर बैठक


## कोडरमा जिला के पांच प्रखंड किया गया सूखाग्रस्त घोषित



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** न्यून वषार्पात एवं अल्प फसल आच्छादन के फलस्वरुप कोडरमा जिले के सुखाड़ प्रभावित कृषक परिवारों को आनुग्राहिक राहत भुगतान को लेकर सोमवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा न्यून वषार्पात एवं अल्प फसल आच्छादन के फल स्वरुप जिले के 5 प्रखंडों में सुखाड़ प्रभावित कृषक परिवारों एवं भूमिहीन कृषक मजदूर को आनुग्राहिक राहत भुगतान हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि कोडरमा जिला में चंदवारा प्रखंड को छोड़कर 5 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। उन्होंने इन प्रखंडों के प्रभावित कृषक परिवारों एवं भूमिहीन कृषक मजदूर को आनुग्राहिक राहत भुगतान हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए प्रज्ञा केंद्रों को पंचायतवार टैग करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ देने के लिए आवश्यकता पड़े तो किसानों का डोर टू डोर निबंधन भी कराएं। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को माइक्रोप्लान तैयार कर किसानों से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जारी एसओपी के अनुरूप प्राप्त आवेदनों का सत्यापन भी सुनिश्चित करें। इसके लिए किसानों को टोकन के रूप में 1 रुपए देय होगा, इसके अतिरिक्त किसानों के निबंधन से संबंधित पैसे लेने पर टोल फ्री नंबर 18001801551 पर संपर्क करे। आयोजित बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीएससी मैनेजर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रखंड में जंगली हाथियों का तांडव जारी, ग्रामीणों में आक्रोश



**जयदीप कुमार सिन्हा**

**बरही।** पिछले कुछ दिनों से प्रखंड के विभिन्न पंचायत करसो, खोड़ाहर, रानीचुआ आदि पंचायतों में जंगली हाथियों का तांडव जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग जानकर भी अब तक कोई कारगर कदम नही उठा सका है। जिससे पहाड़ी क्षेत्र में अवस्थित धोबघट, पांच माईल, कुंडवा आदि क्षेत्र के लोग भय के साए में रहने के लिए मजबूर है। संबधित मामले में पूछे जाने पर फॉरेस्टर दीपक कुमार ने बताया कि वन विभाग के द्वारा हाथी भगाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्रति दिन वन विभाग की रेस्क्यू टीम हाथियों को भगाने का काम कर रही है। लोगो को भी एहतियातन हाथियों से बचने के लिए प्राथमिक सुरक्षा रखने की आवश्यकता है। रविवार की रात्रि एक बार फिर हाथियों के दल ने रानीचुआ पंचायत के कुरहरिया और मंगरा टोला के दर्जनों किसानों के धान, टमाटर, गोभी, आलू इत्यादि फसल रौंद कर नष्ट कर दिया। कृषकों से मिली जानकारी के अनुसार कुरहरिया गांव के अनिल सोरेन पिता मोती सोरेन के 40 डिसमिल, सुकर सोरेन पिता बड़कू सोरेन के 24 डिसमिल, बसंती देवी पति लालू सोरेन के 40 डिसमिल, मैंनो देवी पति शिकारी हेंब्रम के 20 डिसमिल, पारो देवी पति स्व देवन मुर्मू के 20 डिसमिल, मेहीलाल बास्के का 30 डिसमिल जमीन में लगे धान सहित मानती देवी पति शिवराय सोरेन का 22 डिसमिल धान और 6 डिसमिल टमाटर, महेश सोरेन पिता श्यामलाल सोरेन का 8 डिसमिल में लगा आलू एवम सोनू हेंब्रम पिता जहान हेंब्रम के घर के आंगन में रखे 12 डिसमिल जमीन के उपज का धान हाथियों के द्वारा नष्ट कर दिया गया। इसी पंचायत के मंगरा टोला में भी हाथियों ने खूब तबाही मचाई। जिसमे लालजी हांसदा का एक एकड़, कैलू हांसदा पिता जीवलाल हांसदा का 50 डिसमिल, बाबूजान हांसदा पिता ठाकुर हांसदा तथा तुलसी हांसदा पिता लालजी हांसदा का 48 डिसमिल जमीन पर लगा धान बरबाद कर दिया. साथ ही जगदीश हांसदा पिता टुकन हांसदा के 60 डिसमिल जमीन में बने तालाब का मेढ़ तोड़ने से लगभग 20 क्विंटल मछलियां बह गए। विदित हो कि बीते 25 नवंबर को करसों और 26 नवंबर खोड़ाहर के पांच माईल में भी धान, आलू, टमाटर, गोभी, बीन आदि के फसल हाथियों के द्वारा बर्बाद करने की जानकारी मिली है। सोमवार की सुबह पंचायत के राजदेव यादव, अनिल सोरेन, संतोष सिंह, मनोज यादव, बसंती देवी, जगदीश यादव आदि ने सरकार से फसल क्षतिपूर्ति का मांग किया है।

## खुटवार जंगल में पुलिस ने किया आईईडी बम बरामद



**हजारीबाग।** हजारीबाग के चुरचू प्रखंड स्थित आंगो थाना क्षेत्र के खुटवार जंगल में पुलिस ने आईईडी बम बरामद किया। इस बारे में एसपी मनोज रतन चोथे को गुप्त सूचना मिली थी। उन्होंने सत्यापन के लिए टीम भेजी थी। वहां मिली बोरी में विस्फोटक सामग्री होने की आशंका थी। खोलकर देखने पर आईईडी बम मिला। बरामद बम को बीडीडीएस (बम निरोधक दस्ता) की टीम ने उसे निष्क्रिय कर दिया। गौरतलब है कि इलाके में हजारीबाग जिला बल, बीडीडीएस टीम झारखंड जगुवार, रांची और सीआरपीएफ 22 बटालियन के चुरचू स्थित कंपनी के साथ संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसमें टीम गुप्त सूचना पर कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में एसपी ने कहा कि पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने अपील की है कि अभी भी समय है उग्रवादी संगठन मुख्यधारा से जुड़ें, नहीं तो इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

## विशेष कैंप के तहत विरहोर टोला में आयोजित हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम




**बरही।** आदिम जनजाति समुदाय अंतर्गत विरहोरों को मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से केवाल स्थित विरहोर आवासीय कॉलोनी में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत विरहोरो को मतदान हेतु जागरूक भीं किया गया। शिविर का आयोजन बीडीओ सी आर इंदिवर के निर्देश पर किया गया था। जिसमे 20 लोगों के मतदाता पहचान पत्र, 9 का पेंशन, 4 का जॉब कार्ड तथा 75 के आधार कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों को अतिशीघ्र संपादित करने का बीडीओ के द्वारा निर्देश दिया गया। शिविर में बीडीओ सहित मुखिया अनीता देवी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सावना मांझी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र कुमार दास, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक सुरेंद्र कुमार दास, पंचायत सेवक रामबृक्ष सिंह, रोजगार सेवक रामचंद्र पासवान, आंगनवाड़ी सेविका नीलम देवी, सहायिका मुनगा देवी, बीएलओ ऋषिकेश सिंह के अलावा दीपक कुमार, प्रशांत कुमार, मोहन मिर्धा, वासित अंसारी, वसीम अकरम शामिल थे। मौके पर कई ग्रामीण भी मौजूद थे।

## लोक जनशक्ति पार्टी का 23 वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया

**रामगढ़।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का 23 वां स्थापना दिवस 28 नवंबर को लोजपा रामगढ़ के जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता के आवासीय कार्यालय में समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं दलित सेना सह लोजपा (रामविलास) के संस्थापक स्व रामविलास पासवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर अपने संबोधन में लोजपा (रामविलास) के रामगढ़ जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने कहा कि पार्टी के संस्थापक स्व रामविलास पासवान द्वारा देश के विकास के लिए किये गये कार्यों को पार्टी कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करने का पार्टी की स्थापना दिवस पर शपथ लेते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि रामगढ़ जिला में पार्टी कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को पार्टी संगठन से जोड़कर जिले में पार्टी को मजबूत बनायेंगे, ताकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के हाथों को मजबूत बनाया जा सके। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के संस्थापक स्व रामविलास पासवान केंद्र सरकार के जिस भी विभाग में मंत्री रहे, वहां पर उन्होंने पूरी इमानदारी के साथ कार्य कर उस विभाग की गरिमा बढ़ाई। इसी कारण से देशभर में लोग उन्हें आदर और सम्मान देते हैं। लोजपा (रामविलास) के स्थापना दिवस समारोह में लोजपा झारखण्ड प्रदेश सचिव तंरनद पासवान, ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रधान महासचिव उपेंद्र गुप्ता, महिला झारखंड प्रदेश सचिव मीता देवी, रामगढ़ जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता,रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र नायक, वर्ड 7 के सदस्य सुरेश नायक, राजेंद्र यादव, नरेश तुरी, कजरु नायक, उमेश कुमार, गीतू देवी, पिंकी देवी, सुमन देवी, अनीता देवी, साधना देवी, यशोदा देवी आदि शामिल हुए।

## समाहरणालय सभाकक्ष में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक ए स्थित सभाकक्ष में सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अपर समाहर्ता नेल्सम एयोंन बागे ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी को जिले के 5 प्रखंडों गोला, चितरपुर, दुलमी, मांडू एवं पतरातू अंतर्गत किसानों को हुई क्षति का आकलन कर जल्द से जल्द प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में आपदा प्रबंधन प्राधिकार द्वारा कोरोना, सड़क दुर्घटना, सर्पदंश एवं वज्रपात से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा राशि देने संबंधी कार्यों की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामगढ़, नगर परिषद अध्यक्ष रामगढ़, वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़, सिविल सर्जन रामगढ़ सहित अन्य मौजूद थे।

## सत्र 2023-24 रोटरी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का चुनाव संपन्न


- सत्र 2023-24 के अध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी एवं सत्र 2024-25 के लिए अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जैन चुने गये




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के गांधी चौक स्थित रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के सभागार में सत्र 2023-24 रोटरी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव समिति के चेयरमेन प्रदीप कुमार सिंह की देखरेख में चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव में सत्र 2023-24 के लिए अध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी,सत्र 2024-25 के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जैन, सत्र 2023-24 बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के उपाध्यक्ष सुरेश बौंदिया, सेक्रेटरी जय पी सिंह, कोषाध्यक्ष मदन लाल माहेश्वरी, निदेशक संजय शर्मा , संजय जैन ,जीतेन्द्र प्रसाद, सन्तु भाई मानेक, ललित जैन को चुना गया है। उनके निर्विरोध चुनाव पर क्लब के अध्यक्ष अनिल गर्ग, सचिव राहुल जैन, डी पी सिंह, सुरेश प्रसाद अग्रवाल, अरुण रॉय, कमलेश्वर सिंह आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## तिलेश्वर साहू सेना ने खोड़ाहर में किया पंचायत समिति का गठन



**बरही।** प्रखंड अध्यक्ष अध्यक्ष सन्तोष रजवार की अध्यक्षता एवं प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास के संचालन में खोड़ाहर में आहूत बैठक में सर्वसम्मति से तिलेश्वर साहू खोड़ाहर पंचायत कमिटी का गठन हुआ। जानकारी देते हुए मीडीया प्रभारी बबलु साहु ने बताया कि नवगठित समिति में पंचायत प्रभारी प्रकाश दास, संयोजक पप्पू कुमार सिंह, अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सुजीत भुइयां, रामेश्वर रविदास सुनील भुइयां, गिरिजा देवी एवं प्रकाश भुइयां, प्रधान महासचिव भोला ठाकुर, महासचिव विजय रविदास एवं कासी भुइंया, सचिव ज्ञानी भुइयां, प्रवक्ता परमेश्वर ठाकुर सोशल मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर, अनुज कुमार ठाकुर व दिनेश भारती आदि को मनोनित किया गया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष भोली पासवान सहित सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे। प्रखंड अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा को देखते हुए संगठन मजबूत करने पर बल देने की अपील किया।

## केरेडारी प्रखंड अंतगर्त पंचायत कराली में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पंचायत कराली में प्रखंड विकास पदाधिकारी किसटो कुमार बेसरा केरेडारी के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत वैसे लाभुक जिनका प्रथम/द्वितीय किस्त प्राप्त कर लेने के बावजूद भी आवास कार्य पूर्ण नहीं किया गया। वैसे लाभुकों को आवास पूर्ण करने हेतु नोटिस दिया गया। साथ ही 10 दिनों के अंदर आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अन्यथा प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। साथ ही बीएफटी, पंचायत सचिव, एवं मुखिया को निर्देश दिया गया कि, जल्द से जल्द आवास पूर्ण कराये एवं निम्न लाभुकों को नोटिस दिया गया - आशा देवी, मनोज राम, बकरीदन खातून, रविन्द्र पांडेय, मनोहर तिवारी, अनिल तिवारी, जितेंद्र कुमार, रामबृक्ष तिवारी, रामाशीष सिंह इत्यादि। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार, पंचायत सचिव तालेश्वर राम, मुखिया अशोक राम, बीएफटी प्रभु कुमार, उप मुखिया भरत पांडे उपस्थित थे।

### अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 60 मरीजों के बीच दूसरे चरण के तहत बांटे पोषण किट

# अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से कम होगी टीबी मरीजों की संख्या : जिला यक्ष्मा पदाधिकारी





**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने सोमवार को टीबी के 60 इलाजरत मरीजों के बीच दूसरे चरण का पोषण किट वितरित किया। इससे पहले इनके बीच पहले चरण में 22 सितम्बर को पोषण किट बांटा गया था। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत बांटे गए इस इस किट में आहार सामग्रियों जैसे - हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, दाल, चना, गुड़, मूंग और सरसों तेल आदि शामिल थे। ये सभी मरीज आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हजारीबाग के जिला यक्ष्मा पदाधिकारी आरके जायसवाल ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास को बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी लाने के प्रयासों को मदद मिलेगी। इस दौरान उन्होंने टीबी बीमारी के लक्षणों के बारे में आम लोगों को जानकारी दी और उससे बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में मौजूद बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने आम लोगों से टीबी जैसी बीमारी से ग्रसित होने के बाद उसे नहीं छिपाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सही समय पर उपचार से टीबी से हमेशा के लिए छुटकारा मिल सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हजारीबाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसे पूरा करने में ऐसी कोशिशें रंग लाएंगी। अदाणी फॉउंडेशन के इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के बाद आने वाले दिनों में इस इलाके में काम करने वाली और भी कंपनियां टीबी मरीजों के लिए आगे आएंगी। फॉउंडेशन का यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के जनरल मैनेजर और साइट हेड धर्मेंद्र दूबे ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से लगातार जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। अदाणी फॉउंडेशन की टीम सीएसआर के तहत और भी कार्यों को पूरा करने के लिए उत्साहित है।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 12 वर्ष का सश्रम कारावास

**कोडरमा।** नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म किये जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने आरोपी कोडरमा थाना अंतर्गत बेकोबर निवासी मनोब्वर हुसैन पिता हनीफ को पोक्सो एक्ट के तहत दोषी मानते हुए 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 25 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है। पीड़िता के पिता ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाया था। मामले में कहा था कि उसकी पुत्री बीते 9 अप्रैल 2021 की दोपहर 12 बजे घर के बगल स्थित नदी में कपड़ा धोने गयी थी, मेरी पुत्री को अकेला देखकर मनोब्वर हुसैन ने जबरन दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया था। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने की मांग की गई।

## लापरवाही : अर्धनिर्मित सड़क के कारण अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाईक सवार घायल, रेफर



**बरही।** सोमवार करीब प्रातः 7 बजे सामंतो बाईपास के पास एक बड़ी घटना होने से बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रसोईया धमना निवासी 58 वर्षीय सत्तार अली पिता इस्माइल मियां अपने बाईक से बच्चो को छोड़ने डीएवी जा रहे थे। इसी क्रम ने बाईपास के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह और बाईक पर सवार 14 वर्षीय मो गुलाम दस्तगीर पिता मो. असगर और 17 वर्षीय मो इमरान पिता मो इम्तियाज घायल हो गए। घायलों को अनुमंडल अस्पताल लाया गया जिनका प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। विदित हो कि सड़क चौड़ीकरण सड़क कार्य कर रही कंपनियों के द्वारा जहां तहां सड़क को आधे अधूरे छोड़ने से लगातार घटनाएं हो रही है। बाबजूद इस दिशा में ना तो स्थानीय जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासनिक स्तर से सुरक्षा के कोई ठोस पहल की जा रही है हुई है। यदि इस दिशा में शीघ्र कोई ठोस पहल नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ी घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## न्यूज गैलरी

### नशे की हालत में टेंपो अनियंत्रित होकर कुएं में गिरा, मौके पर टेंपो चालक की हुई मौत

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के ग्रेरे टोली निवासी सुखदेव उरांव उम्र 30 वर्ष तिलसिरी निवासी तेम्बू के बारी के कुएं में टेंपो सहित गिर जाने से सुखदेव उरांव की हुई मौत। परिजनों के अनुसार शानिवार को सुबह 11:00 बजे लगभग घर से लरंगो बाजार के लिए अपने टेम्पु के साथ गया था पर काफी रात हो जाने के बावजूद भी घर वापस नहीं आया जिससे परिजनों ने काफी परेशान हो गए एवं सुखदेव उरांव की खोजबीन शुरू की है काफी खोजबीन की पर सुखदेव उरांव का कहीं कुछ पता नहीं चला रविवार को शाम में तिलसिरी गांव के कुछ लोगों ने देखा की तेम्बू उरांव के कुएं में एक टेंपो गिरा हुआ है इसकी सूचना तुरंत घाघरा थाना को दी गई थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी मैं अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचा जहां देखा कुएं में टेंपो गिरा हुआ है थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल जेसीबी को बुलाकर टैंपू को कुएं से बाहर निकाला गया। उसी पर देखा की टेंपो के साथ एक शव भी निकाला गया जिसकी पहचान सुखदेव उरांव उम्र 30 वर्षीय के रूप में की गई। मामले की जांच में जुटी घाघरा पुलिस।

### बानो प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक

**बानो।** प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग की अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत समिति सदस्य की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें हर विभाग से अपनी-अपनी विभाग की जानकारी दी गई। प्रमुख सुधीर डांग ने कहा कि प्रखंड के विकास पर विभाग द्वारा जितने भी सरकार के विकास फंड दी गई गई हो पारदर्शिता हों गांव में योजना से चल रहे कामो की समय पर पूर्ण करावे सभी पंचायत में जनता की समस्या पर खरा उतरें। शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि दी गई फंड से खेल सामग्रियों का खरीद जल्द कराएं। प्रखंड विकास पदाधिकारी, यादव बैठा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी लक्मन महतो, संगीता कुमारी, बालगोविन्द पटेल, बृजलाल पाल इलियाजर कंडुलना, सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं पंचायत समिति सदस्य बैठक में उपस्थित थे।

### जेएसएससी ओपन टेस्ट सीरीज के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**सिमडेगा।** जिले के विद्यार्थियों के लिए सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन के द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (बैंक एसएससी,रेलवे जीसेससी जेपीएससी जीडी के लिए ओपन टेस्ट सीरीज प्रारंभ की गई हैं जिसमे जिले के कोई भी विद्यार्थी जो मैट्रिक पास या उस से ऊपर के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं और अपनी तैयारी को और बेहतर कर सकते हैं। यह टेस्ट सीरीज प्रत्येक पंद्रह दिनों में अलग अलग परीक्षाओं की ली जाएंगी। आने वाले 4 दिसम्बर रविवार को जीसेससी टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा हैं। इच्छुक विद्यार्थी प्रिंस चौक के निकट इलाहाबाद बैंक (इंडियन बैंक) के ऊपरी तल्ले में स्थित सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन के कार्यालय में संपर्क कर शनिवार तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### मंदिर की जमीन की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों ने सीओ से लगायी गुहार

**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला चौक स्थित शिव मंदिर की सुरक्षा हेतु मंदिर निर्माण समिति कोनमेरला एवं आसपास के ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी डॉ खगेन महतो को आवेदन देकर मंदिर के जमीन की सुरक्षा की अपील की है। मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि दशरथ प्रसाद जो कोनमेरला का निवासी नही है मंदिर की जमीन को अपना बता उसे बेचने का प्रयास कर रहा है साथ ही मंदिर को तोड़ने की धमकी दे रहा है। इसके खिलाफ ग्रामीणों ने एकजुट होकर सीओ को आवेदन देकर मंदिर की सुरक्षा की गुहार लगाई है। समिति के सदस्य लूरकु साहू ने बताया कि असली भूमि मालिक ने 5 मई 1982 में दान पत्र में लिखकर दान दिया था। मौके पर सुभाष साहू,कमला देवी,शंकर दास, सुनील साहू,जगत नाग,भरत साहू,सावित्री देवी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### सात वर्षीय एक नाबालिग बच्ची की कुएं में गिरने से हुई मौत

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के चपका गांव में कुआं में गिरने से एक 7 वर्षीय कांति कुमारी की मौत हो गई। कांति कुमारी स्थाई रूप से सेरेंगदाग पकरी पाठ निवासी संजय उरांव कि 7 वर्षीय पुत्री कांति कुमारी थी वाह अपने नाना के घर चपका में रह कर पढ़ाई करती थी नाना के घर के ही बगल के कुएं में खेलने के क्रम में पैर फिसल जाने से कुएं में गिरने से मौत हो गई। परिजन के अनुसार कांति कुमारी सुबह जब बगल के एक कुएं के पास खेल रही थी तो पैर अचानक फिसल जाने से कुएं में गिरने से मौत हो गई आनन-फानन में बच्चे का शव को कुएं से निकाला जहां देखा बच्चे की मौत हो गई थी इसकी जानकारी तुरंत घाघरा थाना को दी गई एसआई जय श्री मिंज अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

### असहाय लोगों के बीच कंबलों का वितरण

**कैरो / लोहरदगा।** बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये कम्बलों का वितरण उतका गांव में वार्ड सदस्य नाजमी बेगम के पति सह जे एम एम नेता अख्तर अंसारी व अन्य के द्वारा किया गया। मौके पर 12 असहाय वृद्ध-वृद्धा के बीच कंबलों का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यालय की ओर से उपलब्ध कराए गए कंबलों का वितरण कर दिया गया। जरूरत मन्दो के बीच कम्बलों का वितरण किया जा रहा है जरूरत पड़ने पर अपने स्तर से भी खरीदकर कंबलों का वितरण किया जाएगा। मौके पर जे एम एम के केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अख्तर, प्रखंड उपाध्यक्ष एनुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

### बोलबा प्रखंड के पाकरबहार मोड़ के पास चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पाकरबाहर मोड के पास मोटरसाइकिल सहित सभी प्रकार के वाहनों की जांच किया गया। इस मौके पर पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं दुर्घटना नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच किया गया। इस मौके पर मोटरसाइकिल चालक के हेलमेट सहित ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन पेपर, इंश्योरेंस पेपर सहित सभी प्रकार के कागजात की जांच की गई। इसके साथ सभी प्रकार के सामानों की भी तलाशी ली गई। इस मौके पर दो पहिया वाहन सहित सभी प्रकार के वाहनों की जांच की गई। बोलबा पुलिस द्वारा बताया गया कि मोटरसाइकिल चालक के हेलमेट की विशेष कर जांच की गई। जिनका भी हेलमेट या आवश्यक कागजात नहीं दिखाएं जाने पर उन्हें हिदायत देकर छोड़ा गया कहां गया की अगली बार से हेलमेट लगाकर चलें साथ ही सभी कागजात भी पास में रखें। इस मौके पर एएसआई भोला प्रसाद सिंह एवं पुलिस बल मौजूद थे।

---

मुखिया के साथ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष का संवाद व जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

# निगरानी में शिकायत पर सुधार नहीं होता है तो लिखित शिकायत साक्ष्य सहित दें : हिमांशु शेखर चौधरी




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि जनप्रतिनिधिगण अपनी जनता को खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत दिये गये अधिकारों को अपनी जनता तक पहुंचाएं, उन्हें उनका हक दिलाएं। अगर राशन कार्डधारी को कम अनाज मिल रहा है, मध्याह्न भोजन में मेनू के अनुसार बच्चों को भोजन नहीं मिल रहा है या आंगनवाड़ी केंद्र में पोषाहार समुचित नहीं मिल रहा हो तथा इस अधिनियम अंतर्गत आनेवाले किसी भी सेवा में कोई कमी हो रही है तो इसके खिलाफ आवाज उठाएं । उक्त बातें राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने सोमवार को लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम मुखियाजनों के साथ संवाद व जनसुनवाई में बतौर मुख्य अतिथि कही। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के आधार पर जो मेनू बना है उसका पालन के लिए आप जनप्रतिनिधियो को निगरानी करनी है। निगरानी में शिकायत पर सुधार नही होता है तो लिखित शिकायत साक्ष्य सहित दें । श्री चौधरी ने कहा कि पंचायत स्तर पर विभिन्न पदों पर जनप्रतिनिधियों का चुनाव हुआ है। ऐसे में मुखिया का कर्तव्य बनता है कि वे अपने क्षेत्र में आनेवाली समस्याओं का निवारण करें। अगर अनुपालन नहीं हो रहा है तो अपने जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी के पास लिखित रूप से शिकायत करें। उस स्तर पर कार्रवाई नहीं होती है तो सीधे राज्य आयोग को लिखें, कार्रवाई होगी। अपने क्षेत्र में ध्यान रखें कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को मिलनेवाली सुविधा की सूची हो। राशन डीलर की दुकान पर लाभुक का नाम व उसे मिलनेवाली राशन की मात्रा का उल्लेख हो। एमटीसी केंद्रों में भर्ती बच्चों की सूची हो। एमटीसी केंद्रों में कुपोषित बच्चों के अटेंडेंट को प्रतिदिन 130 रुपये दिये जाने का प्रावधान है। कहा कि जन प्रतिनिधि अपने क्षेत्र में मिलनेवाले अधिकारों की जानकारी अवश्य रखें। कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोये इसके लिए प्रत्येक पंचायत के पास आकस्मिक निधि के रूप में 10 हजार रुपये की राशि उपलब्ध रहती है, उसका इस्तेमाल करें। यदि राशि समाप्त होती है तो पुनः राशि दी जाती है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

**विकास के लिए सभी को गुणवत्तायुक्त भोजन जरूरी : शबनम परवीन**



राज्य खाद्य आयोग की सदस्य शबनम परवीन ने कहा कि विकास के लिए सभी को गुणवत्तायुक्त भोजन जरूरी है। वर्तमान में एक बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे निवास करती है जिन्हें भोजन नहीं मिल पाता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से सभी को भोजन दिलाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। इसी उद्देश्य से यह अधिनियम बनाया गया है।

**बेहतर मुखिया को किया जाएगा पुरस्कृत**

**अध्यक्ष** द्वारा बताया गया कि अभी राज्य खाद्य आयोग की टीम प्रत्येक जिला का भ्रमण कर रही है। वैसे मुखिया जो लोहरदगा जिला में अपने क्षेत्र की जनता को लाभ दिलाने में बेहतर कार्य करेंगे वैसे सर्वश्रेष्ठ तीन मुखिया को राज्य खाद्य आयोग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

**जिले के वरीय पदाधिकारियों ने दी जानकारी**

**कार्यक्रम** में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि अगर भोजन नहीं मिले तो गुणवत्तापूर्ण जीवन जीनेवाले लोगों की संख्या कम होगी। इसी वजह से खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाया गया। राज्य खाद्य आयोग भी इसी का अंग है। राशन कार्ड में पूर्वविक्ता कार्ड, अंत्योदय कार्ड, विद्यालयों में मध्याहन भोजन अंतर्गत अलग-अलग मेनू के अनुसार स्कूली बच्चों का भोजन, समाज कल्याण अंतर्गत गर्भवती महिला, धात्री महिला, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाएं, पोषाहार, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत पांच हजार रुपए की राशि आदि सुविधाएं हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा द्वारा पूर्वविक्ता राशन कार्ड अंतर्गत पांच किग्रा, अंत्योदय कार्ड, हरा राशन कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत दिये जाने वाले राशन की मात्र, पीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत 35 किग्रा दिये जानेवाले राशन की मात्रा, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन अंतर्गत दिये जानेवाले मेनू के अनुसार भोजन आदि की जानकारी दी। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम द्वारा जिला में अपने भवन में चल रहे आंगनवाड़ी केंद्रों, दिये जानेवाले टेकहोम राशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत दिये जाने वाले कुल पांच हजार रुपए की राशि, प्रसव पूर्व जांच, प्रसव पश्चात, समेत अन्य जानकारी दी। पदाधिकारी द्वारा सहायिका-सेविकाओं का मानदेय, दिव्यांग पूरक पोषाहार समेत अन्य जानकारी दी गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास द्वारा जिला में विद्यालयों की संख्या, मध्याह्न भोजन करनेवाले छात्र-छात्राओं की संख्या ,मध्यान्ह भोजन के मेनू समेत अन्य जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में अपनी समस्याएं रखी गईं।

---

# सिमडेगा पुलिस ने विभिन्न स्कूलों में चलाया साइबर क्राइम जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार के निर्देश पर में जिले के प्रत्येक थाने में कम्यूनिटी पुलिस ऑफिसर का चयन किया गया है। जिनके द्वारा नियमित रूप से अपने थाना क्षेत्र में विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं, क्षेत्र के विभिन्न संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बैठक कर समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं जैसे मानव तस्करी, महिला उत्पीड़न, साईबर क्राईम डायन प्रथा, बाल विवाह आदि विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। अभियान के इस क्रम में सोमवार को गिरदा ओपी अन्तर्गत प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें कुल 04 विद्यालयों के कक्षा 06 से 10 वीं तक के 600 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से 60 बच्चों का चयन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर सोमवार को गिरदा ओपी परिसर में प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया जिनमें प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितिय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर भविष्य में और बेहतर करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सभी स्कूलों के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित थे साथ ही दिनांक 21 नवम्बर से 27 नवम्बर तक प्लातपुर उच्च विद्यालय कोरोजो ठेठईटांगर, हाई स्कूल रायकरा गिरदा बुनियादी विद्यालय कोलेबिरा गोस्तर कॉलेज सिमडेगा, हाई स्कूल तरगा बांसजोर, जी०एल० स्कूल कोडेगा, आर०सी० मध्य विद्यालय बोकामारा बानो, केरसई +2 विद्यालय, एस0एस0+2 स्कूल कोलेबिरा भावरखोल प्राईमरी स्कूल रंगारीह, उच्च विद्यालय गढ़ियाजोर, समडेगा मध्य विद्यालय बानो, सिकरियाटांट स्कूल पाकरटांड़, स्कूल के अलावे जिले के विभिन्न गांवों के ग्रामीणो महिला समूह के सदस्यों एवं उन्य संगठनों के साथ बैठक कर जागरूकता अभियान चलाया गया।

---

# जलछाजन विभाग ने जलाभिषेक कार्यक्रम का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक के समीप सोमवार को जलछाजन विभाग के द्वारा जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं ने कलश लेकर प्रोहित कौशलकांत त्रिपाठी के मंत्रोचारण के साथ खूंटा तलाब से कलश में जल भर कर शिवमन्दिर पहुंचे। प्रोहित द्वारा बाबा भोलेनाथ पर मंत्रोचारण के साथ जलाभिषेक कराया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों को माला पहना कर स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य सुखदेव उरांव ने कहा जलछाजन के द्वारा जल संरक्षण का कार्य किया जाना लोगो के लिए महत्वपूर्ण कार्य है। योजना के माध्यम से भूमिगत जल स्तर में काफी सुधार होगा जिससे पीने के लिए पानी सिंचाई इत्यादि के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था हमेशा बनी रहेगी। योजना के तहत निर्मित तालाबों द्वारा पशु-पक्षियों, जलीय-जीवो इत्यादि के लिए की पानी की समस्या खत्म होगी। गहराते जल संकट को भी दूर करने में काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने इस योजना को लाभकारी बताते हुए कहा इस कार्य से ग्रामीणों को खेती बाड़ी करने के लिए प्रचुर मात्रा में पानी का संचय डोभा, तलाब आदि के निर्माण से होगा। मौके पर पहान सामेल उरांव, जलछाजन के कृषि तकनीकी प्रबंधक बिसम्बर कुमार, भोला कुमार, अनिता साहू, परमेश्वर भगत, समरुदीन अंसारी, जलछाजन प्रखंड समिति का अध्यक्ष तिला उरांव, सचिव रामपाल, मनोज साहू, जगलाल राम, ब्रजेश रविदास आदि उपस्थित थे।

---

नगर भवन सिमडेगा में मेगा गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजन

# 700 पीएम आवास ग्रामीण लाभुकों का हुआ गृह प्रवेश

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा के दिशा-निर्देशन पर उपविकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का मेगा गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन, सिमडेगा में किया गया। उपविकास आयुक्त ने मेगा गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन कर किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण की एक वीडियो क्लिप दिखाया गया। उपविकास आयुक्त ने बताया कि पूरे झारखंड राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का 15 नवम्बर 2022 से 30 नवम्बर 2022 तक संचालित मेगा गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम किया जा रहा है, इसी कड़ी में सोमवार को जिले के सभी प्रखंडों के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के 700 लाभूकों को ताला-चाभी देकर गृह प्रवेश कराया गया। उन्होंने कहा कि इस मेगा गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 5000 से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभुकों का गृह प्रवेश कराया जा चुका है। इस कार्यक्रम के तहत 30 नवम्बर 2022 तक लगभग और 2000 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर आवास योजना की कार्य प्रगति के तहत राज्य में जिले को तीसरे स्थान प्राप्त है। इसके लिए जिले के सभी टीम को उन्होंने बधाई दिया। उन्होंने 100 दिन में आवास के निर्माण कार्य को पूर्ण करने वाले लाभुकों को धन्यवाद देते हुए शॉल ओढ़कर सम्मानित किया एवं कहा कि जिस तरह से आप सबने तीव्र गति से कार्य को पूर्ण कराया है। आपके आस-पड़ोस के लोगों को भी जिन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है उसे भी निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने हेतू प्रेरित करें, एवं योजना को सफल बनाने की दिशा में जिला प्रशासन को सहयोग करें। उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वालों प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला कॉर्डिनेटर, प्रखंड कॉर्डिनेटर, पंचायत सचिव एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया। मौके पर आईटीडीए निदेशक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास के कॉर्डिनेटर, प्रखंड कॉर्डिनेटर, पंचायत सचिव, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित विभिन्न प्रखंडों से आये लाभुकों एवं अन्य उपस्थित थे।

---

# कृषि बाजार समिति ने सप्ताहिक बाजार से अनुचित तरीके से टैक्स वसूली की, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के अंतर्गत कृषि बाजार समिति के द्वारा सप्ताहिक बाजार से अनुचित तरीके से अवैध रूप टैक्स वसूलने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बाजार समिति को महज 1 एकड़ 72 डिसमिल जमीन ही है। परंतु रैयती जमीन के भी वसूली होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है ।लोगों का कहना है कि रैयती जमीन में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी के मनमानी के कारण वसूली की जाती है जो कि अवैध है । उस पर रोक लगाने के लिए ग्रामीणों ने कई बार मांग किया परंतु इऊ्ड के संरक्षण में अवैध रूप से टेंडर प्राप्त ठेकेदार के द्वारा वसूली की जाती है साथ ही छोटे किसानों से उत्पादित साग सब्जी का वसूली नहीं करने का प्रावधान है परंतु ठेकेदार द्वारा जबरन वसूली की जाती है। इससे किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि बिना टेंडर निकाले इऊ्ड के द्वारा एक चाहते व्यक्ति को बाजार का डाक दे दिया गया है जो कि अनुचित है। डाकप्राप्त व्यक्ति द्वारा इऊ्ड के संरक्षण में निजी जमीनों से भी वसूली की जाती है। इधर भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य सामाजिक लोगों ने निजी जमीन व किसानों से साग सब्जी विक्रेता से वसूली रोकने की मांग की है। वसूली नहीं रोकने पर आंदोलन की चेतावनी दिया है। इधर प्रशासनिक पदाधिकारी के संरक्षण अवैध रूप से वसूली का मामला जिले में चर्चा का विषय है।

---

# शिक्षा सचिव के विद्यालयों का भ्रमण अनुकरणीय व स्वागत योग्य : संघ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शिक्षा सचिव के रवि कुमार का प्रांत के विभिन्न विद्यालयों का दौरा का झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्वागत किया है। संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन और महासचिव प्रेम प्रसाद राणा ने शिक्षा सचिव का विद्यालयों का क्रमिक दौरा पर खुशी जताते हुए कहा कि शिक्षा सचिव महोदय का यह कदम शिक्षा में विकास के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दशार्ता है। संघ ऐसे कदम का स्वागत करता हैं। संघ ने उम्मीद जताई है कि विभाग के अन्य पदाधिकारीगण भी शिक्षा सचिव के इस कदम का अनुसरण करेंगे। विभागीय पदाधिकारियों के दौरे से शिक्षकों को काम करने की प्रेरणा और हौसला मिलेगी । साथ ही साथ विद्यालयों के विकास का सामूहिक जिम्मेदारी भी परिलक्षित होगी। अक्सर विद्यालयों में अपेक्षित विकास नहीं होने के लिए सबसे नीचे के कर्मचारी को जबाबदेह ठहराया जाता है। दौरे से विकास में बाधक सिद्ध हो रही विभागीय संक्रियाओं जैसे प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों का वर्षों से रिक्त पड़े पद, शिक्षकों का स्थानांतरण पॉलिसी स्पष्ट ना होना, गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों की मुक्ति, विद्यालयों में लिपिकीय कार्यों के बोझ को हल्का करना आदि भी उच्च पदाधिकारियों के संज्ञान में आएगा तथा इनका त्वरित हल किया जा सकेगा।

---

बीएस कॉलेज में नये सत्र में नामांकित विद्यार्थियों, शिक्षकों का सम्मान सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास में भागीदारी निभाएं विद्यार्थी : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सोमवार को बलदेव साहू महाविद्यालय में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्रा गण और महाविद्यालय प्रशासन के संयोजित प्रयास से नए सत्र में नामांकित विद्यार्थियों, शिक्षकों का सम्मान सह सांस्कृतिक कार्यक्रम कॉलेज के नवनिर्मित बहुउद्देशीय भवन में बहुत ही धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य व प्राध्यापकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शिवकुमार प्रसाद गुप्ता समेत अन्य प्रोफेसरों ने नए सत्र में नामांकित विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें महाविद्यालय के नियम से अवगत कराया। उन्हें महाविद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में अध्ययन के दरमियान किसी तरह की दिक्कत होती है तो बेझिझक मेरे पास आए और अपनी बातो को रखें। आपकी हर समस्या के समाधान के साथ आपको मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के स्थापना काल के बाद से पहली बार इस तरह का कार्यक्रम कॉलेज में शुरू हुआ है जो सराहनीय प्रयास है। यह पहला प्रोग्राम है जो कि कॉलेज के सक्रिय विद्यार्थी विनय उरांव, हरि भगत, सरस्वती कच्छप, तारा कुमारी, चंद्रकांता पन्ना जैसे छात्र छात्राएं अपनी काबिलियत के दम पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन का पहल किया और ऐसा प्रोग्राम आने वाला समय में होता रहे ऐसी मनोकामना है। ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थियों के बौद्धिक मानसिकता और अतिरिक्त क्रियाकलाप का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील किया कि वे कॉलेज में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने के साथ तन मन से पढ़ाई कर कॉलेज के उत्तरोत्तर विकास में अपना योगदान दे। कहा कि कॉलेज का नाम को उच्च शिखर तक ले जाना विद्यार्थियों के हाथों में है। विद्यार्थियों अपने आचार विचार के माध्यम से कॉलेज का विकास करते है। आप देश का भविष्य है। यह कॉलेज सबसे पुराना कॉलेज है। यहाँ पढ़कर बच्चे आज उच्च पदों पर आसीन है। इस महाविद्यालय में पढ़नेवाले विद्यार्थी अपनी शिक्षा पूरी कर इसी कॉलेज में प्राध्यापक रह चुके हैं। मौके पर रसायन शास्त्र के प्रोफेसर शशि कुमार गुप्ता ने इस तरह के कार्यक्रम की सराहना करते हुए समस्त छात्रों को आगे भी इसी तरह से सभी क्रियाकलापों में आगे रहने का सलाह दिया और आने वाले समय में इसी शुरूआत के साथ वार्षिक कार्यक्रम जैसे अन्य प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। जिससे कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों का कॉलेज से लगाव बना रहे।

इस प्रोग्राम के माध्यम से 17 कल्चरल प्रोग्राम भी विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। जिसमें झारखंड से संबंधित गीत, नागपुरी गीत और कई तरह के संगीत पेश किया गया। इसमें अच्छे प्रदर्शन करने वाले ग्रुप को, एकल गाना और डांस प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड देकर भी सम्मानित किया गया और उनका मनोबल बढ़ाया गया। महाविद्यालय के सक्रिय छात्र-छात्राओं में सुगंती कुमारी, सैफ अहमद, चंद्रकांता पन्ना, रिया कुजुर, उम्मी रूमान, शुभम सहदेव जोगेश्वर उरांव, दीक्षा यादव, सोनू कुमार साहू, अभिषेक कुमार, ईशा अग्रवाल, श्रुति कुमारी, शबाहत प्रवीण के साथ-साथ महाविद्यालय के समस्त 3000 से ज्यादा विद्यार्थी इस कार्यक्रम में शामिल हो गए।

**कार्यक्रम में मौजूद**

**इस** कार्यक्रम में कॉलेज विभाग की ओर से मुख्य तौर पर प्रोफेसर नईम खान, प्रोफेसर नीता सहाय, प्रोफेसर सुमन कुजुर, प्रोफेसर मीरा सोनी, प्रोफेसर निखिल कुमार, प्रोफेसर बुटन माहली, प्रोफेसर सीमा कुमारी, प्रोफेसर अर्जुन लकड़ा, प्रोफेसर रोशन खलखो, प्रोफेसर संजय रविदस, प्रोफेसर ब्लासुश पन्ना, प्रोफेसर सारून सुरीन, प्रोफेसर बीके पांडे आदि समस्त प्रोफेसर गन और सभी कर्मचारी शामिल हुए।

## न्यूज गैलरी

### सुप्रीम कोर्ट में अवमानना वाद पर सुनवाई हुई

**मेदिनीनगर।** सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में शिक्षक नियुक्ति मामले में सुनवाई हुई। न्यायाधीश एम आर शाह,और सी टी रवि के बेंच में सुनवाई हुई। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने दो दिसंबर को राज्य के मुख्य सचिव को हाजिर होने का निर्देश दिया है। सोनी कुमारी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करे। सरकार अब नयी व्यवस्था नहीं करे। सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्पष्ट है। सोनी कुमारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि सरकार आदेश का पालन नहीं कर रही है और अब नया कट ऑफ मार्क्स निर्धारित कर नियुक्ति करने जा रही है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सरकार को यथा स्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की वर्ष 2016 में बनी नियोजन नीति के असंवैधानिक बताते हुए खारिज कर दिया था लेकिन इस नीति से अनुसूचित जिलों में हुई नियुक्ति को जारी रखा था। अदालत ने सरकार को स्टेट लेबल पर मेरिट लिस्ट तैयार कर नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। हाई स्कूल में लगभग 18 हजार की नियुक्ति की जानी है। जिसमे गैर अनुसूचित और अनुसूचित जिले का मामला होने के कारण अभी तक लंबित है। जिसमे हाई कोर्ट के द्वारा अनुसूचित जिले के नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नियोजन नीति की रद्द करते हुए नियुक्त शिक्षको को यथावत रखने का आदेश दिया है।

### वरदान ट्रस्ट ने किया भोजन का वितरण

**मेदिनीनगर।** रविवार को पांकी ब्लॉक के नाजिर के भतीजे के जन्मदिन के अवसर पर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से स्थानीय स्टेशन परिसर में जरूरतमंदों के बीच फुड पैकेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उन्होंने वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट को पांच कंबल भी डोनेट किया। ट्रस्ट के सचिव शर्मिला वर्मा ने इसके लिए आभार जताया और कहा कि वैसे लोग जिन्हें भोजन और वस्त्र की जरूरत महसूस होती है उसके लिए ट्रस्ट हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने आम जनों से भी अपील की है कि जिन लोगों के घरों में अतिरिक्त कपड़े हो वह संस्था को डोनेट कर सकते हैं। ताकि ठंड से बचने के लिए जरूरतमंदों के बीच वितरण किया जा सके।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल डाल्टनगंज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर ए.सी मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर के. के मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष विमल, सचिव राजन पांडे, संगठन सचिव इजहारुल हक अंसारी, पूर्व अध्यक्ष विनोद मिश्रा और करीब 40 विद्यालयों के निर्देशक सम्मिलित होकार सभी विद्यालयों से एक-एक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। सभी विद्यालयों के सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, मेडल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

### 3 घरों में ताला तोड़कर चोरों ने की चोरी

**पाटन।** बरसैता में शनिवार की रात तीन भाईयों के घरो में ताला तोड़कर अज्ञात लोगो द्वारा चोरी के वारदात को अंजाम दिया गया। संबंधित मामले में भुक्तभोगी सीताराम यादव,जगनारायण यादव व राजाराम यादव ने पाटन थाना में अज्ञात लोगो के खिलाफ आवेदन दिया है।जानकारी के अनुसार शनिवार की रात जब घर के सभी सदस्य सो रहे थे तो करीब दो बजे के आसपास सीताराम यादव, जगनारायण यादव व राजाराम यादव के घर से सोने, चांदी के आभूषण के साथ साथ दस हजार रूपए नगद लेकर चोर फरार हो गये। जब सुबह देखा गया तो सभी के घर का दरवाजा चोरो ने बाहर से बंद कर फरार हो गए थे। इसके बाद भुक्त भोगी ने इसकी सूचना आवेदन के माध्यम से पाटन थाना को दी। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि आवेदन के अनुसार मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। मुखिया सरिता देवी ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

### बाइक लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

**पाटन।** पुलिस ने बाइक लूटकांड के आरोपी शैलेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश के उपरांत जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया है की पाटन थाना कांड संख्या 61/22 के तहत तीन जुलाई 22 को सिक्की के अवधेश सिंह ने अज्ञात सड़क लुटेरों के द्वारा बाइक एवं मोबाइल लूट की प्राथमिकी दर्ज कराया था। अनुसंधान के क्रम में चैनपुर थाना के सेमर टांड के 40 वर्षीय शैलेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया तथा उसके पास से लूटी हुई मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति ने बाइक लूटकांड के सरगना गिरोह की खुलासा करते हुये बाइक लूट में अपनी संलिप्तता कबूल किया है। लूटकांड में संलिप्त फरार आरोपियों को गिरफ्तारी के छापामारी किया जा रहा है।

## अवैध कोयला लदा 14 चक्का हाइवा के साथ चालक-उपचालक गिरफ्तार

# अवैध तस्करी कतई बर्दाश्त नहीं : थाना प्रभारी

- सीसीएल गार्ड के सहयोग से पुलिस को 9 नंबर कांटा के बैरियर के पास मिली सफलता
- कोयले की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई से कोयला चोरों में हड़कंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने अवैध कोयला लोड 14 चक्का हाइवा ओ डी 14 यु 1391 गाड़ी को पकड़ने में सफलता पाई है। जिसका प्रेस वार्ता कर बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बतलाया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मगध माइंस से अवैध कोयला लोड कर हाईवा मासीलोंग के रास्ते चतरा जाने वाली है। जिस पर आवश्यक कार्रवाई हेतु अमरवाडीह पिकेट प्रभारी प्रेम कुमार निषाद को उक्त सूचना की पुष्टि के लिए निर्देशित किया गया। जिसके बाद मगध के सीसीएल सहायक सुरक्षा अवर निरीक्षक सूर्यदेव रविदास के सहयोग से 9 नंबर कांटा के सामने बैरियर के पास छापामारी की गई। और अवैध कोयला लोड हाईवा सहित चालक सुनील लोहरा (20 वर्ष) पिता जोगेश्वर लोहरा राजगुरु थाना बरियातू जिला लातेहार एवं उव चालक ईश्वर प्रजापति पिता स्वर काली प्रजापति ग्राम सराडू थाना टंडवा जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया है। जिस पर नियम संगत गाड़ी और गाड़ी मालिक सहित मौके वारदात पर गिरफ्तार चालक और उप चालक को कोल माइन्स एक्ट एवं 21 एमएमडीआर एक्ट और 13 जीएम एक्ट का मामला दर्ज करते हुए दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को लातेहार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अवैध कोयला लोड करने आदि को लेकर आगे का अनुसंधान जारी है। जब्त हाईवा को अमरवाडीह पीकेट पर रखा गया है।

### जब्त कोयले की लाखों रूपये में है कीमत

जब्त कोयला लगभग 24 टन बताई जा रही है। जिसकी बाजार में कीमत लाखों रुपए की है पुलिस के कोयला तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने पर अवैध कोयला चोरों पर हड़कंप व्याप्त है। थाना प्रभारी प्रथम प्रसाद ने यह भी कहा कि अवैध तस्करी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि अब तक थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने दर्जनों ट्रक हाईवा लोडर जेसीबी आदि को जब्त कर केश कर चुकी है। छापेमारी अभियान में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के अलावा अमारवाडीह पुलिस पिकेट प्रभारी प्रेम कुमार निषाद, सहायक सुरक्षा अवर निरीक्षक सूर्यदेव रविदास सीसीएल मगध कोल परियोजना एवं अमरवाडीह सैट के 165 सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# अधिकारियों की उदासीनता का दंश झेल रहा हैं टाटा गांव

**मुबारक आलम**



**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय से लगभग 27 कि.मी. की दूरी पर स्थित बरवाटोली पंचायत का टाटा गांव वर्षों से अधिकारियों की उदासीनता का दंश झेल रहा है। गांव के ग्रामीण शुकरा मुंडा ने बताया की इस गांव की आबादी लगभग डेढ़ सौ के आस पास है जिसमें ज्यादातर परिवार आदिवासी समुदाय से हैं। गांव में लोगों के पास जीविकोपार्जन के लिए थोड़ी-बहुत जमीन है जिस पर खेती बारी कर फसल को समेट कर अधिकतर लोग ईंट भट्ठे में मजदूरी करने के लिए गांव से दूसरे राज्य मे पलायन कर जाते हैं।

गांव में सरकारी सुविधाओं का घोर आभाव है गांव में छोटे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र तक की सुविधा नहीं है, जिस आंगनबाड़ी केन्द्र से गांव के नौनिहालों को शारीरिक सबलता के लिए सरकार पोषाहार की व्यवस्था करती है बच्चों को बुनियादी शिक्षा की शुरूआत होती है वही गांव में उपलब्ध नहीं है। पंचायत के मुखिया शकुंतला देवी का कहना है की गांव में सिर्फ आदिवासी में मुंडा समुदाय के लोग निवास करते हैं गांव में शिक्षा की भी घोर कमी है।गांव में आंगनबाड़ी सेंटर भी नहीं है करीब चार पांच साल पहले सर्वेक्षण हुआ था मिनी सेंटर खुलने की बात अधिकारियों के द्वारा कही गई थी पर अभी तक खुल नही पाया है, पीने के पानी के लिए चापाकल तो हैं पर एक दो ही चालू अवस्था में हैं हम लोग प्रयास में हैं कि सरकार की ओर से मिलने वाली सभी सुविधाओं को गांव में बहाल किया जा सके।

# अज्ञात वाहन के धक्के से आरपीएफ के जवान घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के कंडा घाटी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक आरपीएफ का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी जानकारी नावा बाजार थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही नावा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक नंदकिशोर दास घटनास्थल पर पहुंचकर घायल आरपीएफ के जवान को बेहोशी के हालत में एमएमसीएच हॉस्पिटल मेदिनीनगर में भर्ती कराया है। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पुलिस ने दुर्घटना से संबंधित जानकारी परिजनों को दे दिया है। जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंच उसकी देखभाल में जुट गए है।

### कल मनेगा पत्रकार रूबी की पुण्यतिथि

**मेदिनीनगर।** झारखंड पत्रकार संगठन की ओर से 30 नवंबर को पलामू के वरिष्ठ पत्रकार एवं झारखंड पत्रकार संगठन के संरक्षक स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह रूबी की दूसरी पुण्यतिथि मनाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय परिसदन में दिन के 12 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने दिया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय रूबी पलामू के धरोहर थे। स्वर्गीय रूबी पूरी जिंदगी पत्रकारिता में बिता दिया और अंत समय तक समाज के लिए अखबारों में लेखन करते रहे।

# एसपी के आदेश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चला वाहन चेकिंग अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिंह के निदेशानुसार सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा सभी दो पहिया वाहनों को रोककर उसके कागजात की जांच की गई। जांच के उपरांत सभी वाहनों को छोड़ दिया गया। मौके पर उपस्थित सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा



रहा है। जिसमें वाहनों का कागजात सहित हेलमेट की जांच पुलिसकर्मियों को करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि लगातार वहां चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी लोग ना अपने वाहन की करजात को रखते हैं और ना ही हेलमेट पहनने की दिशा में पहल कर रहे हैं। मजबूरी बस जिन वाहनों का कागजात नहीं रहता है। पुलिस द्वारा उन वाहनों को चालान के लिए डीटीओ के पास भेजा जाता है। उन्होंने लोगों से बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने व गाड़ी के कागजात दुरुस्त रखने का आग्रह किया है। वहीं दूसरी ओर ट्रैफिक प्रभारी रंजीत सिंह के नेतृत्व में शहर के छह मुहान चौक के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान सभी दो पहिया, चार पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गई और वाहन के कागजात की जांच की गई।

# रेल टिकट का धंधा करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में गुप्त सूचना पर आरपीएफ जपला पोस्ट के निरीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में जपला रेलवे स्टेशन रोड स्थित गुप्ता ऑनलाइन जोन नामक दुकान में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान 12:30 बजे दुकान संचालक का लैपटॉप की जांच की गई। जांच के दौरान आईआरसीटीसी एजेंट आईडी के अलावा व्यक्तिगत चार अन्य यूजर आईडी को टिकट के लिए इस्तेमाल करते हुए पाया गया। जो गैर कानूनी है। पूर्व व वर्तमान में उनके द्वारा व्यक्तिगण यूजर आईडी से 184 टिकट काटे गये हैं। जिनका मूल्य लगभग 99 हजार है। जब्ती सूची में सभी टिकटों के पीएनआर को अंकित किया गया है। छापामारी के दौरान गलत ढंग से रेलवे टिकट की बिक्री करने के पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद गुप्ता ऑनलाइन जोन के संचालक रंजित कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। आरपीएफ निरीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि रंजित कुमार गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 184/2022 दर्ज कर धारा 143 रेल अधिनियम दर्ज कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत यूजर आईडी से टिकट का व्यापार करना रेल अधिनियम के तहत अपराध है। उन्होंने बताया कि आगे भी जानकारी प्राप्त होने पर कार्रवाई की जायेगी।

### पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम ने ओबरा टोला का किया दौरा

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की एक टीम सोमवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के सिंघानी स्थित ओबरा टोला का दौरा किया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग पटना ब्रांच के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉक्टर राजेंद्र देहुरी के नेतृत्व में पहुंची टीम ओबरा व आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। डॉक्टर देहूरी ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली से ओबरा में एक टीले की खुदाई की मंजूरी केंद्र सरकार की ओर से दी गई है। जल्द ही इस स्थल का उत्खनन किया जाएगा और यहां के रहस्य और ऐतिहासिक मान्यताओं से जल्द ही पर्दा उठेगा। पाषाण कालीन सभ्यता से आम लोग जल्द ही रूबरू होंगे। यह जगह पुरातत्व के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। अगले महीने से इस जगह का उत्खनन किया जाएगा। अधीक्षण पुरातत्वविद ने बताया कि ओबरा में एक टीले की खुदाई की जाएगी और इस जगह की जांच पड़ताल की जाएगी।

## दो दिसंबर को होगा सूर्यमंदिर निर्माण का भूमि पूजन

# देव से लाये जायेंगे मिट्टी व कुंड से पानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के चाणक्यनगरी के औरंगा नदी तट में भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण कराया जायेगा. आगामी दो दिसंबर को इसके लिए भूमि पूजन किया जायेगा। इसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही है। श्री सूर्यनारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि भूमि के लिए सूर्यमंदिर, देव (बिहार) की मिट्टी एवं वहां के कुंड का पवित्र जल लाया जायेगा। इसके लिए मंदिर समिति के सदस्य आगामी 30 नवंबर को देव रवाना होगें। उन्होने बताया कि मंदिर का निर्माण कुल 20 डिसमिल भूमि पर कराया जायेगा। इसमें 17 डिसमिल जमीन सावित्री कुंवर पति स्व लक्षमण सिंह के पुत्र महेंद्र सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह व धमेंद्र सिंह ने मंदिर निर्माण के लिए दान दिया है। जबकि तीन डिसमिल जमीन पावर्ती कुंवर व स्व हरकेश यादव



के वंशजों ने दान दिया है। मंदिर के नीचे पूरा हॉल होगा। मंदिर के उपरी तल्ले में सात गुंबद होगें। सबसे बड़ा गुंबद 81 फीट का होगा। सिंह ने बताया कि 11 हजार रुपए अधिक दान देने वाले दान दाताओं का नाम शिलापट्ट में अंकित किया जायेगा। उन्होने मंदिर निर्माण के लिए तन मन व धन से सहयोग करने की अपील जिला वासियों से की है। भूमि पूजन कार्य में समाजसेवी अमरेश प्रसाद गुप्ता, निर्मल कुमार महलका, शशिभूषण पांडेय, विगन प्रसाद, महेद्र प्रसाद सिंह, विजय प्रसाद, अनिल कुमार पप्पू, कोषाध्यक्ष राजू यादव, गणेश राम, विनय प्रसाद, शुभम गुप्ता, जय शंकर पासवान, धीरज कुमार, निरंजन सिंह, विजय प्रसाद, अनिल प्रसाद, अवध किशोर प्रसाद, संजय पांडेय, सुनील प्रसाद, नारायण राम, दिनेश महलका, सकेंद्र यादव, पंकज यादव, आयुष शौंडिक, लक्की पांडेय, सुमेर कुमार, बिट्ठू साव व पीपी कुमार आदि सक्रिय हैं।

# निगम शहर के सुन्दरीकरण में व्यस्त, वार्ड के जनता सुविधा से वंचित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम का वार्ड संख्या 23 नई मुहल्ला शहर के पॉश एरिया के रूप में जाना जाता है। इस वार्ड में जिला उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, वर्तमान नगर निगम मेयर, पूर्व एमपी, पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक व प्रमुख चिकित्सक व पदाधिकारीयों व व्यवसायिक का आवास है। मगर पानी, सफाई, रौशनी की व्यवस्था पूर्ण रुप से आज भी नहीं है। निगम के मेयर व निगम आयुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग किया है। वार्ड 23 के भावी प्रत्याशी कोमल कुमार अंकु नई मुहल्ला ने राधा कृष्ण किशोर के मकान से डा. कृष्णा राम के रोड में पानी सप्लाई पाईप लाईन बिछाई जाय। साथ ही प्रमोद शुक्ला के मकान से स्व. राम स्वरूप राम के मकान तक पाईप लाईन लगाने, रौशनी के लिए भैपर लैम्प, डालमिया कैम्पस मे सड़क कालीकरण व रौशनी की व्यवस्था, नई मुहल्ला, बेलवाटिका, नावाटोली, त्रिपाठी कोलनी व ज्ञान चन्द पाण्डेय कोलनी मे रोशनी व कचरा को व्यवस्थित करने के लिए डस्टबीन लगाया जाय। बिरसा चौक स्टेशन रोड व नावाटोली तालाब पर स्थापित निलाम्बर- पिताम्बर के प्रतिमा स्थल का सुन्दरीकरण, गांधी मैदान से नई मुहल्ला के प्रवेश द्वार पर लगातार कचरा का अम्बार लगा रहता है। इसे अबिलंम्ब हटाकर वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

# अधिकार के साथ साथ कर्तव्यों का निर्वहन जरूरी : पाण्डेय

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को समानता का अधिकार प्राप्त है। परंतु हमें मूल अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्य को ध्यान रखना चाहिए। उक्त बातें पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कही। वे सोमवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में संविधान सप्ताह के अवसर पर जागरूकता शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मौलिक अधिकार से हमें वंचित नहीं किया जा सकता। हमें मूल अधिकार के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मूल कर्तव्य ही राष्ट्र सेवा की कामना होती है। धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण विशेषता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि संविधान का पालन करें। उसके आदर्शों संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज एवं राष्ट्रगान का आदर करें। भारत की प्रभुता एकता और अखंडता की रक्षा करें। देश की रक्षा करें। उन्होंने मौलिक अधिकारों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के खिलाफ अधिकार, धर्म के स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार, संबैधानिक उपचार का अधिकार प्रदान किया गया है। अधिवक्ता गोपाल मिश्रा ने कहा कि हम अधिकार की बात करते हैं परंतु करता भूल जाते हैं। हमारा अधिकार तभी सुरक्षित रहेगा जब हम कर्तव्यों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि डालसा के द्वारा लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर से दो दिसंबर तक संविधान सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर जेलर धर्मशिला ने कहा कि न्याय पाने के लिए गरीबी बाधक नहीं बनेगी। सभी को संविधान में समानता का अधिकार प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि कारा में जो भी बंदी हैं अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है उन्हें सरकारी स्तर पर अधिवक्ता मुहैया कराया जा रहा है। मौके पर दर्जनों बन्दी उपस्थित थे।

# जला स्कूल पलामू की पहचान, इसका अपना गौरवशाली इतिहास रहा है : सन्नी शुक्ला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला स्कूल को सीबीएसई की मान्यता मिलने की खुशी में सोमवार को झामुमो के नेताओं ने जिला स्कूल के प्राचार्य और विद्यार्थियों को बधाई दी। झामुमो नेता सन्नी शुक्ला ने कहा कि जिला स्कूल पलामू की पहचान है। इसका अपना गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने सीएम को धन्यवाद दिया। जिन्होंने शानदार फैसला लिया है। इस फैसले से शिक्षा में क्रांति आएगी और जिला स्कूल फिर से अग्रणी बनेगा। नई अत्याधुनिक बिल्डिंग के साथ-साथ लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, मैथ लैब और पुस्तकालय के साथ-साथ स्मार्ट क्लास की सुविधा भी बच्चों को उपलब्ध कराई जाएगी। झामुमो नेता आशुतोष विनायक ने कहा पुरानी पेंशन, 1932, सर्वजन पेंशन के बाद अब हमारी सरकार प्रमुखता से झारखंड के सरकारी स्कूलों और शिक्षा के स्तर को बेहतर करने में लगी हुई है। जिसका उदाहरण हमारे पलामू के जिला स्कूल और राज्य के कई स्कूलों को सीबीएसई की मान्यता दिला कर शुरूवात हुई है। प्राइवेटाईजेशन के दौर में हमारी सरकार गरीबों के बच्चों को मुफ्त और बेहतर शिक्षा मिले इस लिए दृढ़ संकल्पित है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य करुणा शंकर तिवारी और कर्मचारियों में भी मान्यता मिलने पर ढेरों खुशी की लहर है। सबों ने इस कदम का स्वागत किया है और उम्मीद जताया है की इस कदम से विद्यालय के शिक्षा का स्तर और उच्च स्तर तक पहुंचेगा। मौके पर देवानंद भारद्वाज और मुकेश चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने विद्यालय के कायाकल्प का दिया भरोसा

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित झारखंड प्रस्तावित उच्च विद्यालय बिंगलात का दौरा सोमवार को भाजपा मंडल के कार्यकताओं ने किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने विद्यालय परिवार को निजी तौर पर चार कुर्सी व मेज भेंट करते हुए आमलोगों से भी सहयोग की अपील उन्होंने किया।कहा, सुदूरवर्ती क्षेत्र के सैंकड़ों विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं जबकि सीसीएल प्रबंधन गोद लेने के बावजूद यहां अपेक्षित सहयोग नहीं कर रहा है। वे पूरे मामले से सांसद सुनील सिंह को अवगत करा कर शीघ्र विद्यालय का कायाकल्प कराऐंगे। प्रधानाध्यापक बिसुन प्रसाद ने बताया कि उनके दुखती रग पर अनेकों हांथ तो रखे पर मरहम किसी ने नहीं लगाया है। साढ़े तीन सौ विद्यार्थी विद्यालय में अध्ययन करते हैं, बावजूद नाममात्र की फीस ली जाती है। सीसीएल प्रबंधन गोद लेने की घोषणा कर उन्हें वर्षों से सब्जबाग दिखा रहा है। कहा कि समुचित अनुदान उन्हें मिले तो यह विद्यालय क्षेत्र में बेहतरीन मिशाल कायम करेगा।

सम्पादक की कलम से...

# निविदाओं का मकड़जाल

**बिहार** में पटना से राजगीर तक गंगाजल की सप्लाई 27 नवम्बर से शुरू हो चुकी है। इधर, झारखंड में साहेबगंज से देवघर स्थित बाबा दरबार तक गंगा नहीं पहुंच सकी है। साहेबंगज से गोड्डा, देवघर और दुमका तक लोगों के घरों तक पहुंचायी जानेवाली यह योजना अब तक निविदा प्रक्रियाओं के मकड़जाल में ही फंसी हुई है। घोषणा एक समय हुई और कार्य का आवंटन भी एक ही समय हुआ था, लेकिन झारखंड में बाबा के दर तक गंगा नहीं पहुंच पायी है। हालांकि, पेयजल विभाग का दावा है कि मार्च, 2024 तक वह इस काम को पूरा करवा लेगा। मतलब अगले 16 महीनों में संताल के घर-घर में गंगाजल पहुंच जायेगा। वहीं, बिहार ने इतिहास रचते हुए लाखों घरों तक गंगा का पानी पहुंचा दिया है। इसके तहत बिहार के लाखों लोगों को सुविधा मिलेगी। पूर्व में गंगा का पानी दक्षिण बिहार में नहीं पहुंचने के कारण लोगों को सालोंभर पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पर पहल की और 27 नवम्बर को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट गंगा जल आपूर्ति योजना का राजगीर में उद्घाटन भी कर किया। योजना के दूसरे चरण में जून 2023 तक नवादा में भी हर घर गंगाजल पहुंचाने का लक्ष्य है। बिहार सरकार के जल संसाधन तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा के मुताबिक, गंगा जल आपूर्ति योजना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भगीरथ प्रयास है। नीतीश कुमार ने दूरगामी अभियान जल-जीवन-हरियाली के तहत गंगा नदी के अधिशेष जल को दक्षिण बिहार के जल संकटवाले शहरों ले जाकर पेयजल के रूप में उपयोग करने की अनूठी परिकल्पना की। सीएम नीतीश की अध्यक्षता में दिसम्बर 2019 में गया में हुई कैबिनेट की विशेष बैठक में अतिमहत्वाकांक्षी गंगा जल आपूर्ति योजना को मंजूरी दी गयी। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जल संसाधन विभाग ने तत्परता से काम करते हुए इतनी बड़ी योजना को कोरोना काल की चुनौतियों के बावजूद तीन साल से कम समय में पूरा करा दिया है। गंगा जल पाइपलाइन के जरिये 151 किलोमीटर सफर तय करके राजगीर, गया और बोधगया के जलाशयों में पहुंच गया है, जहां से यह शोधित होकर शुद्ध पेयजल के रूप में रोज लाखों लोगों की प्यास बुझायेगा। दूसरी ओर झारखंड में रघुवर सरकार के समय ही गंगा नदी का पानी संताल में घर-घर तक पहुंचाने की योजना बनी थी। सोन नदी, गढ़वा से गिरिडीह तक पानी ले जाने का विचार बना था। हालांकि, भौतिक रुप से सफलता नहीं मिली थी। पेयजल विभाग, झारखंड के मुताबिक 2020-21 में गंगा का पानी साहेबगंज से संताल तक ले जाने की योजना पर काम आगे बढ़ा। केंद्र-राज्य के सहयोग से (50-50) इस पेयजलापूर्ति स्कीम पर काम शुरू हुआ है। 750 करोड़ की इस योजना के लिए फिर से रिवाइज होने किये जाने के बाद टेंडर जारी किये जाने की तैयारी है। मार्च 2024 तक काम को धरातल पर उतारे जाने का भरोसा है। वहीं, विभाग की मानें तो जल्द टेंडर जारी होगा। साथ ही कार्य का आवंटन होने पर मार्च 2024 तक उसे पूरा करना होगा। इसके बाद उम्मीद है कि साहेबगंज के तीन प्रखंड, पूरा गोड्डा जिला के अलावा दुमका के दो प्रखंडों के लोगों को गंगा जल की आपूर्ति हो सकेगी।

## आज का इतिहास

**1909 :** अमेरिकी साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष छेड़ने वाले अश्वेत अपाचे योद्धा जेरेनिमो का निधन।
**1915 :** महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया।
**1927 :** वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का मुंबई में प्रयोग हुआ, इसमें दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की।
**1698 :** औरंगजेब ने आठ साल की घेराबंदी के बाद जिंजी के किले पर कब्जा किया।
**1714 :** पेरिस की संसद ने पोप क्लेमेन्स इलेवन की ह्ययूनिजेनेटसह्न डिग्री को स्वीकार किया।
**1720 :** द हेग की संधि ने स्पेन, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और डच गणराज्य के बीच हस्ताक्षर किए, क्वार्टरल गठबंधन ने युद्ध को समाप्त किया।
**1772 :** पोलैंड के पहले विभाजन पर ऑस्ट्रिया, प्रशिया और रूस द्वारा वियना में हस्ताक्षर किए।
**1776 :** एडवर्ड गिब्बन ने रोमन साम्राज्य की गिरावट और पतन के इतिहास का पहला खंड प्रकाशित किया।
**1807 :** हेनरी क्रिस्टोफर हैती राज्य के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
**1827 :** स्विटजरलैंड के बुद्धिजीवी जॉन हेनरी पेस्टलोजी का निधन।
**1865 :** अमेरिका में गृह युद्ध के दौरान कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट को जला दिया गया।
**1878 :** सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया।
**1882 :** पहला टेस्ट क्रिकेट मैच सिडनी के क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।
**1883 :** महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता वासुदेव बल वंत फडके का अदन की जेल में निधन।
**1894 :** अमेरिकी डाकू जॉन वेस्ले हार्डिन को जेल से रिहा किया गया।
**1931 :** लॉर्ड इरविन ने वायसराय निवास में गांधी जी का स्वागत किया।
**1927 :** हवाई जहाज बनाने वाली विश्व की प्रथम कंपनी की स्थापना विलियम बोइंग और एल्बर्ट हबार्ड द्वारा की गयी।

# समता व सम्मान की चुनौतियां

> संविधान से लेकर विधान तक और सामाजिक सुरक्षा की कसौटी समेत तमाम मोर्चों पर लैंगिक असमानता को कम करने का प्रयास दशकों से जारी है, मगर अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य है। यहां लैंगिक आधार पर भेदभाव को व्यावहारिक और सैद्धांतिक दोनों दृष्टियों से समाप्त करने का प्रयास जारी है। हालांकि कई ऐसे कानून मौजूद हैं, जो लैंगिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन करते हैं। इसमें समुदाय विशेष के पर्सनल ला भी हैं, जहां ऐसे प्रावधान निहित हैं, जो महिलाओं के अधिकारों को न केवल कमजोर करते, बल्कि भेदभाव से भी युक्त हैं।

भारत दुनिया में सबसे युवा आबादी वाला देश है। अनुमान है कि 2050 तक दुनिया की आधी आबादी भारत समेत महज नौ देशों में होगी। किसी भी देश में बच्चे, चाहे बेटा हो या बेटी, भविष्य की पूंजी होते हैं। इन्हें गरिमा और सम्मान के साथ परवरिश और समतामूलक दृष्टिकोण के साथ अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने की जिम्मेदारी व्यक्ति और समाज की है। मगर जब विषमताएं और लैंगिक भेदभाव किसी भी वजह से जगह बनाती हैं, तो यह समाज के साथ-साथ देश के लिए भी बेहतर भविष्य का संकेत नहीं है। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक 2022 के आंकड़े दशार्ते हैं कि भारत दुनिया के एक सौ छियालीस देशों में एक सौ पैंतीसवें स्थान पर है, जबकि 2020 के इसी सूचकांक में एक सौ तिरपन देशों में एक सौ बारहवें स्थान पर था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में लैंगिक भेदभाव की जड़ें कितनी मजबूत और गहरी हैं। सवाल है कि इस असमानता के पीछे बड़ा कारण क्या है। आर्थिक भागीदारी और अवसर की कमी के अलावा शिक्षा प्राप्ति में व्याप्त अड़चनें, स्वास्थ्य और उत्तरजीविता तथा सशक्तिकरण को इसके लिए जिम्मेदार समझा जा सकता है। 2022 के इस आंकड़े में आइसलैंड, जहां इस मामले में शीर्ष पर है वहीं निम्न प्रदर्शन के मामले में अफगानिस्तान को देखा जा सकता है। हैरत यह भी है कि पड़ोसी देश नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव और भूटान की स्थिति भारत से बेहतर है, जबकि दक्षिण एशिया में पाकिस्तान और अफगानिस्तान का प्रदर्शन भारत से खराब है। यह भी गौरतलब है कि कोविड के चलते व्याप्त मंदी ने महिलाओं को भी प्रभावित किया और लैंगिक अंतराल सूचकांक में तुलनात्मक गिरावट आई। यह तथ्य है कि लैंगिक असमानता को जितना कमजोर किया जायेगा, लैंगिक न्याय और समानता को उतना ही बल मिलेगा। संविधान से लेकर विधान तक और सामाजिक सुरक्षा की कसौटी समेत तमाम मोर्चों पर लैंगिक असमानता को कम करने का प्रयास दशकों से जारी है, मगर अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य है। यहां लैंगिक आधार पर भेदभाव को व्यावहारिक और सैद्धांतिक दोनों दृष्टियों से समाप्त करने का प्रयास जारी है। हालांकि कई ऐसे कानून मौजूद हैं, जो लैंगिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन करते हैं। इसमें समुदाय विशेष के पर्सनल ला भी हैं, जहां ऐसे प्रावधान निहित हैं, जो महिलाओं के अधिकारों को न केवल कमजोर करते, बल्कि भेदभाव से भी युक्त हैं। समान नागरिक संहिता को संविधान के नीति निदेशक तत्त्व के अंतर्गत अनुच्छेद 44 में देखा जा सकता है। चूंकि भारत लैंगिक समता के लिए प्रयास करने वाला देश है, समान आचार संहिता एक आवश्यक कदम के रूप में समझा जा सकता है। इसके होने से समुदायों के बीच कानूनों में एकरूपता और पुरुषों तथा महिलाओं के अधिकारों में बीच समानता स्वाभाविक रूप से आयेगी। इतना ही नहीं, विशेष विवाह अधिनियम 1954 किसी भी नागरिक के लिए, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, 'सिविल मैरिज' का प्रावधान करता है। जाहिर है, इस प्रकार किसी भी भारतीय को किसी भी धार्मिक व्यक्तिगत कानून की सीमाओं के बाहर विवाह करने की अनुमति देता है। शाहबानो मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत उसके पक्ष में निर्णय दिया था, जिसमें पत्नी, बच्चे और माता-पिता की देखभाल के संबंध में सभी नागरिकों पर लागू होता है। इतना ही नहीं, देश की शीर्ष अदालत ने लंबे समय से लंबित समान नागरिक संहिता अधिनियमित करने की बात भी कही। 1995 के सरला मुद्गल मामला हो या 2019 का पाउलो कोटिन्हो बनाम मारिया लुइजा वेलेंटीना परोरा मामला, सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार से समान आचार संहिता लागू करने के लिए कहा। गौरतलब है कि समान नागरिक संहिता लैंगिक न्याय की दिशा में भी एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल व्यक्तिगत कानूनों की सीमाओं में जकड़ी असमानता को रोका जा सकेगा, बल्कि स्त्री की प्रगतिशील अवधारणा और उत्थान को भी मार्ग दिया जा सकेगा। गौरतलब है कि 2030 तक विश्व के सभी देश अपने वैश्विक एजेंडे के अंतर्गत न केवल गरीबी उन्मूलन और भुखमरी की समाप्ति, बल्कि स्त्री-पुरुष समानता के साथ लैंगिक न्याय हासिल करने को लेकर जद्दोजहद कर रहे हैं।

■ सुशील कुमार सिंह

# 'ल' से लड़का, 'ल' से लड़की

मेरे पूछने से पहले ही पत्नी बोल उठी - अजी सुनते हो! क्या इस बार आप लड़कियों पर हो रहे अत्याचार के बारे में लिखोगे? घर में रहना है तो पत्नी का कहा मानना भी जरूरी है। पहले तो मजबूरी में सिर हिलाया। किंतु थोड़ी देर बाद मैं खुद पर शर्मिंदा होने लगा। पारंपरिक तौर पर स्त्रियों को देवी बताते हुए वेदों-पुराणों में उनके महिमामंडन करने का आदी हो चुका मैं, आज पुर्नपरिभाषित होने जा रहा था। पत्नी ने कहा - किसी को औरत की आँखें पसंद आती हैं तो किसी को बदन। किसी को होंठ पसंद आता है तो किसी को कुछ। कोई उसे आँखो से मापना शुरू कर देता है तो कोई बातों से ही उसका बलात्कार कर देता है। वह जानता है कि हमें यह सब पसंद नहीं। किंतु वह अपनी पसंद को जबरन हमारी पसंद बताने के लिए दुनियाभर की चालाकी दिखाता है। मानो उसकी सारी चालाकी की परीक्षा यहीं होने वाली है। बर्तन घिस गये हैं। गिलास पुराने पड़ते जा रहे हैं। रसोईघर थकता जा रहा है। किंतु वहशियों की जिस्मानी इच्छाएँ, काम वांछनाएँ अडम स्मिथ की तरह अनंत हैं। ये न तो थमती हैं, न थकती हैं और न शर्माती हैं। बेहयाओं की बानगी सी हमारे पीछे पड़ी रहती हैं। उनके चेहरे के गंदे-गंदे हाव-भाव वाले संविधान में हमारे लिए यूज एंड थ्रो के काले कानून दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। विरोध करने पर काल की गोद में फेंक रहे हैं। उनके अहंकार का परचम हमारे अबलापन की जमीन पर लहराने का प्रयास करता रहता है। फैसले देने वाले मुँह लड़खड़ा रहे हैं। कानून षड़यंत्र की वर्गपहेली में फंसकर रह गयी हैं। अब तक न्याय देवता आँखों पर पट्टी बाँधे रहती थी। अब वह कानों और मुँह पर पट्टी बाँधे नजर आती है। छोटे से घाव नासूर होने लगे हैं। हृदय में घृणा के तूफान उफनने लगे हैं। चूल्हे पर चढ़ी चाय और कॉफी विद्रोह करने के लिए कह रही हैं। नमक-मिर्ची अंधे कानूनों से दो-दो हाथ करने पर आमदा हो रहे हैं। अब रसोईघर रसोई से ऊब चुके हैं। अब वह विद्रोहघर बनने के लिए मचल रहे हैं। लड़की होकर लड़के जैसे दिखने की घड़ी बहुत जल्द आ रही है। मैं पत्नी की बातों को शब्दों में बांधने के सिवाय और क्या कर सकता हूँ? बातें शब्दों की कथनी में नहीं करनी में बदलना चाहती हैं और वहशी अब भी उसे रसोईघर, आंगन, घर के कामकाज में व्यस्त देखना चाहते हैं। यदि वे बाहर आना भी चाहती हैं तो शोषक चंगुल खेतों, सड़कों और वहशी आँखों की पहुँच वाले स्थल तक उन्हें शोषित करने की पूरे फिराक में रहती हैं।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

# शक्ति का मात्र एक केन्द्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

संविधान के प्रति नागरिक बोध बढ़े इसके लिए सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का आग्रह इतना अधिक है कि दिल्ली में आयोजित व्याख्यानमाला 'भविष्य का भारत' में दूसरे दिन अपने उद्बोधन के दौरान वे संविधान की प्रस्तावना को पूरा पढकर सुनाते हैं और फिर उस पर चर्चा करते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का प्रभावशाली सांस्कृतिक संगठन है। उसके विचार एवं गतिविधियों से समाज का मानस बनता और बदलता है। इसलिए अकसर विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा चलती है कि उन विषयों पर संघ का विचार क्या है? कई बार ऐसा भी होता है कि भारतीयता विरोधी और विदेशी विचार से अनुप्राणित समूह भी राष्ट्रीय प्रतीक और संघ के संदर्भ में मिथ्याप्रचार कर देते हैं। दोनों ही कारणों से बौद्धिक जगत से लेकर आम समाज में भी संघ के दृष्टिकोण को जानने की उत्सुकता रहती है। भारतीय संविधान भी ऐसा ही विषय है, जिस पर संघ के विचार सब जानना चाहते हैं। दरअसल, भारत विरोधी ताकतों ने अपने समय में यह मिथ्या प्रचार जमकर किया है कि आरएसएस संविधान विरोधी है? वह वर्तमान संविधान को खत्म करके नया संविधान लागू करना चाहता है। मजेदार बात यह है कि गोएबल्स की अवधारणा में विश्वास रखने वाले गिरोहों ने इस तरह के झूठ की बाकायदा एक पुस्तिका भी तैयार करा ली, जिस पर वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का चित्र एवं नाम प्रकाशित किया गया और लिखा गया था- नया भारतीय संविधान। संघ की ओर से इस दुष्प्रचार के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी गई, उसके बाद से यह मिथ्या प्रचार काफी हद तक रुक गया। और भी अनेक प्रकार के भ्रम खड़े करने के प्रयास संघ विरोधी एवं भारत विरोधी ताकतों की ओर से किये गये हैं लेकिन बिना पैर के झूठ संघ की प्रामाणिक एवं देशभक्त छवि के कारण समाज में टिकते ही नहीं हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अब तक की यात्रा देखकर यह कहने में कोई संकोच नहीं कि यह संगठन राष्ट्रभक्ति का पर्याय है। अपने राष्ट्र और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति संघ की पूर्ण निष्ठा एवं सम्मान है। संविधान के संदर्भ में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष पदाधिकारी अनेक बार सद्भावना प्रकट कर चुके हैं। वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने तो 19 जनवरी, 2020 को बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 'भविष्य का भारतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दृष्टिकोण' विषय पर अपने व्याख्यान में स्पष्ट कहा है- संघ का कोई एजेंडा नहीं है, वह भारत के संविधान को मानता है। हम शक्ति का कोई दूसरा केंद्र नहीं चाहते। संविधान के अलावा कोई शक्ति केंद्र होगा, तो हम उसका विरोध करेंगे। यानी संघ न केवल संविधान में पूर्ण विश्वास करता है अपितु उसके मुकाबले अन्य किसी व्यवस्था के खड़ा होने का विरोधी है। इससे अधिक स्पष्ट और मत क्या हो सकता है? इसी तरह वर्ष 2018 में 17 से 19 सितंबर तक इसी शीर्षक से आयोजित व्याख्यानमाला में उन्होंने कहा कि हमारे प्रजातांत्रिक देश में, हमने एक संविधान को स्वीकार किया है। वह संविधान हमारे लोगों ने तैयार किया है। हमारा संविधान, हमारे देश की चेतना है। इसलिए उस संविधान के अनुशासन का पालन करना, यह सबका कर्तव्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसको पहले से मानता है। संघ के इतिहास में यह पहली व्याख्यानमाला थी, जिसमें सभी प्रकार की विचारधाराओं के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया था और उनके समक्ष संघ के सर्वोच्च अधिकारी ने अपना दृष्टिकोण रखा था। सरसंघचालक डॉ. भागवत न केवल यह बता रहे हैं कि संविधान के अनुशासन का पालन संघ पहले से करता आया है अपितु वे अन्य से भी आग्रह कर रहे हैं कि संविधान का पालन करना सभी अपना कर्तव्य समझें। नागरिक अपने संविधान के मर्म को जानें, इसके लिए सरसंघचालक आग्रह करते हैं कि हमें अपने बच्चों को जीवन के प्रारंभिक चरण में ही संविधान पढ़ाना चाहिए। संविधान के प्रति नागरिक बोध बढ़े इसके लिए सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का आग्रह इतना अधिक है कि दिल्ली में आयोजित व्याख्यानमाला 'भविष्य का भारत' में दूसरे दिन अपने उद्बोधन के दौरान वे संविधान की प्रस्तावना को पूरा पढकर सुनाते हैं और फिर उस पर चर्चा करते हैं। बहरहाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिस विचार को लेकर 1925 से अब तक चला है, वही विचार संविधान के केंद्र में है- राष्ट्रीय एकात्मता। समाज में बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की भावना बढ़े, यही संविधान की उद्देशिका में है और यही संघ का उद्घोष है।

■ लोकेन्द्र सिंह राजपूत

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे सुभ्रु! हे भामिनि ! तुम मेरे इस सन्देहको दूर करो। मैं उस अधम राक्षसका वध करके उस एकावलीको ले आऊँगा। हे सुव्रते। यदि तुम उस राक्षसका स्थान जानती हो तो वह स्थान मुझे दिखा दो। उसके पिता राजा रैभ्यको तुमने यह बताया अथवा नहीं कि वह अत्यन्त दुःखित है ॥ 40-41 ॥

जिसको ऐसी प्रिय पुत्री हो, क्या यह उसके हरणको नहीं जानता? और फिर उसने एकावलोकी मुक्तिके लिये क्या कोई प्रयास नहीं किया ? ॥ 42 ॥

अपनी पुत्रीको बन्दी बनाया गया जानने के बाद भी राजा स्थिरचित्त होकर कैसे चुप बैठे हैं? अथवा राजा कुछ कर पाने में असमर्थ तो नहीं हैं? मुझे इसका कारण शीघ्र बताओ ॥ 43 ॥

हेकमलनयने। तुमने अपनी सखीके अलौकिक गुणोंको बताकर मेरे चित्तको हर लिया है तथा में पूर्ण रूपसे कामके वशीभूत कर दिया गया हूँ ॥ 44 ॥

अब तो मेरे मनकी यही अभिलाषा है कि उस प्रियाको इस महान् संकटसे मुक्त करके मैं उसे कब देख लूँ ॥ 45 ॥

अब उस दानवके अत्यन्त दुर्गम नगरमें जानेका उपाय मुझे बताओ और यह भी बताओ कि उस महान् संकटसे छूटकर तुम यहाँ कैसे आयी॥ 46 ॥

यशोवती बोली- हे राजन्! मैंने बाल्यावस्थासे ही एक सिद्ध ब्राह्मणसे बीज तथा ध्यानसहित भगवतीका मन्त्र प्राप्त किया है ॥ 49 ॥

हे राजन! जब मैं कालकेतुके यहाँ थी तभी मैंने अपने मनमें सोचा कि अब मैं प्रचण्ड पराक्रमवाली भगवती चण्डिकाको निरन्तर आराधना करूँ। वे भगवती पूर्णरूपसे आराधित होनेपर निश्चितरूपसे मुझे इस बन्धनसे मुक्त करेंगी; क्योंकि भक्तोंपर अनुकम्पा करनेवाली वे शक्तिस्वरूपा चण्डिका सब कुछ करनेमें समर्थ हैं। जो निराकार तथा निरालम्ब भगवती अपनी शक्तिसे जगत्का सृजन करती हैं तथा पालन करती हैं, वे ही कल्पके अन्तमें उसका संहार भी कर देती हैं। मनमें ऐसा सोचकर मैं विश्वकी अधिष्ठात्री, कल्याणकारिणी, लाल वस्त्र धारण करनेवाली, सौम्य विग्रहवाली तथा सुन्दर रक्त नयनोंवाली भगवतीका ध्यान करके मन-ही-मन उनके रूपका स्मरण करके मन्त्रका जप करनेमें तत्पर हो गयी। इस प्रकार मैं समाधि लगाकर एक माहतक भगवती जगदम्बाकी उपासना करती रही 50-51 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# 21वीं सदी का दुष्प्रभाव

पहले शहर से लेकर गांवों में कुआं व नदी घाट पर लोग नहाने-धोने का काम किया जाता था। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों के कमरे में बंद होकर स्नान व कपड़ा धोने को मजबूर कर दिया है। आज लगभग सभी पक्के मकानों में पानी टंकी छत पर दिखाई देती है। इससे लोगों को तो सुविधा मिली, लेकिन हर दिन लाखों लीटर पानी उस टंकी में चढ़ा दिया जाता है। इसका असर धीरे-धीरे ऐसा हुआ कि आज जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंओं को शहरों में अनुपयोगी मानकर उसे ढक दिया गया है। साथ ही वहां पर दुकानें बना दी गई है। बुनियादी रूप से हम अपनी समस्याओं के खुद ही पैदा करने वाले हैं। ऐसे में हमें वापस उन्हीं दौर में लौटना होगा जब एक कुएं व चापानल से लगभग पूरा मुहल्ला स्नान कर लेता था और घर के काम के लिए एक या दो बाल्टी पानी ढोकर अपने घर ले जाया करता था। आधुनिकता के लाभ ने हमें इन सब के बारे में विचार करने का मौका ही नहीं दिया। आज हालत हैं कि लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक प्रदत्त सुविधाएं कम होती जा रही हैं। पेड़-पौधों को काटकर हम कूलर व एयर कंडीशन की हवा खा रहे हैं। सच बात यह है कि गांव के पीपल की छांव में बैठकर जो शांति व सकून मिलता था वह एक कमरे में बैठकर कूलर एयरकंडीशन में नहीं मिलती है।

■ राम प्रकाश , मेदिनीनगर।

# आधी आबादी को सशक्त बनाता स्वयं सहायता समूह

देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश बदल रहा है। इस बात की प्रमाणिकता है बीते अठारह वर्ष का स्वर्णिम दौर। लाड़ली लक्ष्मी, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, कन्यादान योजनाओं के बाद अब प्रदेश की महिलाओं के सवार्गीण विकास के लिए स्व सहायता समूह जैसे कार्यक्रम चलाकर मध्यप्रदेश सरकार ने महिला स्वावलम्बन की दिशा में मील का पत्थर गाढ़ा है। इसके सूत्रधार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं, जिनके द्वारा लिये गये अहम फैसलों से देश में मध्यप्रदेश का मान बढ़ा है। हमारे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर कम ही मिला है। घरेलू कार्यो में अति व्यस्त, कम शिक्षित होने के बावजूद जब उन्हें स्व सहायता समूह से जुड़कर काम करने का अवसर मिला तब उन्होंने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। बचत में अति कौशल रखने वाली ग्रामीण क्षेत्र की महिलायें व्यवसाय तथा अन्य कार्यो में पूर्णतः सफल हो रही हैं। मध्यप्रदेश सरकार के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्व सहायता समूह के सुखद परिणाम देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गये। नारी सशक्तिकरण की बातें जो कभी सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहती थीं, उनको प्रत्यक्ष रुप से देखा जा रहा है। मध्यप्रदेश में स्व सहायता समूहों की सफलता अप्रतिम है और इसकी गवाही आंकड़े दे रहे हैं। लगभग 42 लाख महिलायें इनसे जुड़ी हैं, और 535 करोड़ से अधिक मूल्य के उनके द्वारा बनाये हुए उत्पाद आजीविका मार्ट पोर्टल से बिके हैं। 500 करोड़ रुपयों से अधिक का आंकड़ा किसी बड़ी कंपनी के टर्नओवर जैसा प्रतीत होता है। यह करिश्मा उन महिलाओं के माध्यम से संभव हुआ है जो ग्रामीण हैं, घरेलू हैं तथा शिक्षित नहीं हैं। मध्यप्रदेश में महिला स्व सहायता समूहों की उपलब्धि सराहनीय है तथा इनकी लगातार चर्चा हो रही है। इसे लगातार ऊर्जा देकर नये पायदान पर ले जाने की आवश्यकता है। यह उत्तरदायित्व सरकार और समाज दोनों का है। ऐसे नये क्षेत्र तलाशने होंगे जहाँ स्व सहायता समूह सफलता का नया आयाम दे सकें। इस तरह नारी सशक्तिकरण जन आंदोलन का रुप ले चुका है। अब तक 4 लाख से अधिक स्व सहायता समूहों के माध्यम से 45 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार आजीविका गतिविधियों से जुड़ चुके हैं। यहाँ बता दें कि 17 हजार महिलाओं ने पंचायतों में प्रतिनिधि के रूप में अपनी जगह बना ली है और अब वे अपने या समूह के विकास के साथ गांवों के विकास में भी बराबरी का योगदान देने के लिए उत्सुक हैं। स्व सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण महिलायें पहले मेहनत-मजदूरी करती थीं, अब वह स्वयं का व्यवसाय शुरू कर अन्य लोगों को रोजगार दे रही हैं। स्व सहायता समूह से जुडकर महिलायें आत्मनिर्भर बनने के साथ हर माह 5 से 10 हजार रुपए कमा रही हैं। प्रमुख रुप से वे पशुपालन, राशन वितरण का काम, खेती सम्बंधी, बैंक से लोन दिलाने और टैक्स वसुलने के काम में अपना जौहर दिखला रही हैं। ग्रामीण महिलायें 100 से ज्यादा कृषि और गैर कृषि वाली आजीविका गतिविधियों में सलंग्न हैं। स्व सहायता समूह के अंतर्गत अपना रोजगार स्थापित कर चुकीं महिलायें पंद्रह से बीस का समूह बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रही हैं। अन्य महिलाओं से सम्पर्क कर उनकी आवश्यकता जानकर उन्हें समूह से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें संबंधित महिला की स्वेच्छा का पूरा ध्यान रखा जाता है। समूह की महिलायें कैफे संचालन भी कर रही हैं। इसके अलावा स्कूल गणवेश सिलाई, फसल क्रय के लिये उपार्जन केन्द्रों का संचालन, गौशाला संचालन, चारागाह विकास, अस्पतालो में ऑक्सीजन प्लांट का संचालन सहित हस्तकला तथा कालीन आदि बनाने का काम भी किया जा रहा है। स्व सहायता समूह में 103 प्रकार की लघु उद्यम गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं। समूहों द्वारा समस्त लेन-देन नगद रहित है। लेन-देन या तो चैक के माध्यम से होता है या फिर बैंक सखियों द्वारा ई- ट्रांजेक्शन कराया जाता है। इससे किसी भी तरह की धोखाधड़ी की संभावना कम रहती है।

■ निलय श्रीवास्तव

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### दो ट्रकों की भिडंत में तीन लोगों की मौत, एक घायल




**रायबरेली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के मिल एरिया इलाके में दो ट्रकों की आमने सामने की भीषण टक्कर में दोनों ट्रक चालकों समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आज यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल देर रात मिल एरिया इलाके के रियान पब्लिक स्कूल के पास तेज रफ़्तार ट्रकों की आमने सामने की टक्कर में दोनों ट्रकों चालकों समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मृतकों की पहचान फतेहपुर के रहनेवाले पिंटू (22), विनोद (20) के रूप में हुई है। जबकि इस ट्रक पर सवार विजय प्रकाश (18) बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरे ट्रक चालक रमेश (35) की भी मौत हो गयी है। कल देर रात ट्रैफिक न होने से जिला सुल्तानपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक और फतेहपुर की ओर से दूसरा ट्रक तेज रफ़्तार से जा रहे थे। तभी अचानक रेयान स्कूल के पास दोनों ट्रको की भीषण भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के बोनट के परखच्चे उड़ गए। ट्रक चालकों की ट्रक में फंसने से मौत हो गयी है। पुलिस के अनुसार अभी उसे किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है, लेकिन शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गए हैं और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों की अब तक नहीं हुई है शिनाख्त



**बीजापुर (एजेंसी)।** जिले के जिले के थाना मिरतुर क्षेत्रांतर्गत पोमरा के जंगल में शनिवार को हुए मुठभेड़ में मारे गए दो वदीर्धारी महिला एवं दो पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किए गए थे, मारे गये चारो नक्सलियों की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मारे गए नक्सलियों के फोटो सभी थानों सहित पड़ोसी जिले में भेजे हैं, लेकन आज तक कोई भी इन शवों को लेने नहीं पहुंचा है। बीजापुर एसपी अंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि सभी शवों को मरचूरी में रखवाया गया है तथा शिनाख्त के लिए फोटो सभी थानों और पड़ोसी जिले में भेजे गए हैं।

### मुंडन कराने सिमरिया में उमड़ी भीड़, गूंजता रहा 'बौआ के मौसी हजमा..'



**बेगूसराय (एजेंसी)।** शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को मुंडन का शुभ मुहूर्त रहने के कारण सोमवार को बिहार के पावन गंगा तट बेगूसराय जिला के सिमरिया घाट में जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान अहले सुबह से ही बेगूसराय सहित मिथिलांचल एवं मगध के विभिन्न जिलों से मुंडन कराने वालों की भीड़ जुटने लगी तथा सिमरिया का चप्पा-चप्पा "बौआ के मौसी हजमा तोरे देबौ रे..." समेत मुंडन के अन्य गीतों से गुंजायमान होता रहा। मुंडन का शुभ मुहूर्त रहने के कारण मुंडन कराने वाले लोगों का हुजूम रामघाट से लेकर श्मशान घाट तक लगातार जुटा रहा। मुंडन संस्कार के बाद लोगों की भीड़ खाने-पीने के लिए होटल की ओर उमड़ने लगी। इस दौरान मगध इलाके के बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा किनारे भूतखेली एवं भगतई भी सिद्ध किया। भीड़ और अव्यवस्था के कारण सिमरिया घाट के अलावे चकिया, मल्हीपुर चौक, बीहट और जीरोमाइल के होटलों में भी मुंडन संस्कार के बाद पूरी जलेबी खाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ गई। मुंडन संस्कार के लिए सिमरिया गंगातट पर उमड़े लोग गंगा स्नान के दौरान नहीं डूबे, इसको लेकर राहत बचाव दल डीडीआरएफ के गोताखोर अनिल कुमार, जाटव कुमार, मनीष कुमार, शत्रुघ्न कुमार, सीताराम कुमार एवं अर्जुन कुमार रबर वोट और सेफ्टी जैकेट के साथ मुस्तैद रहे। लेकिन पॉकेटमारों ने भीड़ का जमकर फायदा उठाया।

### विकास नगर की ओर जाने वाली सड़क में हुआ 20 फीट का गड्ढा

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में विकास नगर की ओर जाने वाली सड़क में उस समय 20 फीट का गड्ढा हो गया जब उधर से एम्बुलेंस गुजर रही थी। गड्ढा देखकर एम्बुलेंस चालक ने वाहन की दिशा बदल ली और हादसा टल गया। विकास नगर के निवासी व समाजसेवी अमित अग्रवाल ने बताया कि आए दिन सड़क के जर्जर होने के आसार दिख रहे थे। अचानक सोमवार को सड़क धंस गई और गहराई तक बड़ा सा गड्ढा हो गया। गड्ढा देखकर डर लग रहा है। सड़क पर गड्ढा देख पुलिस ने दोनों तरफ का आवागमन बंद करा दिया है।

# लूटते थे चाचा-भतीजे और बदनाम होती थी इटावा-मैनपुरी की जनता : योगी

**मैनपुरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को मैनपुरी पहुंचे। यहां हो रहे लोकसभा उपचुनाव में भाजपा को वोट करने की अपील की। जनता को भाजपा के साथ कनेक्ट करने के लिए योगी ने सबसे पहले मुलायम सिंह यादव को नमन किया और कहा कि उनके आशीर्वाद से 2019 में देश में एक बार फिर भाजपा की सरकार आई और नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने। मैनपुरी में भी वही होने जा रहा है। इस दौरान उन्होंने सपा शासन में भ्रष्टाचार को लेकर चाचा-भतीजे की जोड़ी पर भी हमला किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैनपुरी की इस पावन धरती ने सदैव नया इतिहास बनाया है। ऋषि मुनियों की परंपरा से जुड़ी यह धरती हमेशा पूजनीय रही है। नेता जी (मुलायम सिंह यादव) को श्रद्धांजलि देता हूं। उन्होंने 2019 में संसद में आशीर्वाद दिया था। नेता जी के आशीर्वाद का ही परिणाम था कि आजमगढ़ और रामपुर में उपचुनाव



भाजपा जीती। इस बार फिर से नेता जी का सपना फिर से पूरा होने जा रहा है।

योगी ने कहा कि मैनपुरी अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा के लिए जानी जाता रहा है। समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए बोले कि मैनपुरी और इटावा के लोगों के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। अन्नदाता किसानों को शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित कर दिया था।

### मुख्यमंत्री योगी करोड़ों की 71 परियोजनाओं का आगरा में करेंगे शिलान्यास

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करोड़ों की 71 परियोजनाओं का शिलान्यास करने वाले हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री 4.87 करोड़ की 17 परियोजनाओं का शहर में लोकार्पण भी करने वाले हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को मैनपुरी के बाद आगरा तारघर में प्रबुद्धजन सम्मेलन कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहे हैं। आगरा आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भव्य स्वागत की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। मुख्यमंत्री यहां तारघर प्रबुद्धजन सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे और 219.74 करोड़ की 71 परियोजनाओं का शिलान्यास उनके द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही 4.87 करोड़ की 17 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री यहां दोपहर 2.30 बजे मैनपुरी से खेरिया एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जिसके बाद 2.45 बजे खेरिया एयरपोर्ट से तारघर मैदान में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन कार्यक्रम में आएंगे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद शाम 4.30 बजे तारघर मैदान से खेरिया एयरपोर्ट के लिए रवाना होकर 4.40 बजे लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। आगरा प्रशासन द्वारा सुरक्षा व उनके स्वागत की पूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके साथ ही पूरे शहर में सुबह 11 बजे से रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है। इस कार्यक्रम में करीब 50 हजार लोगों के आने की उम्मीद लगाई जा रही है। इसके तहत भी प्रशासन स्तर से पूरी तैयारियां की जा चुकी हैं।

कुछ लोग अपने आपको समाजवादी और सेक्युलर कहते हैं, वह परिवारवाद से उबर नहीं पा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव से लेकर सांसद और विधायक सब परिवार के चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी का मंत्र है कि सबका साथ और सबका विकास, किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं। यही मंत्र है जो लोककल्याण का कारण बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में फ्री में टेस्ट, उपचार, वैक्सीन और राशन देने का काम किया गया। अखिलेश कोरोना में हालचाल लेने नही आए थे। यह आपके साथ संकट में नहीं खड़े हो सकते। यह अब आपको इमोशनल करके बहकाने आए हैं।

सपा की सरकार चार-चार बार रही। इनके अपने-अपने बंगले बन गए लेकिन इटावा, मैनपुरी में गरीबों के आवास नहीं बन पाए। इनके शासन काल में गरीबों का राशन माफिया हड़प जाते थे। यूपी में पैतालीस लाख लोगों को आवास उपलब्ध करवाए हैं। यूपी के गरीब के पास अपना आवास होगा।

# गंगाजल आपूर्ति योजना से ज्ञान और मोक्ष की नगरी में पेयजल की समस्या होगी दूर : नीतीश

**गया (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कहा कि गंगाजल आपूर्ति योजना से ज्ञान और मोक्ष की नगरी (गया-बोधगया) में पेयजल की समस्या समाप्त हो जाएगी।

श्री कुमार ने सोमवार को गंगा जल आपूर्ति योजना का शुभारंभ जिले के मानपुर प्रखंड स्थित अबगिला मुहल्ले से किया। इस दौरान उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों ने इस योजना से संबंधित तमाम जानकारी मुख्यमंत्री को उपलब्ध कराई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। राजगीर के बाद आज से गया और बोधगया के लोगों को गंगा का जल पीने के लिए मिलने लगा हैं। ज्ञान और मोक्ष की भूमि पर पेयजल की समस्या दूर होगी, इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि गया में पेयजल की समस्या के बारे में हमें जानकारी मिली थी। दूर-दराज से लोग पिंडदान करने यहां आते हैं, उनके समक्ष भी पानी की समस्या होती थी। इस चीज को ध्यान में रखकर यह योजना बनाई गई।



श्री कुमार ने कहा कि पटना से 151 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाकर राजगीर होते हुए गया और बोधगया तक गंगा का जल घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। आज से लोगों को गंगा का जल मिलेगा। जो क्षेत्र बच गए हैं, उस क्षेत्र में भी गंगाजल पहुंचेगा। इस योजना से लोग भी काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि राजगीर के बाद गया और बोधगया में भी इस योजना का शुभारंभ कर दिया गया है। लोगों के घर तक गंगा का जल पहुंच गया है। गंगाजल आपूर्ति योजना के शुभारंभ को लेकर गया के लोगों में गजब का उत्साह है। गंगा जल घर-घर पहुंचने पर शहर वासियों ने खुशी जताई, साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया है। गया शहर की रामसागर मुहल्ला निवासी सुषमा वर्णवाल ने कहा कि आज गंगा का जल नल के माध्यम से हमारे घर में पहुंचा है। हमें काफी खुशी हो रही है। पहले पटना से गंगा जल लाते थे लेकिन आज गंगा का जल घर में पहुंचा है। गंगा का पानी हमने पिया हैं। काफी अच्छा लग रहा है, इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हैं।

इसी तरह शहर के चांदचौरा मुहल्ला निवासी शशिकिशोर शिशु ने कहा कि पहले शहर में पेयजल की समस्या व्याप्त रहती थी। गर्मी के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती थी लेकिन आज गंगा का जल घर तक पहुंच गया है, इससे हमें काफी खुशी हो रही है। शहर के लोगों में खासा उत्साह है और खुशी की लहर है, इसके लिए हमलोग मुख्यमंत्री श्री कुमार को धन्यवाद देते हैं। उनके दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति की बदौलत आज पटना से गंगा का जल गया पहुंचा है। गया शहरवासियों के लिए इससे बड़ी बात कोई हो ही नहीं सकती।

वहीं, इस मौके पर पेयजल परियोजना में कार्यरत श्रीराम कंपनी के प्रबंध निदेशक एस. के. सिंह ने कहा कि गया शहरवासियों के लिए यह बहुत बड़ी योजना है। पटना से पाइपलाइन के माध्यम से गंगा का जल लोगों के घर तक पहुंचाया गया है। कड़ी मेहनत के बाद इसका शुभारंभ आज किया गया है। इसके तहत नगर निगम के सभी 53 वार्डों में लोगों को गंगा का जल पीने को मिलेगा। प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी लोगों को अब सालों भर उपलब्ध कराया जाएगा, जहां कहीं पहाड़ी पर टंकी बनी है, उस टंकी में गंगा का जल पहुंचाकर पाइप लाइन के द्वारा लोगों के घर तक पहुंचाया गया है। अब लोगों को पेयजल की समस्या नहीं होगी।

#### कोर्ट में पेशी के वक्त पार्थ चटजी ने कहा

# सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ही जीतेगी पंचायत चुनाव



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सोमवार एक बार फिर अलीपुर की विशेष सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया। यहां न्यायालय में प्रवेश करने से पहले मीडिया के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बार भी पंचायत चुनाव कोई और नहीं बल्कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ही जीतेगी। जुलाई महीने की 21 तारीख को ईडी के हाथों गिरफ्तारी और उनकी महिला मित्र अर्पिता मुखर्जी के फ्लैट से करोड़ों रुपये नगदी बरामदगी के बाद तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से हटा दिया था। बावजूद इसके सोमवार को जब उन्हें कोर्ट में पेश किया गया तो मीडिया कर्मियों ने उनसे पूछा कि इस बार पंचायत चुनाव कौन जीतने वाला है? इसके जवाब में उन्होंने केवल दो शब्द कहे तृणमूल तृणमूल। इसके पहले भी एक बार कोर्ट में पेशी के समय उन्होंने कहा था कि मैं तृणमूल के साथ ही हूं। पार्थ चटर्जी सहित सात लोगों को एक बार फिर कोर्ट में पेश किया गया है। इनमें पार्थ के अलावा सुबिरेश भट्टाचार्य, अशोक साहा, कल्याणमय गांगुली, प्रदीप सिंह और प्रसन्न रॉय शामिल हैं। सूत्रों ने बताया है कि सभी ने अपने लिए जमानत की याचिका लगाई है जबकि सीबीआई की ओर से इनकी जमानत का विरोध किया जाएगा।

## कल्याणकारी कार्यों की नजीर पेश कर रही डबल इंजन की सरकार: रविकिशन



**गोरखपुर (एजेंसी)।** भोजपुरी फिल्म स्टार व सांसद रविकिशन ने सोमवार को गोरखपुर में होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में कहा कि डबल इंजन की सरकार जनकल्याणकारी कार्यों की नजीर पेश कर रही है। चारों ओर विकास की गंगा बह रही है। भाजपा नेता रवि किशन ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम इसी का हिस्सा है। हर धर्म-बिरादरी के गरीब की बेटियों की धूमधाम से शादी कराने के साथ सरकार उन्हें गृहस्थी बसाने का सामान भी दिया जा रहा है। नव-दम्पति अब अपनी जिंदगी को खुशी-खुशी जीने का संकल्प लें।

इस अवसर पर बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, महापौर सीताराम जायसवाल, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, महेन्द्रपाल सिंह, श्रीराम चौहान, डॉ विमलेश पासवान, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह समेत प्रशासन, पुलिस, समाज कल्याण आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिहार के 29 पुलिस अधिकारी व कर्मी राष्ट्रपति पदक से होंगे सम्मानित

**पटना।** गणतंत्र दिवस पर अगले साल 2023 में बिहार के 29 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए बिहार सरकार ने विशिष्ट सेवा पदक के लिए सात और सराहनीय सेवा के लिए 22 पुलिस अधिकारियों तथा कर्मियों के नाम केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजे हैं। इन 29 पुलिस अधिकारियों तथा कर्मियों को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मेडल देकर सम्मानित करेंगी। विशिष्ट सेवा के पदक के लिए जिन सात पुलिस अफसरों के नामों की अनुशंसा गृह मंत्रालय से की गयी है उनमें तीन आईपीएस और चार अन्य रैंक के पुलिस अधिकारी हैं। इनमें एडीजी रवीन्द्रन शंकरण, एडीजी पारसनाथ और एडीजी बच्चु सिंह मीणा का नाम शामिल है। इनके अलावा विशिष्ट सेवा पदक के लिए विनय कुमार शर्मा, बिनय कृष्ण, दिलीप कुमार सिंह और रंजीत कुमार के नाम भी भेजे गये हैं। सराहनीय सेवा पदक के लिए 22 अधिकारियों और कर्मियों में संजय कुमार चौरसिया, रूपेश थापा, मुख्तार अली, संजय कुमार, धनंजय कुमार, धर्मराज शर्मा, आलोक कुमार, बैद्यनाथ कुमार, अक्षयबर पाण्डेय, सत्येन्द्र कुमार, सिकंदर कुमार, पंचरत्न प्रसाद गौंड, बॉस इंड, अवधेश कुमार सिंह, आलमनाथ भूईया, देवेन्द्र कुमार, संतोष कुमार दीक्षित, संजय कुमार शेखर, सरवर खां, ओम प्रकाश सिंह, रासबिहारी चौधरी और विनय कुमार शामिल हैं।

# शाहनवाज हुसैन ने कुढ़नी उपचुनाव में कमल खिलने का किया दावा

**अररिया (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कुढ़नी उपचुनाव में भाजपा के जीत का दावा करते हुए वहां कमल खिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश का माहौल भाजपामय है और देश के अधिकांश हिस्सों में कमल खिला हुआ है। अररिया में सांसद प्रदीप कुमार सिंह के माताजी के निधन ओर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ग्लोबल नेता करार दिया। उन्होने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास न केवल देशवासियों को है,बल्कि दुनिया को है। 72 फिसदी रेटिंग के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्व के मजूबत लीडरशिप में शामिल होने की बात उंन्होने कही। मौके पर उन्होंने बिहार सरकार पर भी प्रहार किया और कहा कि बिहार में 32 साल से जनता दल के पुराने परिवार वाले एक परिवार का राज है। केंद्र सरकार द्वारा सहयोग नहीं किए जाने की बात राज्य सरकार



की ओर से किए जाने को गलत करार दिया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिहार को पूरा सहयोग कर रही है, फलस्वरूप इस इलाके में तेजी से विकास के काम हो रहे हैं। उन्होने एआइएमआइएम और उसके नेता ओबेद्दीन ओवेशी पर आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने का काम करने की बात करते हुए भड़काऊ भाईजान के बातों और झांसों में नहीं आने की अपील की।

भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अररिया किशनगंज का इलाका पहले सबसे पिछड़ा इलाका था, लेकिन आज सबसे ज्यादा कनेक्टिविटी का पार्ट बन गया है। उंन्होने बिहार में उद्योग मंत्री के रूप में अपनी ओर से एक साल के दौरान किये गए कार्यों को लेकर बताया गया कि उनके द्वारा किशनगंज में लेदर पार्क सेशन किया गया था, जिस पर जल्द ही काम शुरू होगा। इसके अलावे अररिया के बॉर्डर इलाके में इंडस्ट्रियल एरिया के रूप में विकसित करने को चिन्हित किया गया था। एक साल के दौरान उन्होंने बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए अपनी ओर से सकारात्मक प्रयास करने की बात कही गयी। उंन्होने अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह की माताजी के निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया।

# ऐसा भारत हो, जिसे कोई बुरी नजर से नहीं देख पाए : डॉ. भागवत

**दरभंगा (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने सोमवार को कहा कि आरएसएस ऐसा भारत चाहता है जिसकी ओर बुरी नजर से कोई न देखे। भारत पर पूर्व में कई आक्रमण हुए हैं। अब कोई आक्रमण न कर पाए। इसके लिए समाज को संगठित करना होगा। उन्होंने यह आह्वान अपने चार दिवसीय बिहार दौरे के आखिरी दिन दरभंगा स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के नगेंद्र झा स्टेडियम में नगर एकत्रीकरण कार्यक्रम में किया।

डॉ. भागवत ने कहा कि कोई भी देश आज विकसित या ताकतवर बना है तो वह उसके नागरिकों की राष्ट्र भक्ति से संभव हुआ है। वर्षों की मेहनत और अनुशासन



ने उस राष्ट्र को ताकतवर और धनवान बनाया है। हमें भी अपने देश को अगर विकसित और ताकतवर बनाना है तो तैयारी भी उसी तरह की होनी चाहिए। हमको स्वयं को सुखी होना है। अपने कुटुंब को सुखी रखना है तो अपने देश को सुखी रखना पड़ेगा। जिनका देश सुखी नहीं है, जिनका देश सुरक्षित नहीं है, जिनके देश की दुनिया में प्रतिष्ठा नहीं है, उनको तीनों भुवन में कहीं पर भी प्रतिष्ठा, सुरक्षा और सुख नहीं मिलता।

संघ प्रमुख ने कहा कि अकेले अपने सुख के लिए कितनी भी मेहनत करें। अपने परिवार को कितना भी आगे बढ़ा लें, लेकिन जिस समाज से वह व्यक्ति हैं उस समाज की सुरक्षा, उसकी प्रतिष्ठा ही उनको सुरक्षित और प्रतिष्ठित बनाती है। यह एक व्यावहारिक अनुभव है। जब भारत की प्रतिष्ठा दुनिया में बढ़ी तो विदेशों में रहने वाले अपने लोग अपना सिर ऊंचा करके चलने लगे। हम अपने स्वार्थ को भी स्वीकार करते हैं तो भी हमको अपने समाज को राष्ट्र को सुरक्षित और प्रतिष्ठित रखना ही होगा। इसलिए इसको ध्यान में रखकर अपना और अपने परिवार का जीवन जीना पड़ता है।

डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि दरभंगा शाखा बहुत पुरानी है। पहली बार आए स्वयंसेवकों के लिए जरूरी है कि वो संघ को जाने। जानी हुई चीजों का भी बार-बार चिंतन और मनन करना पड़ता है। बचपन में बताया जाता है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा है। परंतु जब हम आगे बढ़ते हैं तो जीवन में कई प्रकार के आकर्षण आते हैं। कई प्रकार के संकट आते हैं। कभी अपना रास्ता थोड़ा मोड़ के आगे बढ़ना पड़ता है। ऐसी सब बाधाओं में हम क्या कर रहे हैं। कैसे हमको आगे बढ़ना है, किस दिशा में जाना है, इसका स्मरण बार-बार करना पड़ता है। इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्या कर रहा है इसके बारे में जानना है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने इससे पहले सुबह जिले में शाखा का संचालन किया। शाखा में सैकड़ों स्वयंसेवक ने हिस्सा लिया। डॉ. भागवत ने स्वयंसेवकों को शारीरिक प्रशिक्षण दिया। डॉ. भागवत दो सप्ताह में दूसरी बार बिहार आए हैं। पिछले छह माह में यह उनकी तीसरी बिहार यात्रा है। जून में मधुबनी आए थे। छह माह बाद यह उनका दूसरा मिथिला प्रवास है। पिछले सप्ताह बक्सर के संत समागम में शामिल हुए थे।

## सपा गुंडागर्दी, अपराध व बूथ कब्जा करके जीतती है चुनाव : केशव मौर्य



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सपा का इतिहास गुंडागर्दी, अपराध, बूथ कब्जा करके चुनाव जीतने का रहा है, निष्पक्ष चुनाव में सपा की हार और भाजपा की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि रामपुर विधानसभा उपचुनाव में लोकसभा के बाद विधानसभा में कमल खिलाने के लिए आ रहा हूं। समान नागरिक संहिता वर्तमान की आवश्यकता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि परिवारवादी, वंशवादी, गुंडागर्दी राजनीति से मुक्ति के लिए मैनपुरी की जनता ने वोटिंग करने का मन बनाया है, सपा का सफाया कर उज्ज्वल भविष्य की नींव कमल खिलाकर सुशासन और विकास के साथ सुरक्षा को महत्व देते हुए भाजपा की चुनावी बागडोर अपने हाथों में लिया है।

## न्यूज गैलरी

### जर्मनी में डिटेक्टर चेकिंग में भारतीय ग्रैंडमास्टर को नंगे पैर रहना पड़ा खड़ा

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर एस एल नारायणन को जर्मनी में सोमवार को बुंडेस्लिगा शतरंज लीग मैच के दौरान मेटल डिटेक्टर जांच के दौरान खेलने वाले कक्ष में नंगे पैर खड़े रहना पड़ा। जांच के दौरान बीप की आवाज आने के बाद नारायणन को जूते और मोजे उतारने पड़े। बाद में पता चला कि बीप की आवाज जमीन पर बिछे कारपेट के नीचे से आ रही थी। इस तरह की जांच पहले भी हुई है लेकिन विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन ने जब से अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हैंस नीमैन पर धोखेबाजी का आरोप लगाया है, यह जांच कड़ी हो गयी है। नारायणन ने ट्वीट किया कि मैं अपमानित महसूस कर रहा हूं। मैं अगर चुप रहा तो खुद से और अन्य खिलाड़ियों से इंसाफ नहीं होगा जिनके साथ ऐसा ही अनुभव हुआ है।

### पराग के 174 रन की मदद से असम ने जम्मू-कश्मीर को हराया

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** रियान पराग के 116 गेंद में 174 रन की मदद से असम ने जीत के लिए 46.1 ओवर में 351 रन का लक्ष्य हासिल करके विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर को हरा दिया। पराग ने अपनी पारी में 12 छक्के और 12 चौके लगाये जिसकी मदद से असम ने सात विकेट से मैच जीता। जम्मू-कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 350 रन बनाये जिसमें हेनान नजीर ने 113 गेंद में 124 रन बनाये। वहीं, शुभम खजूरिया ने 84 गेंद में 120 रन की पारी खेली। असम ने जवाब में दो विकेट 45 रन पर गंवा दिये थे, लेकिन पराग और रिषव दास ने पारी को संभाला। दास ने 118 गेंद में 114 रन बनाये। पराग और दास ने 277 रन की साझेदारी की। यह हजारे ट्रॉफी के इस सत्र में पराग का तीसरा शतक था। पराग उस समय आउट हो गए जब टीम लक्ष्य से 29 रन पीछे थी, लेकिन दास ने 23 गेंद बाकी रहते उसे जीत तक पहुंचाया।

### अर्शदीप को सलाहकारों से बचाना होगा : ब्रेट ली

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज तेज गेंदबाज ब्रेट ली चाहते हैं कि भारतीय कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अत्याधिक सलाह से जितना संभव हो दूर रखना चाहिए, क्योंकि इसके विपरीत प्रभाव भी पड़ सकते हैं। इस साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करनेवाले अर्शदीप ने भारत की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया और टी-20 टीम में अपनी जगह पक्की की। उन्होंने न्यूजीलैंड के वर्तमान दौरे में अपना पहला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति का अर्शदीप ने पूरा फायदा उठाया तथा 23 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 33 विकेट लिए। ली ने अपने यूट्यूब चैनल ब्रेट ली लाइव पर कहा कि अक्सर टीमों को पता नहीं होता कि इन युवा खिलाड़ियों के साथ क्या करना चाहिए। हमने पहले भी देखा है कि जब कोई युवा खिलाड़ी टीम से जुड़ता है तो उसे खिलाड़ियों, टीवी, कमेंटेटरों और यहां तक कि होटल में भी सलाह मिलती रहती है। हर किसी का उद्देश्य सही होता है, लेकिन कई बार बहुत अधिक सलाह विपरीत प्रभाव डाल देती है। उन्होंने कहा कि इसलिए अर्शदीप को अत्याधिक सलाह से बचाने का जिम्मा राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा का है। ली ने इसके साथ ही अर्शदीप को चोटों से मुक्त रहने के लिए भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ी को जिसने की बहुत कम मैच खेले हों, मेरा मानना है कि मैं उसके साथ कुछ विचार साझा करने के योग्य हूं। कुछ छोटी-छोटी बातें हैं जिनसे मुझे लगता है कि अर्शदीप के एक्शन में मदद मिल सकती है और वह अधिक विकेट ले सकते हैं।

# ऋतुराज गायकवाड़ ने एक ओवर में सात छक्के जड़े

## ऐसा करनेवाले दुनिया के पहले बल्लेबाज, विजय हजारे ट्रॉफी में दोहरा शतक



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड ने सोमवार को इतिहास रच दिया। गायकवाड ने विजय हजारे ट्रॉफी में महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उत्तर प्रदेश के खिलाफ मैच में एक ओवर में सात छक्के जमा दिए। वे लिमिटेड ओवर क्रिकेट में यह कारनामा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। गायकवाड ने यह कारनामा महाराष्ट्र की पारी के 49वें ओवर में किया। शिवा सिंह के इस ओवर में एक गेंद नो बॉल थी। इस तरह यह ओवर सात गेंदों का हुआ और गायकवाड ने सभी सात गेंदों पर छक्के जमा दिए। इस ओवर में कुल 43 रन बने। गायकवाड ने इस पारी में 159 गेंदों पर 220 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 10 चौके और 16 छक्के जमाए।

**महाराष्ट्र ने बनाया 330/5 का स्कोर :** गायकवाड की इस पारी की बदौलत महाराष्ट्र ने 50 ओवर में पांच विकेट खोकर 330 रन बनाए। गायकवाड ने इस पारी में ओपनिंग की थी। उनके अलावा महाराष्ट्र का कोई अन्य बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं जमा सका। अंकित बावने और अजीम काजी ने 37-37 रन की पारी खेली। उत्तर प्रदेश के लिए तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने 66 रन देकर सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।

**यूपी टीम में आईपीएल खेल चुके चार गेंदबाज :** ऐसा नहीं है कि गायकवाड ने किसी हल्की गेंदबाजी टीम के खिलाफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। इस मैच में उतरी यूपी की टीम में आईपीएल खेल चुके चार गेंदबाज मौजूद थे। इनमें अंकित राजपूत, शिवम मावी, कार्तिक त्यागी और करण शर्मा शामिल हैं।

# पत्नी धनश्री का बैग ले जाते दिखे चहल, धवन ने लिये मजे

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी न्यूजीलैंड में हैं जहां बुधवार को क्राइस्टचर्च के मैदान पर तीसरा वनडे खेला जाना है।



इससे पहले भारतीय स्टार शिखर धवन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है जिसपर फैंस जमकर मजे ले रहे हैं। उक्त वीडियो युजी चहल से जुड़ी हुई हैं जिसमें वह एक साथ चार बैग ले जाते दिख रहे हैं।

**रिपोर्टर बने धवन वीडियो में कहते हैं** – युजी का सच हुआ पदार्फाश! यह देखिए युजी अब कुली बना हुआ है। एक इंसान कितना सामान ढो रहा है। यह देखिए। (इतने में धनश्री भी आ जाती है, धवन मुस्कराते हुए) युजी का सच हुआ पदार्फाश! आप क्या कहना चाहेंगी इसके बारे में? फिर धनश्री बोलती हैं मेरे पैर में बहुत तकलीफ है, वर्ना सारा बोझ मैं ही उठाती हूं। इसके बाद धवन कहते हैं हमारी नन्हीं सी जान उसका क्या? इस पर धनश्री कहते हैं स्ट्रॉन्ग होने दो नन्ही सी जान को। फिर धवन कहते हैं ओह! वैल डन युजी। गुड जॉब!

# फीफा विश्व कप में भी संजू सैमसन का क्रेज, बैनर के साथ देखे गये फैंस

**कतर (एजेंसी)।** मेन इन ब्लू के न्यूजीलैंड दौरे में भारत की अंतिम एकादश में नियमित मौका नहीं मिलने के बावजूद स्टार बल्लेबाज संजू सैमसन के लिए प्रशंसकों का प्यार हैरान करनेवाला है। कतर में चल रहे फीफा कतर विश्व कप-2022 में प्रशंसकों ने सैमसन का समर्थन किया और उनके पोस्टर लेकर पहुंचे, जिसकी एक तस्वीर राजस्थान रॉयल्स द्वारा साझा की गई। राजस्थान रॉयल्स के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से एक तस्वीर शेयर की गई है जिसमें फैंस हाथों में संजू सैमसन के पोस्टर लिए लेकर खड़े हैं। ऑकलैंड में शुक्रवार को सीरीज के पहले वनडे में न्यूजीलैंड से सात विकेट से हारने के बाद टीम इंडिया में बदलाव की उम्मीद थी। ऐसा हुआ भी और एक अतिरिक्त गेंदबाज के लिए हरफनमौला दीपक हुड्डा को टीम में जगह दी गई और सैमसन को प्लेइंग-11 से बाहर रखा गया जिससे फैंस कप्तान शिखर धवन और मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण से नाराज थे। हालांकि, मैच बारिश के कारण ड्रॉ हो गया। हैमिल्टन में रविवार को मैच के बाद धवन ने बताया कि सैमसन को क्यों ड्रॉप किया गया। धवन ने कहा, 'हम चाहते थे कि छठा गेंदबाज आए, इसलिए संजू सैमसन चूक गए और हुड्डा आए। चाहर को चुना गया क्योंकि वह गेंद को वास्तव में अच्छी तरह से स्विंग करा सकता है। हमारे कुछ लोग आराम कर रहे हैं लेकिन यह पक्ष अभी भी मजबूत है, गहराई दिखा रहा है।' गौर हो कि तीसरा और आखिरी वनडे मैच बुधवार को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड फिलहाल सीरीज में 1-0 से आगे है।

### संजू सैमसन ने दूसरे वनडे के दौरान ग्राउंड्समैन की मदद की

**विकेटकीपर** बल्लेबाज संजू सैमसन अपनी बल्लेबाजी के अलावा अपने डाउन टू अर्थ स्वभाव के लिए भी जाने जाते हैं। मैदान पर हो या बाहर ऐसे कई उदाहरण हैं जहां सैमसन की ने प्रशंसकों का दिल जीता है। हाल ही में



सोशल मीडिया पर भारत बनाम न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे एक दिवसीय मैच का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में ग्राउंड्समैन के साथ सैमसन पिच को कवर करने में मदद करते हुए नजर आए। हालांकि बारिश के कारण मैच का कोई नतीजा नहीं निकला था। पहले वनडे में खेलने वाले सैमसन को दूसरे वनडे में प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली और उनकी जगह दीपक हुड्डा को चुना गया था। सैमसन को ड्रॉप करने के कदम से उंगलियां भी उठीं, क्योंकि उन्होंने पहले गेम में 38 गेंदों में 36 रन बनाए थे। हालांकि, सैमसन ने बिना खेले भी लोगों का दिल जीता और जब मैच स्थल पर तेज हवा के कारण कर्मचारियों को ग्राउंड को कवर को करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था, तभी सैमसन मदद के लिए आगे आते हैं और ग्राउंड कवर करने में सहायता करते हैं।

# फीफा विश्व कप : वेल्स के वायरल हुए वीडियो से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड

**दोहा (एजेंसी)।** इंग्लैंड को



मंगलवार को यहां वेल्स के खिलाफ होनेवाले अपने अंतिम फुटबॉल विश्व कप ग्रुप मैच में अगर अतिरिक्त प्रेरणा की जरूरत है तो उसे सिर्फ 2016 में वायरल हुआ एक वीडियो देखने की जरूरत है। इंग्लैंड के उस समय यूरोपीय चैंपियनशिप में आइसलैंड के खिलाफ शिकस्त के साथ टूर्नामेंट से बाहर होने पर वेल्स के खिलाड़ियों का जश्न मनाने का वीडियो काफी वायरल हुआ था। इंग्लैंड उस समय शर्मसार हुआ था। वेल्स की टीम हालांकि सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही थी। तब से हालांकि काफी कुछ बदल गया है और इंग्लैंड की टीम में काफी सुधार हुआ है। टीम 2018 विश्व कप के सेमीफाइनल और पिछले साल यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची जहां उसे इटली के खिलाफ पेनॉल्टी शूट आउट में हार का सामना करना पड़ा। कतर में खिताब के दावेदारों में शामिल इंग्लैंड की टीम को नॉकआउट में ग्रुप चरण में इंग्लैंड से हारने वाली जगह सुनिश्चित करने के लिए वेल्स के खिलाफ सिर्फ एक अंक हासिल करने की जरूरत है।

इंग्लैंड की टीम हालांकि हार के बावजूद अगले दौर में जगह बना सकती है लेकिन इसके लिए उसे अपना गोल अंतर बेहतर रखना होगा। वेल्स की टीम अंक तालिका में अंतिम पायदान पर चल रही है और उसने दो मैच में सिर्फ एक अंक जुटाया है। विश्व कप में 1958 के बाद खेल रही वेल्स की टीम को नॉकआउट की उम्मीद जीवंत रखने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। वेल्स को हालांकि 1984 के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पहली जीत दर्ज करनी है तो उसे गैरेथ बेल से प्रेरणा लेनी होगी। इंग्लैंड के हैरी केन मौजूदा टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं दाग पाए हैं। ईरान के खिलाफ पहले मैच में टखने में चोट लगने के बाद वह अमेरिका के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ के दौरान लय में नहीं दिखे थे।

# कतर में फुटबॉल फैंस को कैमल फ्लू का खतरा



**कतर (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप-2022 में विवादों के अलावा और भी परेशानियां हैं जो फुटबॉल फैंस के लिए खतरा बन गयी हैं। इन्हीं में से एक है कैमल फ्लू जिसका डर हर दर्शक को सताने लगा है। अगर यह बीमारी अपना दायरा बढ़ाती है तो वर्ल्डकप का मजा फीका पड़ जाएगा। इससे कतर को भी बड़ा नुकसान हो सकता है। आइए जानते हैं क्या है कैमल फ्लू और कितना खतरनाक है यह रोग, जो दर्शकों को शिकार बना सकता है। न्यू माइक्रोब्स एंड न्यू इंफेक्शन नाम की मैगजीन में एक स्टडी पब्लिश की गई है जिसके अनुसार वेक्टर जनित रोग जैसे कि त्वचीय लीशमैनियासिस, मलेरिया, डेंगू, रेबीज, हेपेटाइटिस ए और बी के फैलने का खतरा कतर में बढ़ गया है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक ऐसे वायरस यानि कैमल फ्लू की भी पहचान की है जो आने वाले समय में महामारी का रूप ले सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉक्टर्स ने यह चेतावनी दी है कि फीफा वर्ल्डकप के दौरान कतर में कैमल फ्लू बड़ा खतरा बन सकता है। यह बीमारी कोरोना वायरस और मंकी पॉक्स जैसी गंभीर बीमारियों की तरह ही खतरनाक है।

**क्यों है कैमल फ्लू का खतरा :** ऊंट रेगिस्तान में पाया जानेवाला जानवर है और फीफा वर्ल्डकप कतर जैसे देश में हो रहा है, जहां ऊंटों का पाला भी जाता है। ऊंटों को कई तरह से इस्तेमाल किया जाता है जिसमें आवागमन के अलावा ऊंटों का दूध, मांस और मूत्र भी बेचा जाता है। माना जा रहा है कि ऊंटों से होने वाली कैमल फ्लू बीमारी के कोई भी लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से सलाह ली जानी चाहिए। सबसे ज्यादा खतरा बुजुर्गों, किडनी-कैंसर के मरीजों, शुगर के मरीजों को ज्यादा खतरा होता है।

### ऊंटों को न छुएं दर्शक

**संगठन** ने यह भी चेतावनी दी है कि फीफा वर्ल्डकप का लुत्फ लेने के लिए जो भी दर्शक कतर पहुंच रहे हैं वे ऊंटों को बिल्कुल भी टच न करें। ऊंटों से ही यह घातक बीमारी इंसानों में फैलती है। यूके की एक वेबसाइट ने दावा किया है कि पहली बार यह एमईआरएस 2012 में सउदी अरब में मिला था। यह कतर की सीमा में है और अब तक दुनिया भर के अलग-अलग देशों में 935 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक करीब 2600 मामले सामने आ चुके हैं।

# पाकिस्तान के बाढ़ पीड़ितों को अपनी कमाई दान करेंगे बेन स्टोक्स

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स हाल ही में पाकिस्तान में आई बाढ़ के कारण शिकार हुए लोगों की हालत देख पिघल गए। स्टोक्स ने मदद करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज की अपनी मैच फीस बाढ़ पीड़ितों के लिए दान करने की घोषणा की है। स्टोक्स ने सोमवार को ट्वीट किया कि साल की शुरूआत में बाढ़ से पाकिस्तान को तबाह होते देखना बहुत दिल का झकझोरनेवाला पल था और इससे देश एवं देशवासियों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इस खेल ने मुझे जीवन में बहुत कुछ दिया है और इसके बदले में कुछ लौटाना बहुत जरूरी है जो क्रिकेट से भी आगे जाता हो। मैं इस टेस्ट सीरीज की अपनी मैच फीस पाकिस्तानी बाढ़ पीड़ितों के लिए दान करूंगा। इस साल जून में आई मूसलाधार बारिश पाकिस्तान के इतिहास में सबसे गंभीर बाढ़ का कारण बनी। बाढ़ में 3.3 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे, जबकि 1700 से ज्यादा लोगों की जान चली गयी थी।

# एक बार फिर से आपत्तिजनक ड्रेस पहन कर स्टेडियम में पहुंची सबसे हॉट मॉडल, बवाल



**कतर (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप का रोमांच उफान पर है। हर दिन जोरदार मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। इस बीच स्टेडियम के अंदर और बाहर हर जगह फैंस भी धमाल मचा रहे हैं। खास कर अलग-अलग देशों के मॉडल और वीवीआई फैन अलग ही जलवा बिखेर रहे हैं। इसी कड़ी में इन दिनों पूर्व मिस क्रोएशिया और मॉडल इवाना नोल लगातार खबरों में बनी हुई है, वजह है उनके हॉट कपड़े। इवाना ने तो कनाडा के खिलाफ मैच में सारी हदें पार कर दी। उनका ये ड्रेस पहले से ज्यादा खतरनाक था। इवान के इस ड्रेस ने कतर के सारी नियमों की धज्जियां उड़ा दी है। स्टेडियम में पहुंचने के बाद इवाना नोल ने खुद ये तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। यहां उनके 7 लाख 79 हजार फॉलोअर्स हैं। लेकिन खुद उनके फैंस इस ड्रेस को देख कर नाराज हैं। दरअसल, ये कतर के नियमों के खिलाफ है। वो मोरक्को के खिलाफ क्रोएशिया के पहले मैच के लिए अल-बायट स्टेडियम में आपत्तिजनक ड्रेस पहन कर गयी थी। उसने अपने देश के प्रतिष्ठित लाल और सफेद पैटर्न की ड्रेस पहनी थी। बता दें कि कतर के कानून के हिसाब से ये ड्रेस ठीक नहीं थे। कहा जा रहा है कि ये नियमों का उल्लंघन है और मॉडल को जेल जैसी सजा का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है।






# फीफा वर्ल्ड कप : मोरक्को से हारने पर बेल्जियम में दंगा

## ❍ पथराव के दौरान पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले, कई गिरफ्तार ❍ एक पत्रकार भी घायल

**ब्रसेल्स (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप-2022 में मोरक्को ने बड़ा उलटफेर करते हुए बेल्जियम पर 2-0 से जीत दर्ज की है। बेल्जियम की हार से निराश फुटबॉल प्रशंसक उग्र हो गए और बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में कई जगहों पर पथराव कर दिया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में दंगाई सड़क पर उतर आए और एक कार में आग लगा दी। इसके साथ ही कई कारों पर ईंट-पत्थरों से पथराव भी किया।



बताया जा रहा है कि इन दंगों की कवरेज कर रहा एक पत्रकार घायल हो गया। दंगाइयों को रोकने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। बेल्जियम पुलिस ने जहां दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया है तो कई लोगों को गिरफ्तार भी किया है। बेल्जियम पुलिस ने बताया कि दंगाइयों ने दंगों के लिए कई तरह की समग्री का उपयोग किया है। इसके साथ ही सार्वजनिक राजमार्ग पर आगजनी भी की है। इस दौरान एक पत्रकार घायल हुआ है। इसके बाद ही पुलिस ने एक्शन लेते हुए दंगा रोकने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। वहीं, ब्रसेल्स के मेयर फिलिप क्लोज ने फुटबॉल के फैंस से राजधानी से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अधिकारी व्यवस्था बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए पुलिस के आदेश पर मेट्रो के साथ ट्राम ट्रैफिक को भी बाधित करना पड़ा है।

**फीफा विश्व कप एक बार फिर बड़ा उलटफेर :** मोरक्को ने अल थुमामा स्टेडियम में रविवार को फीफा विश्व कप के मैच में बेल्जियम को हराकर बड़ा उलटफेर किया। मोरक्को ने शानदार खेलते हुए बेल्जियम को 2-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही मोरक्को के अंतिम 16 में जाने की उम्मीद जिंदा है। मोरक्को ने पिछला मैच क्रोएशिया के साथ ड्रॉ खेला था। मोरक्को की ओर से अब्देलहमेद सबीरी (73वें मिनट) और जकारिया अबौखलाल (90 प्लस 2वें मिनट) में गोल दाग टीम को जीत दिलाई, जबकि बेल्जियम के खिलाड़ी संघर्ष के बाद भी गोल करने में नाकाम रहे।

### विश्व कप के इतिहास में पहली बार मोरक्को से हारा बेल्जियम

**दूसरे** हाफ में मोरक्को ने 73वें मिनट अब्देलहमीद सबीरी की मदद से पहला गोल दागकर 1-0 की बढ़त ले ली। सबीरी ने फ्री-किक पर डायरेक्ट गोल किया। इसके बाद जकारिया (90 प्लस 2वें मिनट) में एक और गोल करके टीम को 2-0 से जिताने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह बेल्जियम को फीफा विश्व के इतिहास में मोरक्को से पहली बार हार का सामना करना पड़ा।

## न्यूज गैलरी

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 547.3 अरब डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 547.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 14.72 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 544.72 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 484.3 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 31.5 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 40 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 35.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 17.91 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 11.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.05 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### भारत निवेश के लिए दुनिया में सबसे पसंदीदा स्थान: उपराष्ट्रपति धनखड़

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह दुनिया में निवेश और अवसरों के लिए सबसे पसंदीदा स्थान बन गया है। उन्होंने कहा कि हाल में भारत ने हम पर राज करने वालों को पीछे छोड़ दिया है और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उपराष्ट्रपति ने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि भारत दशक के अंत तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने यहां राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार समारोह में कहा, ह्यह्यभारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जितना पहले कभी नहीं था। भारत का उत्थान रुकने वाला नहीं है और हम निवेश और अवसरों के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे पसंदीदा स्थान हैं। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं और खासकर ग्रामीण तथा अर्धशहरी क्षेत्रों में।धनखड़ ने यह भी सुझाव दिया कि आईआईटी और आईआईएम के पेशेवर उद्योग को इसके विकास और उत्पादों की ब्रांडिंग को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।

### उच्च ब्याज दरों के बावजूद 2022-23 में मजबूत रहेगी बैंक ऋण वृद्धि: फिच

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि उच्च ब्याज दरों के बावजूद चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत में बैंक ऋण में मजबूत वृद्धि जारी रहेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ऋण में मजबूत वृद्धि से बैंकों का मुनाफा और खासतौर से शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़ना चाहिए। फिच ने एक बयान में कहा, 'हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक ऋण 13 फीसदी की दर से बढ़ेगा, जो 2021-22 के 11.5 फीसदी से अधिक है। कोविड-19 महामारी के बाद आर्थिक गतिविधियों के सामान्य होने के कारण यह वृद्धि होगी। फिच ने 2022-23 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। बयान में कहा गया कि दरों में वृद्धि के बावजूद भारतीय बैंक आमतौर पर वृद्धि को वित्त पोषित करने के लिए अतिरिक्त पूंजी जुटाने को तैयार रहते हैं। फिच ने कहा कि पूंजी नियोजन में निजी बैंक आम तौर पर सरकारी बैंकों की तुलना में बेहतर हैं।

### पूर्वोत्तर से म्यांमार, बांग्लादेश के लिए जल्द शुरू होंगी उड़ानें

**नयी दिल्ली।** सरकार पूर्वोत्तर के दो राज्यों से म्यांमार और बांग्लादेश के लिए जल्द ही उड़ान शुरू करने के लिए हवाई संपर्क बढ़ाने पर काम कर रही है। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह बात कही। सिंधिया ने कोलकाता के रास्ते ईटानगर से मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान को हरी झंडी दिखाई। अरुणाचल प्रदेश में ईटानगर के होलोंगी में डोनी पोलो हवाई अड्डे से यह पहली उड़ान है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में हवाई संपर्क बढ़ाया गया है और इस क्षेत्र को अन्य स्थानों से जोड़ने के लिए अधिक उड़ानें संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने के तहत इंफाल से मांडले और अगरतला से चटगांव के लिए जल्द ही उड़ानें शुरू की जाएंगी।

# अमेजन को सता रहा मंदी का डर, भारत में बंद करेगी अपनी डिस्ट्रीब्यूशन सर्विस


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेजन ने भारत में अपनी डिस्ट्रीब्यूशन सेवाएं बंद करने का फैसला लिया है। कंपनी पहले ही अपनी फूड डिलीवरी व एजुकेशन सर्विसेज को बंद करने का ऐलान कर चुकी है। कंपनी अब अपना पूरा ध्यान अपने मुख्य व्यवसाय पर लगाना चाहती है। इसी लिए वह अपनी कुछ सेवाओं को बंद कर रही है। आर्थिक मंदी आने की आशंकाओं को देखते हुए अमेजन ने इससे निपटने की तैयारियां पहले ही शुरू कर दी हैं। बिजनेस टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन डिस्ट्रीब्यूशन की सेवाएं मुख?यतः बेंगलुरू, हुबली और मैसूर में उपलब्ध हैं। अमेजन के इस बिजनेस में 50 के करीब कर्मचारी कार्यरत हैं। डिस्ट्रीब्यूशन यूनिट फास्ट मूविंग कंज्यूमर




गुड्स को कंपनियों से लेकर उन्हें रिटेलर्स को सप्लाई करती है। हालांकि, डिस्ट्रीब्यूशन बिजनेस को बंद करने के बारे में अभी तक अमेजन ने कोई जवाब नहीं दिया है। दुनिया भर में इस समय मंदी का खतरा मंडरा रहा है। यही वजह है कि बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने खर्चों में कटौती कर रही रही है। अमेजन का नाम भी इनमें शामिल है। अमेजन भारत में अपनी फूड डिलीवरी और एजुकेशन सर्विस को बंद कर चुकी है। भारत के एफएमसीजी सेक्टर में अमेजन को भारतीय कंपनियों से कड़ी टक्कर मिल रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा ग्रुप के अलावा वॉलमार्ट और फ्लिपकार्ट का दबदबा एफएमसीजी सेक्टर में है। अमेजन ने ग्रॉसरी डिलिवरी से पेमेंट्स सेक्टर अपनी जगह बनाने के लिए खूब निवेश किया है, परंतु उसे ज्यादा सफलता नहीं मिली। अमेजन ने घोषणा किया है कि कंपनी अमेजन एकेडमी को भी आने वाले महीनों में बंद करेगी। अमेजन ने इसकी शुरूआत कोविड-19 के दौरान की थी। यह बच्चों को तैयारी करवाती है। बायजू जैसी एडटेक कंपनियों की सफलता को देखते हुए अमेजन ने अमेजन अकेडमी शुरू की थी। वहीं, कंपनी का फूड बिजनेस 2020 में शुरू हुआ था। अब उसे भी बंद किया जा रहा है। कंपनी के खर्चों में कमी करने के लिए अमेजन बड़ी संख्या में कंपनी से कर्मचारियों को निकाल सकती है।

## कर्मचारियों को रोकने के लिए 1800 डॉलर तक का बोनस दे रही फॉक्सकॉन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन में एप्पल के सबसे बड़े प्लांट फॉक्सकॉन में शुरू हुए कर्मचारियों के विरोध के बाद, कई ने प्लांट छोड़ दिया। अब कंपनी ने फॉक्सकॉन प्लांट में कर्मचारियों को रोकने के लिए 1800 डॉलर तक के बोनस का ऐलान किया है। ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक, कंपनी दिसंबर और जनवरी में उन कर्मचारियों के वेतन में 13,000 युआन प्रति माह की बढ़ोतरी करेगी, जो नवंबर या उससे पहले की शुरूआत में शामिल हुए थे। पिछले हफ्ते, फॉक्सकॉन ने अपने उन कर्मचारियों के लिए भी ऐसे ही बोनस की घोषणा की थी जो कि हिंसक प्रदर्शन में शामिल हुए थे और प्लांट छोड़ना चाहते थे। कंपनी का इस तरह से असामान्य रूप से बोनस का ऑफर देना इस बात की पुष्टि करता है कि इस समय फॉक्सकॉन को कर्मचारियों की जरूरत है ताकि काम को फिर से



गति दी जा सके। वहीं एप्पल ने कहा है कि वह संचालन बहाल करने के लिए फॉक्सकॉन के साथ मिलकर काम कर रहा है और दोनों कंपनियों का कहना है कि वो कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध हैं। आईफोन 14 प्रो और प्रो मैक्स वो फोन हैं, जो इस साल सबसे अधिक डिमांड में हैं। वहीं चीन में स्थापित एप्पल के सबसे बड़े प्लांट में कोविड के चलते अप्रत्याशित नीति और अनिश्चित व्यापार संबंधों ने एप्पल के प्रोडक्शन को प्रभावित किया है। इस बारे में अमेरिकी कंपनी ने इसी महीने चेतावनी भी दी थी कि उसके लेटेस्ट प्रीमियम आईफोन की शिपमेंट पहले की अपेक्षा कम होगी।

## कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में गिरावट का जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंड 2 फीसदी से ज्यादा लुढ़ककर 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 3 फीसदी के



करीब गिरकर 75 डॉलर के करीब ट्रेंड कर रहा है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल का दाम 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल का भाव 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 2.33 डॉलर यानी 2.79 फीसदी की गिरावट के साथ 81.30 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 2.22 डॉलर यानी 2.91 फीसदी लुढ़ककर 74.06 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके बावजूद देश में तेल के दाम पिछले चार महीने से ज्यादा समय से स्थिर हैं।

## चिकित्सा उपकरणों के लिए व्यापार मेले के 31वें संस्करण का हुआ आयोजन

# 10,000 से अधिक उत्पाद व सेवाएं प्रदर्शनी के लिए उपलब्ध होंगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मेडएक्सपर्ट बिजनेस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चिकित्सा उपकरणों के लिए सबसे बड़े बी2बी व्यापार मेले, मेडिकॉल का आयोजन 09 से 11 दिसंबर, 2022 के दौरान कोलकाता के विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में किया जाएगा। मेडिकॉल के 31वें संस्करण में अस्पताल की सभी जरूरतों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें सर्जिकल कॉटन से लेकर नवीनतम इमेजिंग उपकरण और सर्जिकल उपकरण जैसी सभी चीजें शामिल होंगी। यह पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत में चिकित्सा उपकरणों तथा अस्पताल की जरूरतों के लिए आयोजित सबसे बड़ी और भव्य प्रदर्शनी होगी।

**अब तक 30 सफल संस्करणों का आयोजन किया जा चुका है**

इसके अलावा, मेडिकॉल ने सिमुलेशन आधारित वर्कशॉप के जरिए छात्रों की प्रतिभा व कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से मेडिकॉल अकादमी की शुरूआत की, और इस वर्कशॉप में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में इस्तेमाल किए जाने वाले नए कौशल और तकनीकों पर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना भी शामिल है। वर्ष 2006 से, चेन्नई, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता, हैदराबाद और कोलंबो में मेडिकॉल शो का आयोजन किया जाता है। मेडिकॉल द्वारा अब तक 30 सफल संस्करणों का आयोजन किया जा चुका है।

मेडिकॉल की ओर से परस्पर-बातचीत पर आधारित विचार-मंथन का आयोजन किया जाता है, जो मेडिकॉल के आकर्षण का मुख्य केंद्र है। मेडिकॉल में दवाइयों के प्रबंधन के संदर्भ में विचारों को प्रेरित करने वाले एवं नया नजरिया प्रस्तुत करने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, तथा बेहद सहज तरीके से कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाता है, साथ ही वर्तमान में चल रहे अस्पतालों के व्यावसायिक पहलुओं के बारे में जानकारी पाने और जानकारी देने के उद्देश्य से चिकित्सा बिरादरी के लिए सभी से पूछें झ खुली चर्चा सत्र का आयोजन किया जाता है। मेडिकॉल के विचार-मंथन कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के दिग्गज हस्तियों द्वारा अपने अनुभवों पर आधारित जानकारी को संक्षेप में प्रस्तुत किया जाता है। इस एक्सपो के बारे में बात करते हुए, डॉ. एस. मणिवन्नन, संस्थापक एवं सीईओ, मेडिकॉल, ने कहा, टियर 2 एवं टियर 3 श्रेणी के शहरों के छोटे और मध्यम आकार के अस्पतालों के मालिक योग्य परचेज मैनेजर को नियुक्त करने का खर्च नहीं उठा सकते हैं। उपकरण बनाने वाली कंपनियों के पास भी इन सभी अस्पताल मालिकों से मिलने के लिए पर्याप्त संख्या में सेल्स कर्मचारियों की कमी है। मैं अपने अस्पताल के लिए इस कठिनाई से गुजर चुका हूँ, इसलिए मेरे मन में मेडिकॉल के जरिए चिकित्सा उपकरण बनाने वाली सभी कंपनियों को एक ही छत के नीचे लाने का विचार आया। 09 से 11 दिसंबर, 2022 के दौरान मेडिकॉल कोलकाता में 300 से ज्यादा प्रदर्शक भाग लेंगे, जिसमें 10,000 से अधिक उत्पाद एवं सेवाएं प्रदर्शनी के लिए उपलब्ध होंगी।

## उत्पादन बढ़ाने के लिए 2024-25 तक 65,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी वाहन कंपनियां: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** यात्री वाहन कंपनियां बढ़ी मांग को पूरा करने को लेकर उत्पादन बढ़ाने के लिए वित्त वर्ष 2024-25 तक करीब 65,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि मजबूत मांग और सेमीकंडक्टर संकट लगभग दूर होने के कारण 2022 की शुरूआत के बाद से यात्री वाहनों की मांग अच्छी बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में यात्री वाहन उद्योग की थोक बिक्री 37 से 38 लाख इकाई के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। इसमें पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 21 से 24 प्रतिशत की वृद्धि संभव है। इक्रा ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी बाधाओं और सेमीकंडक्टर संकट कम होने के साथ पिछली कुछ तिमाहियों में मूल उपकरण विनिमार्ताओं (ओईएम) के क्षमता उपयोग में सुधार हुआ है। इक्रा के कॉरपोरेट रेटिंग उपाध्यक्ष और क्षेत्र प्रमुख रोहन कंवर गुप्ता ने कहा, ओईएम भी नए उत्पाद लाने को लेकर पर्याप्त खर्च के लिए बजट बना रहे हैं। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए क्षमता/प्रतिबद्ध मंचों का विकास शामिल है। इससे ओईएम वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 के बीच 65,000 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च कर सकते हैं।

## वित्त मंत्री ने श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पर विचार-विमर्श किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पूर्व 7वीं बैठक में श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ वित्त वर्ष 2023-24 के बजट पर विचार-विमर्श किया। निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यहां आयोजित बजट पूर्व सातवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ वित्त वर्ष 2023-24 के बजट के कई मसलों पर चर्चा की। वित्त मंत्री के समक्ष श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को रखा। इससे पहले वित्त मंत्री सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों, उद्योग जगत के



प्रमुखों और बुनियादी ढांचे और जलवायु परिवर्तन के विशेषज्ञों और कृषि और कृषि-प्रसंस्करण उद्योग के विशेषज्ञों के साथ भी बैठकें कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श किया है। बजट पूर्व बैठक में निर्मला सीतारमण के साथ केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और डॉ. भागवत किशनराव कराड, वित्त सचिव टीवी सोमनाथन, आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) सचिव अजय सेठ, वित्त मंत्रालय के अन्य विभागों के सचिव एवं डीओआर संजय मल्होत्रा और मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन तथा वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। आगामी वित्त वर्ष के लिए सालाना बजट तैयार करने की औपचारिक प्रक्रिया 24 अक्टूबर, 2022 से शुरू हो गई है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सालाना बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी, 2023 को संसद में पेश करेंगी।

## सीआईआई की रिजर्व बैंक से ब्याज दर में वृद्धि की रफ्तार घटाने की मांग

नई दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) से ब्याज दर में बढ़ोतरी की रफ्तार घटाने की मांग की है। दरअसल रिजर्व बैंक की महंगाई और ब्याज दर पर विचार करने के लिए मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक दिसंबर के पहले हफ्ते में होने वाली है। उद्योग मंडल सीआईआई ने रविवार को कहा कि भारतीय उद्योग जगत बीते दिनों ब्याज दरों में इजाफे के प्रतिकूल असर को महसूस कर रहा है। ऐसे में सीआईआई ने आरबीआई से अनुरोध किया है कि वह ब्याज दर में बढ़ोतरी की रफ्तार घटाए। दरअसल आरबीआई ने वित्त वर्ष 2022-23 में अभी तक रेपो दर में 1.90 फीसदी की बढ़ोतरी कर चुका है। सीआईआई के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में बड़ी संख्या में कंपनियों की आय और मुनाफे में गिरावट आई है। ऐसे में सीआईआई ने तर्क दिया है कि मौद्रिक नीति की सख्ती में कमी करने की जरूरत है। उद्योग मंडल के मुताबिक घरेलू मांग में सुधार का रूख है।

## होंडा कार्स ने मारुति सुजुकी टोयोत्सु के साथ वाहन स्क्रैपिंग के लिए करार किया

नयी दिल्ली। वाहन कंपनी होंडा कार्स इंडिया ने वाहनों की स्क्रैपिंग (कबाड़) के लिए मारुति सुजुकी टोयोत्सु इंडिया (एमएसटीआई) के साथ करार किया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस समझौते के जरिए होंडा के ग्राहकों को उनके पुराने वाहनों (ईएलवी) को स्क्रैप करने के लिए एक समाधान की पेशकश की जाएगी। इस करार के तहत कंपनी अपने ग्राहकों को उनके ईएलवी (ऐसे वाहन जिनकी उम्र पूरी हो चुकी है) के लिए उचित मूल्य हासिल करने में मदद करेगी और अपने डीलरों के जरिये पंजीकरण खत्म करने तथा जमा / भंजन प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराएगी। एचसीआईएल के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ताकुया त्सुमुरा ने कहा।

# टोल टैक्स नहीं देने पर सजा का प्रावधान नहीं है, लेकिन टोल के संबंध में एक विधेयक लाने की तैयारी चल रही है : नितिन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाइवे पर चलने वालों के लिए बड़ी खबर है। अगर आप भी हाइवे पर सफर करते हैं और टोल टैक्स को लेकर परेशान हैं तो अब आपको बिल्कुल भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। नितिन गडकरी ने टोल टैक्स को लेकर बड़ा ऐलान किया है, जिसका करोड़ों वाहन चालकों पर असर पड़ेगा। गडकरी ने बताया है कि साल 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेसवे बन जाएंगे और साथ ही टोल टैक्स के लिए नए नियम जारी किए जाएंगे। आपको बता दें ग्रीन एक्सप्रेस वे बनने के बाद भारत सड़कों के मामलों में अमेरिका के बराबर हो जाएगा। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने बताया कि टोल टैक्स को वसूलने के लिए नियमों और टेक्नोलॉजी में बड़ा बदलाव होगा। सरकार आने वाले




दिनों पर टोल की वसूली के लिए 2 ऑप्शन देने पर प्लान बना रही है। इसमें पहला ऑप्शन कारों में जीपीएस प्रणाली लगाई जा सकती है। वहीं, दूसरा तरीक आधुनिक नंबर प्लेट से संबधित है। फिलहाल अभी इसके लिए प्लानिंग चल रही है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जानकारी देते हुए बताया है कि टोल टैक्स न चुकाने पर किसी भी तरह की सजा का प्रावधान नहीं है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में टोल टैक्स वसूलने के लिए प्रोद्यौगिकी के इस्तेमाल पर भी जोर दिया जाएगा। नितिन गडकरी ने आगे कहा है कि कहा कि अब तक टोल नहीं देने पर सजा का प्रावधान नहीं है, लेकिन टोल के संबंध में एक विधेयक लाने की तैयारी चल रही है। अब टोल टैक्स सीधा आपके बैंक खाते से काटा जाएगा। इसके लिए कोई अलग से कार्रवाई नहीं होगी। नितिन गडकरी ने बताया है कि अब टोल टैक्स का भुगतान नहीं करना होगा, सीधा आपके खाते से अमाउंट कट जाएगा। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने कहा, '2019 में, हमने एक नियम बनाया कि कारें कंपनी-फिटेड नंबर प्लेट के साथ आएंगी। इसलिए बीते चार साल में जो वाहन आए हैं उन पर अलग-अलग नंबर प्लेट हैं।

> ■ पहला ऑप्शन कारों में जीपीएस प्रणाली लगाई जा सकती है। वहीं, दूसरा तरीक आधुनिक नंबर प्लेट से संबधित है। फिलहाल अभी इसके लिए प्लानिंग चल रही है।

## पेज एक के शेष

### उत्पाद राजस्व संग्रहण...

एजेंसी के सभी प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगायी। मुख्यमंत्री ने उन्हें सख्त हिदायत दी कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति करने के सभी सार्थक प्रयास करें। अगले 15 दिनों के अंदर इनके कार्यों की पुनः समीक्षा की जायेगी एवं स्थिति में यथोचित सुधार नहीं होने पर सभी एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व संग्रहण में शिथिलता बरतनेवाले एजेंसियों, थोक विक्रेताओं एवं पदाधिकारियों को बख्शा नहीं जायेगा।

**मॉनिटरिंग सिस्टम डेवलप करें**

**मुख्यमंत्री** ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खुदरा उत्पाद दुकानों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाये। सरकारी खुदरा मदिरा दुकानों में किसी भी प्रकार से अवैध शराब की बिक्री न हो यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नकली शराब बनाकर बेचनेवालों पर कड़ी कार्रवाई करें। शराब के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने संचालकों से कहा कि खुदरा उत्पाद दुकानों का लगातार निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि खुदरा उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों की मिलीभगत की जांच भी सुनिश्चित करें। सभी खुदरा उत्पाद दुकानों का लक्ष्य निर्धारित करें। उत्पाद राजस्व संग्रहण लक्ष्य के अनुरूप होनी चाहिए। सभी खुदरा उत्पाद दुकानों के बाहर रेट लिस्ट डिस्प्ले लगायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों ओवरप्राइसिंग की शिकायतें सुनने को मिली है। ओवरप्राइसिंग के संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करें। अवैध शराब एवं सरकार द्वारा निर्धारित कीमतों में हेरफेर करनेवाले माफिया तथा दुकानदारों पर सख्त नजर बनाये रखें। एक्साइज कंट्रोल रूम को सशक्त बनायें। आम जनता का शिकायत मिलने पर विभाग तथा संचालक संयुक्त रूप से शिकायतों की जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### जांच पदाधिकारी समेत...

पूछताछ की जायेगी। ईडी छह दिसम्बर को पंकज मिश्रा के चालक सूरज पंडित और सहयोगी चंदन से सात दिसम्बर को पूछताछ करेगी। दोनों के मोबाइल फोन से पंकज मिश्रा लगातार कई लोगों के संपर्क में था। ईडी ने पूर्व में कार्रवाई करते हुए दोनों के मोबाइल फोन, छह सिमकार्ड बरामद किये थे। ईडी को तब कई ऑडियो भी मिले थे।

### एक दिन में...

आया कि हर व्यक्ति में पानी की जरूरत अलग-अलग होती है। एक व्यक्ति के रहने की जगह, मौसम, तापमान, ऊंचाई, नमी जैसे कारक पानी की जरूरत निर्धारित करते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि व्यक्तिगत स्तर पर व्यक्ति के काम, जेंडर, उम्र, वजन और फिटनेस से पानी की जरूरत प्रभावित होती है। 20 से 30 साल के पुरुषों, खिलाड़ियों और शारीरिक मेहनत करनेवाले लोगों को पानी की ज्यादा जरूरत होती है। औद्योगिक देशों की तुलना में विकासशील देशों के किसानों में पानी की जरूरत ज्यादा है। इसी तरह ज्यादा तापमान वाले देशों में रहनेवाले लोगों में भी पानी की जरूरत ज्यादा होती है। गर्भवती और दूध पिलाने वाली महिलाओं को भी ज्यादा पानी की जरूरत होती है।





## न्यूज गैलरी

### अमेरिका में खतरनाक सड़क हादसा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के मैलिबू इलाके में एक खतरनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक चोरी की एसयूवी कार से टकराने के बाद एक ट्रक ट्रैफिक लाइट पर खड़े मोटर साइकिल सवार में जा घुसा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि रेड लाइट पर एक मोटरसाइकिल सवार युवक शांति से खड़ा हुआ है। तभी अचानक सामने से गुजर रहे एक पिकअप ट्रक में तेज रफ्तार एसयूवी टक्कर मार देती है। जिसके बाद वह पिकअप ट्रक मोटरसाइकिल सवार से टकरा जाता है। यह सब कुछ चंद मिनटों में ही घटता है। देखने में हादसा इतना खतरनाक लगता है कि मोटरसाइकिल सवार के बचने की कोई उम्मीद नहीं लगती है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक वह सुरक्षित है। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक घटना 14 नवम्बर की है। इसमें एसयूवी कार चालक की मौत हो गई है। जिस ब्लैक कलर की एसयूवी ने पिकअप ट्रक में टक्कर मारी वह चोरी की बताई जा रही है।

### चीन में 'जिनपिंग गद्दी छोड़ो' के नारे लगे

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में जीरो कोविड पॉलिसी के खिलाफ लोग सड़क पर उतर आए हैं। बीजिंग से शुरू हुए ये प्रदर्शन अब 13 बड़े शहरों तक पहुंच गए हैं। पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए लाठी चार्ज से लेकर लोगों को गिरफ्तार कर रही है, लेकिन लोगों का गुस्सा खत्म नहीं हो रहा है। रविवार की रातभर लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान लोग नारेबाजी करते हुए लॉकडाउन हटाने और आजादी देने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा- हमें फ्रीडम ऑफ प्रेस, फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन, फ्रीडम ऑफ मूवमेंट चाहिए। हमें हमारी आजादी दे दो। लोग राष्ट्रपति शी जिनपिंग से इस्तीफा मांग भी कर रहे हैं।

### पाक में आर्थिक संकट और गहराया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** फरवरी में पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 16 अरब डॉलर था यह जून के पहले हफ्ते में 10 अरब डॉलर पहुंच गया। पाकिस्तान में विदेश मुद्रा भंडार की स्थिति और भी खराब हो गई है। इस समय पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में आठ अरब डालर से भी कम धनराशि है। इसमें 29 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से मिलनेवाली 1.2 अरब डालर की धनराशि शामिल होगी। यह राशि महज दो महीने के आयात बिल को चुका पायेगी। ऐसे में पाकिस्तान की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए पाकिस्तान सरकार को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की कठोर शर्तों को मानना होगा। लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के बीच पाकिस्तान में तीन बार तेल के दाम बढ़ाए गए। 26 मई से अभी तक वहां पेट्रोल के दाम में 84 पाकिस्तानी रुपये की वृद्धि की जा चुकी है।

# महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी ने जतायी पद छोड़ने की इच्छा

- भगत सिंह कोश्यारी ने अपने गृह राज्य लौटने का बनाया मन



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी इन दिनों काफी विवादों में हैं। इसी बीच खबर है कि उन्होंने अपना पद और जिम्मेदारी से मुक्त होने की इच्छा जतायी है। सूत्रों के मुताबिक कोश्यारी ने अपने करीबियों से कहा कि वे अब अपने पद से मुक्त होना चाहते हैं। सूत्रों के मुताबिक कोश्यारी अपने गृह राज्य उत्तराखंड वापस लौटना चाहते हैं। विवादास्पद टिप्पिणयों के चलते मचे बवाल से आहत कोश्यारी अब अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होकर घर वापसी करना चाहते हैं। महाविकास अघाड़ी, भाजपा सांसद उदयन राजे भोसले और राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा के पूर्व सांसद संभाजीराजे छत्रपति के बढ़ते दबाव के बीच राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। महाराष्ट्र में गर्वनर भगत सिंह कोश्यारी के शिवाजी महाराज पर दिये गये बयान पर विवाद के बाद सुर्खियों में हैं। शिवाजी महाराज पर दिये गये उनके बयान पर एसनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी तीखी आलोचना की थी। शरद पवार ने कहा कि राज्यपाल ने सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र से इस मामले में हस्ताक्षेप करने की गुजारिश की थी।

## महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद : मंत्री चंद्रकांत पाटिल करेंगे कर्नाटक का दौरा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रकांत पाटिल और शंभुराज देसाई तीन दिसंबर को बेलगाम में मध्यवर्ती महाराष्ट्र एकीकरण समिति के कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और कर्नाटक के साथ दशकों पुराने सीमा विवाद पर उनसे बातचीत करेंगे। दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद पर अदालती मामले के संबंध में कानूनी टीम के साथ समन्वय करने के लिए पाटिल और देसाई को सीमा विवाद के वास्ते समन्वय मंत्री बनाया गया है। पाटिल ने ट्विटर पर कहा कि मध्यवर्ती महाराष्ट्र एकीकरण समिति की ओर से सीमा मुद्दे पर चर्चा करने की मांग की गई थी। मंत्री ने समिति के एक पत्र के साथ ट्वीट किया कि इसके अनुसार समन्वय मंत्री शंभुराज देसाई और मैं तीन दिसंबर को बेलगाम का दौरा करेंगे और चर्चा करेंगे। चलिए मुलाकात करते हैं। चर्चा से निश्चित रूप से एक रास्ता निकलेगा। हाल के एक सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, मंत्री उस समिति के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार होंगे जो कर्नाटक में मराठी भाषी क्षेत्रों का राज्य के साथ विलय चाहती हैं।

## विकसित, समृद्ध बन नयी ऊंचाइयों को पार करेगा गुजरात : पीएम मोदी



**पालीताणा/गुजरात (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के भावनगर ज़िले के पालीताणा में सोमवार को कहा कि गुजरात विकसित, समृद्ध बनेगा और नयी ऊंचाइयों को पार करेगा। श्री मोदी ने सोमवार को यहां गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पालीताणा ने आज अपना रंग रखा है। आज मैं सूरत से आ रहा हूं। कल शाम सूरत में मेरी सभा थी। मुझे एयरपोर्ट से लगभग 30 किलोमीटर दूर सूरत जाना था। आश्चर्य की बात थी कि सारा सूरत रोड पर उतर आया था। वहां का जो दृश्य मैंने देखा है, जनसागर के बीच मेरा कॉनवॉय नाव की तरह जा रहा था। अद्भुत उत्साह, उमंग मेरे हृदय को स्पर्श करनेवाले दृश्य थे और आज यहां पालीताणा में आने पर भी ऐसा ही उमंग, उत्साह देखने को मिल रहा है। ऐसा लग रहा है जैसे भावनगर, सौराष्ट्र और सूरत ने एक ही स्वर निश्चित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हमारा गुजरात विकसित गुजरात बने, हमारा गुजरात समृद्ध बने और हमारा गुजरात नयी ऊंचाइयों को पार करे, उसका निर्णय करने का चुनाव है। आजादी के 75 वर्ष पूरे हुए। अब तो जो कुछ करना है, सब 25 वर्षों में कर ही देना होगा। गुजरात का मतदाता समझदार हैं। कच्छ हो, काठियावाड़ हो, दक्षिण गुजरात हो, आदिवासी इलाका हो, समुद्र किनारा हो, मछुआरे हों, जहां जा रहा हूं, वहां से एक ही आवाज, एक ही मंत्र सुनने को मिल रहा है, फिर एक बार, फिर एक बार मोदी सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के मन में बार-बार भाजपा सरकार लाने का मन इसलिए होता है कि यहां जो बुजुर्ग बैठे हैं, उन्हें मालूम है, पहले कैसे इस देश को बांटने के प्रयत्न होते थे। जब देश की एकता की, जोड़ने की बात आयी तो सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता के लिए रियासतों को एक करने का बीड़ा उठाया। उनको सफलता मिली, उसका कारण एक मेरा भावनगर, एक मेरे महाराज कृष्ण कुमार सिंह, मेरे गोहिलवाड़ उन्होंने देश के बारे में सोचा और इस राजपाट को देश की एकता के लिए मां भारती के चरणों में समर्पित कर दिया। जो भावनगर ने शुरूआत की सारे हिंदुस्तान को उसके पीछे चलना पड़ा।

## चीन में कोरोना का बढ़ता जा रहा कहर

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में कोरोना का कहर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। देश में पिछले 24 घंटों में 40 हजार से अधिक नये मामले सामने आये हैं। ये लगातार पांचवें दिन रिकॉर्ड केस सामने आए हैं। इनमें से 3,822 लक्षण वाले थे और 36, 525 बिना लक्षण वाले। राजधानी बीजिंग में ही चार हजार मामले सामने आए हैं। वहीं, चीन में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए देश की साम्यवादी सरकार द्वारा अपनायी गई सख्त नीति के खिलाफ राजधानी बीजिंग सहित देश के विभिन्न शहरों में लोगों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन शुरू किए हैं। जनता लॉकडाउन और आने-जाने के प्रतिबंधों को उठाने की मांग कर रही है और साथ ही चीन की पार्टी के शासन का भी विरोध शुरू हो गया है और लोग राष्ट्रपति शी जिनपिंग के इस्तीफे की भी मांग कर रहे हैं। चीन में चल रहे प्रदर्शन बीजिंग से शुरू होकर तेजी से लॉन्चो, शियान, चोंगकिंग, वुहान, झेंगझोऊ, कोरला, होटन, ल्हासा, उरुमकी, शंघाई, नानजिंग, शिजियाझुआंग शहरों तक फैल गए हैं। पिछले तीन दिनों से इन प्रदर्शनों के दौरान कहीं-कहीं पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की भी खबरें आ रही हैं। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया है।

शंघाई में प्रदर्शन के दौरान बीबीसी के एक पत्रकार एड लॉरेंस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे रिहा करने से पहले उसके साथ मारपीट की गयी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार प्रदर्शनकारी शी जिनपिंग से नाराज है और उनके इस्तीफा की मांग कर रहे हैं। शंघाई में चल रहे प्रदर्शन में लोगों ने गद्दी छोड़ो, साम्यवाद पार्टी गद्दी छोड़ो, चीन से प्रतिबंध हटाओ, पीसीआर टेस्ट नहीं चाहिए, पत्रकारों को आजादी दो। इस दौरान शंघाई में भारी पुलिस पल देखा गया जो लोगों को प्रदर्शन करने से रोक रहा है।

## क्लास में सरेआम प्रोफेसर ने छात्र को कहा आतंकी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के उडुपी जिले के मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें, प्रोफेसर ने एक छात्र को आतंकवादी कहा था। यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर के ऐसे बर्ताव पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया है, और उन्हे पढ़ाने से रोक दिया है। वीडियों में पीड़ित छात्र प्रोफेसर द्वारा आतंकी कहे जाने पर उससे बहस कर रहा है। मणिपाल यूनिवर्सिटी ने इस घटना की निंदा करते हुए मामले की जांच के आदेश दिए है। यूनिवर्सिटी के एक अधिकारी ने बताया कि प्रोफेसर पर क्लास में पढ़ाने पर रोक लगा दी है। मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है।



## सुप्रीम कोर्ट ने 114 साल पुरानी बिल्डिंग गिराने के आदेश पर लगायी रोक

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के वर्ली में 114 साल पुरानी नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग को गिराने के आदेश पर सोमवार को अगले साल नौ फरवरी तक रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अंतरिम आदेश देते हुए कहा कि वह इस मामले पर नौ फरवरी को सुनवाई करेगी। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि की गुहार पर बांबे उच्च न्यायालय के 2019 के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें ग्रेटर मुंबई नगर निगम को नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग इमारत गिराने की अनुमति दी गयी थी। श्री वेंकटरमणि ने पीठ के समक्ष 'विशेष उल्लेख' के दौरान इस मामले को उठाया था।

उन्होंने शीघ्र सुनवाई करने तथा कुछ अंतरिम उपाय करने की गुहार लगायी थी। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने अटॉर्नी जनरल की गुहार स्वीकार करते हुए कहा कि हम बांबे उच्च न्यायालय के आदेश पर नौ फरवरी 2023 तक रोक लगाते हैं। हम इस मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी को करेंगे।

## पांच साल में गुजरात में मिले कुल राजनीतिक चंदा में से भाजपा को मिला 94 प्रतिशत, कांग्रेस को पांच प्रतिशत

\- ब्यूरो

- मार्च 2018 से अक्टूबर 2022 तक कुल चंदा मिला 174 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की पिछले पांच वर्षों में इलेक्टोरल बॉन्ड के मार्फत राजनीतिक फंडिंग पर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट बताती है कि गुजरात में कुल राजनीतिक फंडिंग का 94 प्रतिशत भाजपा को मिला है। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण से तीन दिन पहले एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बीते पांच वर्षों में चुनावी बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक चंदे पर एक रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में है कि भाजपा ने गुजरात में कुल राजनीतिक चंदा का 94 प्रतिशत पाया है। जबकि कांग्रेस को करीब पांच प्रतिशत चंदा मिला। एडीआर की रिपोर्ट का खुलासा होने के बाद विपक्षी पार्टी भाजपा पर निशाना साधने लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2018 से अक्टूबर 2022 तक सभी पार्टियों को कुल मिलाकर 174 करोड़ रुपये का चंदा मिला, जिसमें भारतीय जनता पार्टी का हिस्सा 163 करोड़ रुपये था। वहीं, कांग्रेस को केवल 10.5 करोड़ रुपये के चंदा के साथ संतोष करना पड़ा और आप को सबसे कम 32 लाख रुपये मिला। वहीं, अन्य पार्टियों को 20 लाख रुपये मिला। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को 2017-18 के बाद से खरीदे गये सभी इलेक्टोरल बॉन्ड का 65 प्रतिशत या दो-तिहाई प्राप्त हुआ है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) को एसबीआई की गांधीनगर शाखा से एक आरटीआई का जवाब मिला, जिसमें कहा गया था कि 343 करोड़ रुपये के 595 बॉन्ड खरीदे गये हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि अप्रैल 2019 में सबसे अधिक संख्या में इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गये। उनमें से 137 बॉन्ड की कीमत 87.5 करोड़ रुपये की थी। पांच साल की अवधि में सभी राज्यों से कुल 4,014.58 करोड़ रुपये चंदा आये रिपोर्ट में कहा गया है कि पांच साल की अवधि में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त कुल कॉर्पोरेट दान (4,014.58 करोड़ रुपये) में से चार प्रतिशत या 174 करोड़ रुपये गुजरात से आये। रिपोर्ट में कहा गया है कि 74.3 करोड़ रुपये प्रूडेंट इलेक्टोरल नामक एक इकाई से आए हैं। इस ट्रस्ट के जरिये गुजरात की छह कंपनियों ने चंदा दिया।






# मिस्र में प्राचीन ममी में मिली सोने की जीभ

- पिरामिडों के देश मिस्र में पुरातत्वविदों ने प्राचीन मकबरों का लगाया है पता
- कब्रिस्तान में हजारों की तादाद में अलग-अलग कालखंड के हैं मकबरे



**काहिरा (एजेंसी)।** पिरामिडों के देश मिस्र में पुरातत्वविदों ने प्राचीन मकबरों का पता लगाया है। इन मकबरों के अंदर सोने की जीभ वाली ममी मिली हैं। अधिकारियों का कहना है कि क्वैसना नार्कोपोलिस में कई ममी मिली हैं। इस कब्रिस्तान में हजारों की तादाद में मकबरे हैं जो देश के इतिहास के अलग-अलग कालखंड के हैं। माना जाता है कि इन ममी के असली जीफ को निकालकर उनकी जगह पर ये सोने की जीभ एक खास मकसद से लगायी गयी थी। प्राचीन मिस्र में माना जाता था कि इंसान की मौत के बाद वह देवता ओसिरिस के पास जाता है और सोने की जीभ की मदद से वह बात कर पाता है। मिस्र की मान्यता के मुताबिक ओसिरिस देवता 'लॉर्ड ऑफ द अंडरवर्ल्ड' कहे जाते हैं और मरे हुए लोगों के साथ न्याय करते हैं।

देवता ओसिरिस प्राचीन मिस्र के सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक हैं। मान्यता के मुताबिक ओसिरिस मृतकों के देवता हैं और उनकी मौत हो गयी थी। उन्हें कई टुकड़ों में काटकर पूरे शव को मिस्र के कई इलाकों में फेंक दिया गया था। ओसिरिस की बहन और पत्नी आइसिस ने सभी टुकड़ों की खोजकर करके फिर से एकजुट किया था और फिर से अपने पति को जिंदा कर दिया था।

### कई अन्य पुरावशेष भी मिले

खोजों में कई अन्य पुरावशेष भी मिले हैं। इनके बारे में मिस्र के पर्यटन मंत्रालय ने अपने फेसबुक पेज पर ऐलान किया। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि ताजा खोज में अभी कितनी ममी मिली हैं और कितनी ममी के अंदर सोने की जीभ है। इस ताजा खोज को क्वैसाना पुरातत्व परिसर में अंजाम दिया गया है जिसमें विभिन्न काल के मकबरे हैं।